दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 31 दिसंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 270 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

ये अच्छा हुआ। भागते भूत की लंगोटी तो हाथ लगी। जदयू में चल रही खींचतान के चलते नीतीश कुमार ने अपने हाथ में कमान ले ली। बेचारे चले थे आईएनडीआईए का संयोजक और विपक्ष की ओर से पीएम का चेहरा बनने लेकिन उनका तीर निशाने पर नही बैठा। इसलिए अपनी प्राईवेट लिमिटेड पार्टी जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। अब देखना दिलचस्प होगा की वे कौन सा तीर मारते? उनके तीर के निशाने पर कौन आता है? पलटू राम के नाम से विख्यात नीतीश कुमार यदि लोकसभा चुनाव के पूर्व फिर पलटी मार दे तो ताज्जुब नही होगा।

भगवान श्रीराम के ननिहाल से अयोध्या गया 300 टन चावल, भक्तों के लिए बनेगा भोग

रायपुर/नवप्रदेश। उत्तर प्रदेश के अयोध्या के राम मंदिर में छत्तीसगढ़ से 300 टन चावल भेजे गए हैं। 22 जनवरी को रामलला के मंदिर में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के चावल से भगवान राम को भोग लगेगा। इसके साथ ही देश भर से आने वाले राम भक्तों को प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा। शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवा ध्वज दिखाकर 11 ट्रकों को रवाना किया। 300 टन चावल का इंतजाम छत्तीसगढ़

राइस मिलर्स एसोसिएशन की ओर से किया गया था। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल माना जाता है और ऐसे में हम ननिहाल वालों की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मिल एसोसिएशन ने सीएम को लड्डूओं से तौला

अयोध्या के लिए ट्रकों को रवाना करने का कार्यक्रम रायपुर के वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री जब यहां पहुंचे, तो राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें लड्डुओं से तौला और उन्हें ड्राई फ्रूट की विशाल माला पहनाई। कार्यक्रम में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद सुनील सोनी, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी रजवाड़े भी मौजूद रहीं। राम मंदिर के पास से ही ट्रकों को भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया गया।

यह हमारे लिए सौभाग्य की बात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के राइस मिलर्स बंधुओं ने 300 टन चावल अयोध्या भेजा है। छत्तीसगढ़ की धरती से ऐसा किया गया है, यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। अयोध्या में इस चावल से भगवान को भोग लगेगा। ट्रकों को रवाना करने के बाद मुख्यमंत्री ने राम मंदिर में जाकर भगवान राम से प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुए पूजा भी की।

22 जनवरी को घरों में दीपावली मनाएं पूरा हिंदुस्तान जगमग होना चाहिए : मोदी

अयोध्या (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 30 दिसंबर को अयोध्या पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण बहुत भाग्य से हमारे जीवन में आया है। मैं भारत के 140 करोड़ देशवासियों से हाथ जोड़कर प्रार्थना कर रहा हूं... जब 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम विराजमान हों, तब राम ज्योति जलाएं। दीपावली मनाएं। उन्होंने आगे कहा कि 22 जनवरी को सभी का अयोध्या आना संभव नहीं है। यहां का पूरा कार्यक्रम हो जाने के बाद एक बार परिवार के साथ अयोध्या जरूर आएं। प्रभु राम को तकलीफ हो, ऐसा हम भक्त कभी नहीं सह पाएंगे। हमने 550 साल इंतजार किया है, कुछ दिन और करें। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी, दलित धनीराम मांझी के घर पहुंचे। यहां उन्होंने चाय पी। बच्चों ने पीएम के साथ सेल्फी भी ली। मोदी ने अयोध्या में 8 किलोमीटर लंबा रोड शो भी किया। इसके अलावा उन्होंने रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। रेलवे

स्टेशन का नाम अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट अयोध्या धाम रखा गया है। पीएम ने अयोध्या और अन्य स्टेशनों से चलने वाली 2 अमृत भारत और 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। 15 हजार 700 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास भी किया।

भारत नए और पुराने दोनों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा

श्रीराम का भव्य मंदिर बनने के बाद यहां आने वाले लोगों की संख्या में बहुत बड़ी वृद्धि होगी। इसे ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार अयोध्या में हजारों करोड़ रुपए के विकास का काम करा रही है, अयोध्या को स्मार्ट बना रही है। दुनिया में कोई भी देश हो, अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी विरासत को संभालना ही होगा। हमारी विरासत हमें प्रेरणा देती है, हमें सही मार्ग दिखाती है। इसलिए आज का भारत पुरातन और नूतन दोनों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है।

आज लगा अयोध्या सड़क पर उतर आई

एक समय था, जब यहीं अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे। आज पक्का घर सिर्फ रामलला को ही नहीं बल्कि देश के चार करोड़ गरीबों को भी मिला है। आज पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। भारत की मिट्टी के कण-कण और जन-जन का मैं पुजारी हूं। मैं भी उतना ही उत्सुक हूं। ये उत्साह उमंग आज अयोध्या की सड़कों पर नजर आ रहा था। ऐसा लग रहा था कि पूरी अयोध्या नगरी सड़क पर उतर आई।

1943 में बोस ने अंडमान में आजादी का जयघोष किया था

देश के इतिहास में 30 दिसंबर की तारीख बहुत ऐतिहासिक रही है। आज के दिन ही 1943 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अंडमान में झंडा फहराकर भारत की आजादी का जयघोष किया था। आज विकसित भारत के निर्माण को गति देने के अभियान को अयोध्या नगरी से नई ऊर्जा मिल रही है। आज यहां 15,700 करोड़ की 46 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ है।

भिलाई में आरटीओ एजेंट पर ईडी की रेड

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के भिलाई में ईडी की कार्रवाई हुई है। ईडी के अधिकारी पावर हाउस भिलाई में एक आरटीओ एजेंट राजेश मिश्रा के घर पहुंचे हैं। फिलहाल राजेश घर से फरार है। बताया जा रहा है कि, राजेश ने महादेव एप की रकम अपने पास लेकर ब्लैक मनी को वाइट किया है। अफसरों के ये जानकारी बैंक की डिटेल से मिली है। फिलहाल ईडी के अफसर उनके भाई से पूछताछ कर रहे हैं। पूछताछ के दौरान राजेश मिश्रा की बुजुर्ग मां बेहोश भी हो गई। जिन्हें फिर उठाकर घर के अंदर ले जाया गया। राजेश मिश्रा के घर अभी उनके भाई उनकी मां और एक बहन है। जानकारी के मुताबिक राजेश मिश्रा के पिता राधा मोहन मिश्रा भी पहले आरटीओ एजेंट का काम करते थे। उनकी मौत के बाद राजेश आरटीओ का काम देख रहा था।

राजस्थान में 22 मंत्री बने, इनमें 17 पहली बार

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में भजनलाल सरकार मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने 22 मंत्रियों को शपथ दिलाई। इनमें 12 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार), 5 राज्य मंत्री हैं। भाजपा ने श्रीकरणुपर सीट से प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को मंत्री बनाया है। यह राजस्थान में पहला मामला है, जब चलते चुनाव के बीच प्रत्याशी को मंत्री बनाया गया हो। श्रीकरणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण चुनाव कैंसिल हो गए थे, वहां 5 जनवरी को वोटिंग है। नियमानुसार कोई भी वयस्क भारतीय नागरिक बिना विधायक बने छह महीने तक मंत्री बना रह सकता है। सांसद पद छोड़कर विधायक बने किरोड़ीलाल मीणा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ कैबिनेट मंत्री बनाए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन्होंने ली मंत्री पद की शपथ

भजन लाल कैबिनेट में किरोड़ी लाल मीणा, गजेंद्र सिंह खींवसर, राज्यवर्धन राठौड़, बाबू लाल खराड़ी, मदन दिलावर, जोगाराम पटेल, सुरेश रावत, अविनाश गहलोत, जोगाराम कुमावत, हेमंत मीणा, कन्हैया लाल चौधरी और सुमित गोदारा को कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई। इसके अलावा भजनलाल कैबिनेट में संजय शर्मा, गौतम कुमार दक, झाबर सिंह खर्रा, सुरेंद्र पाल सिंह टीटी और हीरा लाल नागर को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जबकि ओटाराम देवासी, डॉ. मंजू बाघमार, विजय सिंह चौधरी, केके विश्नोई और जवाहर सिंह बेडम को राज्यमंत्री की शपथ दिलाई। इस तरह कुल 22 मंत्री बनाए गए हैं।

रेल किराया बढ़ा, प्लेटफॉर्म टिकट महंगा हुआ : राहुल

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र की मोदी सरकार पर लगातार हमलावर है। राहुल गांधी ने बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर मोदी सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स में ट्वीट करके रेलवे किराए और रसोई गैस की कीमत को लेकर कटाक्ष किया है। राहुल ने कहा कि भारतीय रेल ने हर वर्ग का किराया बढ़ा दिया है। किराए में बुजुर्गों को मिलने वाली छूट को भी खत्म कर दिया है। प्लेटफार्म टिकट के भी दाम बढ़ा दिए गए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि जनता की मेहनत की कमाई से निचोड़ा जा रहा यह पैसा क्या 'सेल्फी स्टैंड' बनाने के लिए था? भारत की जनता को क्या

चाहिए? सस्ता गैस सिलेंडर और सुलभ रेल यात्रा? या फिर शहंशाह के बुत के साथ तस्वीर? राहुल ने रेलवे स्टेशन की एक तस्वीर पोस्ट की है। इसमें काफी संख्या में यात्री जमीन पर लेटे हुए हैं और उनके पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ उज्ज्वला योजना का विज्ञापन लगा हुआ है। राहुल गांधी ने ये तस्वीर 30 दिसंबर को ट्वीट की है। हालांकि, उन्होंने ये नहीं बताया कि ये फोटो किस रेलवे स्टेशन की है। कांग्रेस के स्थापना दिवस समारोह में राहुल गांधी ने कहा था - इंडिया गठबंधन और एनडीए में विचारधारा की लड़ाई है। कुछ दिन पर भाजपा के एक सांसद मुझे लोकसभा में मिले। उन्होंने मुझसे कहा- बीजेपी में गुलामी चलती है... जो ऊपर कहा जाता है, वो बिना सोचे समझे करना पड़ता है। बीजेपी में रहकर सहा नहीं जाता। मैं हूं बीजेपी में, मगर दिल मेरा कांग्रेस में है। मैंने कहा- भाई दिल तेरा कांग्रेस में शरीर बीजेपी में। मतलब, दिल शरीर को कांग्रेस में लाने से डर रहा है, यही हो सकता है। मैंने कहा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भगवान राम को अपना उम्मीदवार बना देगी भाजपा : संजय राउत

मुंबई (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या दौरे पर रहे। 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले उनका ये पहला दौरा है। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में एयरपोर्ट और स्टेशन समेत 15 हजार करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को लेकर शिवसेना उद्धव गुट के सांसद और प्रवक्ता संजय राउत ने शनिवार को कहा- भाजपा राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम का राजनीतिकरण कर रही है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ऐसा न हो कि भाजपा अगले चुनाव के लिए भगवान राम को अपना उम्मीदवार घोषित कर दे। राउत ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने के सवाल पर कहा- मुझे कोई निमंत्रण नहीं

मिला है। मुझे वहां जाने के लिए किसी निमंत्रण की जरूरत नहीं है। राम लला किसी पार्टी की संपत्ति नहीं, वह सबके हैं। मैं इतना चाहता हूं कि कार्यक्रम का राजनीतिकरण न हो। मंदिर निर्माण का फैसला सुप्रीम कोर्ट का है, किसी सरकार का नहीं। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में जरूर जाएंगे, लेकिन भाजपा का कार्यक्रम खत्म होने के बाद। किसी को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

साक्षी मलिक और बजरंग के बाद अब विनेश फोगाट ने लौटाया खेल रत्न और अर्जुन अवार्ड

नई दिल्ली (एजेंसी)। कुश्ती की दुनिया में जारी 'दंगल' थमने का नाम नहीं ले रहा है। रेसलर साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया के बाद शनिवार को महिला पहलवान विनेश फोगाट ने भी अपना सम्मान वापस कर दिया है। जब वह सम्मान वापस करने पीएमओ जा रही थीं, इसी दौरान पुलिस ने विनेश को कर्तव्यपथ पर रोक लिया। लिहाजा विनेश ने अपना अर्जुन अवॉर्ड पुरस्कार कर्तव्यपथ बैरिकेड्स पर छोड़ दिया। इससे पहले विश्व चैंपियनशिप में देश के लिए पदक जीतने वाली विनेश फोगाट ने 5 दिन पहले मंगलवार को अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) को वापस लौटाने का ऐलान करते

हुए यह भी कहा कि पहलवान जब न्याय पाने के लिए बुरी तरह से संघर्ष कर रहे हैं ऐसे में इस तरह के सम्मान हमारे लिए निरर्थक बन गए हैं। विनेश ने पीएम मोदी को लिखे पत्र को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उनकी जिंदगी सरकार के उन फैंसी विज्ञापनों की तरह नहीं है जिनमें महिला सशक्तिकरण और उनके उत्थान की बात की जाती है। उन्होंने आगे कहा, मुझे ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया था लेकिन अब इनका मेरी जिंदगी में कोई मतलब नहीं रह गया है। हर महिला सम्मान के साथ समाज में जीना चाहती है। इसलिए प्रधानमंत्री सर, मैं अपना मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार वापस करना चाहती हूं ताकि सम्मान से जीने की राह में ये हमारे लिए बोझ की तरह न रहें। पहलवान विनेश फोगाट को 3 साल पहले 2020 में भारत के सर्वोच्च खेल सम्मान खेल रत्न से सम्मानित किया गया था। इससे पहले उन्हें 2016 में अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। विनेश से पहले ओलंपिक में पदक जीतने वाले बजरंग पूनिया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

इंटरव्यू... छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम के उपकप्तान और आईपीएल स्टार शशांक सिंह से नवप्रदेश की खास बातचीत

युवा खिलाड़ी सपने बड़े रखें, लगनशील रहें तो कामयाबी जरूर मिलेगी

नितेश छाबड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर शशांक सिंह दाएं हाथ के मध्यम क्रम में छठे नंबर पर फिनिशर बल्लेबाज हैं। वे दाएं हाथ से ही मध्यम तेज गति की गेंदबाजी भी करते हैं। शशांक का जन्म भिलाई शहर में हुआ था। उनके पिता की नौकरी के चलते अविभाजित मध्यप्रदेश में अलग अलग जगह उनका ट्रांसफर होता रहा। पेशेवर क्रिकेट की शुरुआत उन्होंने मुम्बई से की। 2019 से वे छत्तीसगढ़ की टीम से जुड़े। आईपीएल में वे दिल्ली, राजस्थान और हैदराबाद की टीम का हिस्सा रह चुके हैं। दिसंबर के महीना उनके लिए बहुत सी खुशियां लेकर आया है। पहले तो वे पंजाब की टीम में 20 लाख रुपए में लिए गए और उसके बाद इस साक्षात्कार को संपादित करते हुए यह खबर मिली कि उन्हें छत्तीसगढ़ की टीम में रणजी ट्रॉफी के लिए उपकप्तान नियुक्त किया गया है। नवप्रदेश के विशेष खेल संवाददाता नितेश छाबड़ा की उनसे टेलीफोन के जरिए बातचीत के प्रमुख अंश........

सवाल : आपकी क्रिकेट की शुरुआत किस तरह से हुई आपको कब लगा कि इसे कैरियर के तौर पर चुनना है ?

जवाब : जब मैं लगभग 13 वर्ष का था, तब पिताजी की पोस्टिंग जबलपुर में थी। उस दौरान वहां अंडर-15 एवं अंडर-17 टीम में खेलने की शुरुआत हुई। उसके बाद मेरा मुम्बई जाना हुआ, तो खेल के प्रति मेरी रुचि देखकर पापा मुझे कोच विद्या पराड़कर के

पास ले गए। मुझे उनका काफी सहयोग मिला। मुम्बई का क्रिकेट का कल्चर और कॉम्पिटिशन देखकर यह लगा कि मुझे अब क्रिकेट ही खेलना है और अच्छे से खेलना है। तब मैंने यह तय किया कि इसी में अपना कैरियर आगे बढ़ाना है। मेरा जन्मस्थान भिलाई है। मेरे जन्म के समय पापा की पोस्टिंग यहीं थी।

सवाल : फर्स्ट क्लास कैरियर की शुरुआत पहले मुंबई से हुई। फिर पुड्डुचेरी और छत्तीसगढ़, इस सफर के पीछे की क्या कहानी है ?

जवाब : मुंबई से मैंने अंडर - 19 से अंडर-25 तक क्रिकेट खेला। फिर वहीं से मैंने लिस्ट-ए टी20 में भी डेब्यू किया। मेरा सफेद गेंद क्रिकेट मुम्बई में अच्छा चल रहा था और टीम में कॉम्पिटिशन भी जबरदस्त था। मेरी ही प्रोफाइल के अभिषेक नायर, शिवम दुबे, शुभम रंजने भी थे। हम चार आलराउंडरों के बीच टफकॉम्पिटिशन था। इस वजह से हमेशा मौका मिलना असंभव था। फिर भी मुझे वहां से टी20 में सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलने का मौका मिलता रहा, पर प्रथम श्रेणी क्रिकेट रेड गेंद में मौका नही बन पा रहा था। उसके बाद अभिषेक नायर पुड्डुचेरी में जब शिफ्ट हुए, तब उन्होंने मुझे भी वहां के लिए प्रेरित किया। मैं भी पुड्डुचेरी में के लिए तैयार हो गया। वहां मुझे 1 वर्ष का कूलिंग पीरियड बिताना था। इसी बीच मेरी बातचीत छत्तीसगढ़ में खेलने के लिए आगे बढ़ी। अभय कुरुविला जी, राजेश दवे जी, विजय शाह जी और ■ शेष पृष्ठ 9 पर

■ न्यूज गैलरी

तमिलनाडु में सड़क हादसे में 5 की मौत, 19 घायल

पुदुकोट्टई(वार्ता)। तमिलनाडु में सड़क हादसे में एक महिला सहित पांच श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चा सहित 19 अन्य घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। तेज रफ्तार सीमेंट से लदे ट्रक ने शनिवार तड़के यहां तिरुचिरापल्ली-रामेश्वरम राजमार्ग पर नमनसमुद्रम गांव में सड़क किनारे एक चाय की दुकान में टक्कर मार दी। इसके अलावा उसने वहां खड़े दो वैन, एक कार और दोपहिया वाहनों को भी टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान जगन्नाथन (60), एस.शांति (49), जे.सुरेश (39), आर.गोकुलकृष्णन और एस.सतीश (25) के रूप में हुई है। सीमेंट की बोरियों को लेकर अरियालुर से शिवगंगा जा रहे ट्रक के चालक मणिकंदन (39) ने बहुत तेज गति होने के कारण वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन चाय की दुकान में घुस गया और फिर दुकान के पास दो वैन, एक कार और दोपहिया वाहनों को भी अपने चपेट में ले लिया। पीड़ित चाय की दुकान पर चाय पी रहे थे, जबकि जो लोग घायल हुए हुए वे वैन और कार में बैठे थे। हादसे के समय श्रद्धालु सबरीमाला और रामेश्वरम की तीर्थयात्रा पर जा रहे थे। घायलों को पुडुकोट्टई सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चार लोगों की हालत गंभीर बताई गई है।

उत्तराखंड के 3 जनपदों में आज हिमपात के आसार

देहरादून(वार्ता)। उत्तराखंड में शनिवार को भी ठंडी हवाओं का दौर जारी है। अधिकांश स्थानों पर हल्की धूप खिली हुई है, लेकिन मैदानी क्षेत्रों के कुछ स्थानों में घना कोहरा है। इसके अलावा, राज्य के तीन जनपदों में हिमपात के आसार हैं। मौसम विभाग द्वारा आज जारी अनुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली तथा पिथौरागढ़ जनपदों के 3500 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी होने की संभावना है। मैदानी क्षेत्र जनपद उधमसिंह नगर में घना कोहरा है। इसी तरह, हरिद्वार से नजीबाबाद, रुड़की और देहरादून में सहारनपुर, दिल्ली मार्ग पर कोहरा अथवा धुंध छाई हुई है। अन्य स्थानों पर हल्की धूप है। मसूरी, चमोली, अल्मोड़ा, नैनीताल में सर्द हवाएं चल रही हैं। सप्ताहांत और नव वर्ष मनाने के लिए पर्यटकों की बड़ी संख्या में आमद के कारण सड़कों पर यातायात का दबाब है। जबकि अधिकांश होटल पूरी तरह भरे हुए हैं।

चीन ने उपग्रह इंटरनेट प्रौद्योगिकियों के लिए परीक्षण उपग्रह लॉन्च किया

बीजिंग(वार्ता)। चीन ने सैटेलाइट इंटरनेट प्रौद्योगिकियों के लिए एक प्रायोगिक सैटेलाइट का शनिार को सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार सैटेलाइट का प्रक्षेपण 'जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर' से 'लॉन्ग मार्च-2सी' रॉकेट द्वारा किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि सैटेलाइट अपनी पूर्व निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गया है। उपग्रह को लॉन्ग मार्च-2सी वाहक रॉकेट द्वारा आज सुबह स्थानीय समयानुसार आठ बजकर 13 मिनट पर लॉन्च किया गया और सफलतापूर्वक अपनी पूर्व निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया। यह लॉन्ग मार्च कैरियर रॉकेट श्रृंखला का 505वां उड़ान मिशन था।

पर्यटकों को लेकर जा रही बस पलटी, 2 की मौत, 55 घायल

कोल्हापुर(वार्ता)। महाराष्ट्र के तम्हिनी घाट पर शनिवार को एक निजी पर्यटक बस के पलट जाने से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गयी और अन्य 55 यात्री घायल हो गये। मानगांव पुलिस के अनुसार पुणे से कोकण जा रही एक निजी पर्यटक बस तम्हिनी घाट में एक तीव्र मोड़ पर पलट गई। घायलो को मानगांव उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक महिलाओं की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है। घटना की जांच की जा रही है।

मैं भी ऐसे ही सीएम बना था, नए चेहरे लाकर चौंकाने पर बोले मोदी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोगों की पसंद भारतीय जनता पार्टी है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच इस बात पर आम सहमति है कि देश को 'मिली-जुली सरकार' की जरूरत नहीं है, क्योंकि ऐसी सरकारों के दौर में उम्मीदों को झटका लगा और दुनिया में भारत की छवि खराब हुई। भाजपा की ओर से तीन प्रमुख राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के रूप में नए चेहरे सामने लाने पर भी उन्होंने बयान दिया। इंडिया टुडे को दिए इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा, 'यह एक ताजा प्रवृत्ति की तरह लग सकता है, लेकिन यह पार्टी के लिए नया नहीं है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि वास्तव में वह भाजपा के भीतर इस परंपरा का सबसे अच्छा उदाहरण हैं। मोदी ने कहा कि जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री बने तो उनके पास कोई पूर्व प्रशासनिक अनुभव नहीं था और वह विधानसभा के लिए भी निर्वाचित नहीं हुए थे। मालूम हो कि नरेंद्र मोदी साल 2001 में केशुभाई पटेल के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री बने। सीएम बनाए जाने के 4 महीने बाद वह राज्य विधानमंडल के लिए चुने गए। पीएम मोदी ने कहा कि आज अधिकांश दूसरी पार्टियां परिवारवादी पार्टियां हैं और उन्हें यह लोकतांत्रिक मंथन कठिन लगता है।

मिली-जुली सरकार की जरूरत नहीं : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा 16 राज्यों में सत्ता में है और 8 में प्रमुख विपक्षी दल है। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा 6 पूर्वोत्तर राज्यों में सरकार में है, जिनमें मुख्य रूप से ईसाई-बहुल नगालैंड और मेघालय शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जहां तक दक्षिण भारत का सवाल है, लोकसभा सीटों के मामले में हम सबसे बड़ी पार्टी हैं।' अगले आम चुनावों के बारे में विश्वास जताते हुए मोदी ने कहा कि लोगों, विशेषज्ञों, जनमत तैयार करने वालों और मीडिया के दोस्तों के बीच भी इस बात पर आम सहमति है कि हमारे देश को मिली-जुली सरकार की जरूरत नहीं है।

भाजपा कैडर-आधारित पार्टी : मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा कैडर-आधारित पार्टी है, जो एक स्पष्ट मिशन से प्रेरित है। इसमें एक ही समय में नेतृत्व की कई पीढ़ियों को साथ लेकर चलने की क्षमता है। यह पूछे जाने पर कि भाजपा किसी भी बड़े दक्षिणी और पूर्वी राज्य में शासन नहीं कर रही है, प्रधानमंत्री ने देश में पार्टी के बढ़ते जनाधार की ओर इशारा किया और कहा, 'देश का कोई कोना नहीं है जहां हमारी पार्टी को समर्थन नहीं है। केरल में स्थानीय निकायों से लेकर कई राज्यों में प्रमुख विपक्षी दल होने तक हमारी पार्टी लोगों के बीच मजबूत काम कर रही है।'

कोरोना वायरस ने फिर बजाई खतरे की घंटी!

एक दिन में 743 नए केस और 7 मरीजों की मौत

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस का संक्रमण एक बार फिर से बढ़ने लगा है। बीते 24 घंटे में कोविड के 743 नए केस मिले जिससे इलाज करा रहे मरीजों की संख्या बढ़कर 3,997 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, शुक्रवार को कोरोना के चलते 7 लोगों की मौत हुई जिनमें केरल से 3, कर्नाटक से 2 और तमिलनाडु व छत्तीसगढ़ से 1 डेथ रिपोर्ट हुई। मालूम हो कि कोविड-19 के नए वैरिएंट छ्ह्ह.1 के दस्तक देने के बाद से इंफेक्शन फिर से बढ़ने लगा है। अलग-अलग राज्यों में इसे लेकर सतर्कता से जुड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

ठंड और कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के कारण हाल के दिनों में संक्रमण के मामलों में तेजी आई है। इससे पहले 5 दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दहाई अंक तक पहुंच गई थी। 2020 की शुरुआत से अब तक लगभग 4 वर्षों में देश भर में कोरोना से लगभग साढ़े 4 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए। इससे 5.3 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4.4 करोड़ हो गई है। स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है। देश में कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 220.67 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में देश में 145 संक्रमितों के जेएन.1 से संक्रमित होने की पुष्टि हुई, जबकि नवंबर में ऐसे 17 मामले सामने आए थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जेएन.1 को इसके तेजी से प्रसार को देखते हुए 'विशेष निगरानी' की श्रेणी में रखा। हालांकि, यह भी कहा कि यह वैश्विक लोक स्वास्थ्य को कम जोखिम पैदा करता है। केंद्र सरकार ने देश में कोविड के मामलों की संख्या में वृद्धि और जेएन.1 की उपस्थिति की पुष्टि होने के बीच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से निरंतर सतर्क रहने को कहा है।

देश में जेएन.1 के 162 मामले

देश में जेएन.1 के अब तक कुल 162 मामले आए हैं। इनमें भी केरल में सबसे अधिक 83 लोग इससे संक्रमित हैं, जबकि 34 मामलों के साथ गुजरात दूसरे स्थान पर है। इंडियन सार्स-सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनसएसीओजी) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक, कई राज्यों ने पिछले कुछ हफ्तों में कोविड के मामलों में वृद्धि की जानकारी दी है। 9 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों ने अब तक वायरस के नए वैरिएंट जेएन.1 से संक्रमण की पुष्टि की है। जेएन.1 से संक्रमण के केरल में 83, गुजरात में 34, गोवा में 18, कर्नाटक में 8, महाराष्ट्र में 7, राजस्थान में 5, तमिलनाडु में 4, तेलंगाना में 2 और दिल्ली में एक मामले की पुष्टि हो चुकी है।

मोदी खत्म करवा सकते हैं गाजा में जंग : इमाम बुखारी

नई दिल्ली। दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गाजा में जारी जंग खत्म करने के लिए इजराइल पर कूटनीतिक दबाव डालने की गुजारिश करते हुए शुक्रवार को कहा कि मुस्लिम जगत इजराइल-फलस्तीन संघर्ष में अपनी जिम्मेदारियां नहीं निभा पाया है। युद्ध से 21,300 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है और मानवीय संकट खड़ा हो गया है। बुखारी ने एक बयान में कहा कि फलस्तीन का मसला एक ऐसे स्तर पर पहुंच गया है जहां द्विराष्ट्र सिद्धांत के आधार पर संयुक्त राष्ट्र, अरब लीग और खाड़ी सहयोग परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के आलोक में इसका तत्काल और स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। 'मुस्लिम जगत इस संबंध में अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा नहीं कर पाया है और उसे जो करना चाहिए, वह नहीं कर रहा है तथा यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।' बुखारी ने कहा, ;मुझे उम्मीद है कि मेरे देश के प्रधानमंत्री इजराइल के प्रधानमंत्री के साथ अपने व्यक्तिगत रिश्तों के जरिये जंग खत्म करने और मसलों को हल करने के लिए कूटनीतिक दबाव डालेंगे।' भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें इज़राइल-हमास संघर्ष में तत्काल मानवीय युद्धविराम के साथ-साथ सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई की मांग की गई थी। बता दें कि सात अक्टूबर को इजरायल में हमास के अचानक हमले के बाद से ही इजरायल ने भी गाजा में तबाही मचा रखी है। इजरायल का कहना है कि जब तक हमास का खात्मा नहीं हो जाता वह युद्ध विराम नहीं करेगा।

आतंकी हाफिज की हिफाजत में जुटा पाकिस्तान

■ **भारत को सौंपने से सीधा इनकार**

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान से मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड आतंकी हाफिज सईद को प्रत्यर्पित करने को कहा है। भारत हाफिज सईद पर कई मुकदमे चलाना चाता है।

हालांकि पाकिस्तान के बयान से पता चलता है कि वह आतंकियों की सुरक्षा की हर संभव कोशिश करने में लगा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता का बयान सामने आया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा, यह बात जाननी जरूरी है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी प्रत्यर्पण संधि मौजूद नहीं है। मुमताज ने कहा, पाकिस्तान को भारत की तरफसे एक अनुरोध मिला है जिसमें का गया है कि तथाकथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाफिज सईद को सौंप दिया जाए। यह ध्यान रखा जरूरी है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी प्रत्यर्पण संधि नहीं हुई है। बता दें कि भारत में एनआईए ने हाफिज सईद पर कई केस दर्ज किए हैं। यूएन ने भी सईद को आतंकी घोषित कर दिया है। सऊद पर आतंकी फंडिंग का भी केस चल रहा है। लेकिन पाकिस्तान हाफिज सईद के साथ खड़ा है। भारत ने सईद के बेटे तल्हा सईद के पाकिस्तान में चुनाव लड़ने की खबरों पर भी गौर किया और कहा कि उस देश में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठनों को मुख्यधारा में आना कोई नई बात नहीं है और यह लंबे समय से उसकी राज्य नीति का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि आतंकवादी के प्रत्यर्पण के लिए कुछ दस्तावेजों के साथ पिछले दिनों इस्लामाबाद को अनुरोध भेजा गया। बागची ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि हाल में प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध भेजा गया था। उन्होंने कहा, ''जिसका जिक्र हो रहा है, वह भारत में कई मामलों में वांछित है।

इंडोनेशिया में 6.3 तीव्रता का भूकंप

जकार्ता(वार्ता)। इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत आचे में शनिवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गयी। इससे हालांकि बड़ी लहरें नहीं उठीं और ना ही सुनामी की कोई चेतावनी जारी की गयी। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भू-भौतिकी एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय समयानुसार आज तड़के 05:19 बजे आए भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। भूकंप का केन्द्र, आचे जया रीजेंसी की राजधानी कैलांग शहर से 372 किमी दूर और जमीन की सतह से 12 किमी की गहराई में स्थित है। अभी तक इस भूकंप के कारण किसी प्रकार के जान-माल के नुकसन की खबर नहीं है।

मुस्लिम महिलाओं को जोड़ने के लिए बीजेपी का स्पेशल प्लान, नए साल पर शुरू करेगी 'शुक्रिया मोदी भाईजान' अभियान

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले आगामी लोकसभा चुनाव में मुस्लिम महिलाओं को अपने पाले में लाने के लिए भारतीय जनता पार्टी अपना नया अभियान शुरू करेगी। भाजपा का अल्पसंख्यक मोर्चा दो जनवरी से उत्तर प्रदेश के सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 'शुक्रिया मोदी भाईजान' नाम से एक विशेष अभियान शुरू करेगा। इस अभियान के तहत मोर्चा हर लोकसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करेगा जिसमें कम से कम 1,000 मुस्लिम महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। मुस्लिम महिला मतदाताओं को रिझाने की इस योजना की टैगलाइन 'ना दूरी है ना खाई है, मोदी हमारा भाई है' रखी गई है। उत्तर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 'शुक्रिया मोदी भाईजान' कार्यक्रम में मुस्लिम महिलाओं को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा उनके लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही उन्हें यह बताया जाएगा कि उन्हें आखिर भाजपा को वोट क्यों देना चाहिए।

मोदी सरकार के कामों के बारे में बताया जाएगा

अध्यक्ष ने बताया कि इन सम्मेलनों के जरिए कोशिश की जाएगी कि मुस्लिम महिलाओं को उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, हज का कोटा बढ़ाया जाना, महिलाओं को महरम व्यक्ति के साथ ही हज पर जाने की अनिवार्यता खत्म किया जाना, मुस्लिम बच्चों को छात्रवृत्ति समेत समुदाय को लाभ पहुंचाने वाली तमाम योजनाओं के बारे में बताया जाएगा।

सावधान! साल के आखिरी और 2024 के पहले दिन बिगड़ने वाला है मौसम

नई दिल्ली। उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सर्दी से लोगों की कंपकंपी छूट रही है और शहर घने कोहरे में डूबे हुए हैं। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव के आसपास नजर आ रहे हैं। तापमान हड्डियां कंपा देने वाले स्तर तक गिर चुका है। यूपी के प्रयागराज, राजस्थान के जयपुर और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जैसे उत्तरी भाग के शहरों में शनिवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। अलग-अलग हिस्सों में लोगों को शीतलहर का भी सामना करना पड़ा। प्रयागराज में आज सुबह न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। लोग मोटे शॉल और कोट में लिपटे हुए हैं। कोहरे और ठंड से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

राजधानी दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार को मध्यम से घना कोहरा रहा। कई इलाकों में दृश्यता में सुधार आया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में दृश्यता 200 मीटर रही जबकि रिज क्षेत्र में यह 500 मीटर दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तरी राजस्थान और उत्तरी मध्य प्रदेश में कोहरे से कुछ हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे मार्गों पर दृश्यता प्रभावित हो सकती है। कोहरे के कारण लगातार चौथे दिन ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। दिल्ली आने वाली 30 रेलगाड़ियां देरी से चल रही हैं। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से 5 डिग्री अधिक है। शनिवार को सुबह में बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान 12-14 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान और यूपी के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कुछ सुधार हुआ है।

सीहोर में आरएसएस कार्यालय पर पथराव, बिजली बंद कर आधी रात को किया हमला

भोपाल। मध्य प्रदेश के सीहोर शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय पर शुक्रवार की मध्यरात्रि को पथराव किया गया। घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी विकास खिची ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और कानूनी कदम उठाए जाएंगे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस को शुक्रवार आधी रात के आसपास आरएसएस कार्यालय पर पथराव की सूचना मिली। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा ने कहा कि कुछ लोगों ने आरएसएस कार्यालय की बिजली बंद कर दी और फिर पथराव किया। उन्होंने बताया कि उस समय कार्यालय में कुछ आरएसएस कार्यकर्ता मौजूद थे। कुशवाहा ने कहा कि पुलिस को सूचना दी गयी और पुलिस अधीक्षक (एसपी) मयंक अवस्थी और अन्य पुलिस अधिकारी आरएसएस कार्यालय पहुंचे। कुशवाह ने कहा कि जिन लोगों ने पथराव किया, वे शहर का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

महिला टीचर ने छात्र के साथ किया खुलेआम रोमांस, बीईओ ने कर दिया सस्पेंड

बेंगलुरु। कर्नाटक की एक शिक्षक खुलेआम 10वीं के छात्र के साथ रोमांस करने लगीं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है। आपको बता दें कि दोनों का यह फोटोशूट चिक्काबल्लापुर में हुआ था। पुष्पलता आर मुरुगमल्ला ग्राम सरकारी हाई स्कूल में पढ़ाती हैं। तस्वीरों में उन्हें छात्र को गले लगाते और उसे चूमते हुए देखा जा सकता है। एक तस्वीर में छात्रा ने उसे गोद में भी उठा रखा है। कर्नाटक के मुरुगमल्ला चिक्कबल्लापुर जिले में 10वीं कक्षा के एक छात्र के साथ एक सरकारी स्कूल शिक्षक के रोमांटिक फोटोशूट की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 10वीं कक्षा के लड़के के माता-पिता नाराज हो गए और उन्होंने बीईओ के पास शिकायत दर्ज कर शिक्षक के व्यवहार की गहन जांच की मांग की।

छह साल के बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने किया हमला

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के गुंटूर में शनिवार सुबह एक छह साल के बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक बच्चे की पहचान कार्तिकेय के रूप में हुई है। वह संपत नगर शिव मंदिर इलाके में कराटे क्लास के लिए जा रहा था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि पांच कुत्ते कार्तिकेय के ऊपर भौंकते हैं और हमला करते हैं। बच्चा वहां से भागने की कोशिश करता है। कुछ ही सेकंड्स के अंदर वहां से गुजर रहा एक मोटरसाइकिल सवार बीच-बचाव करता है और बच्चे को बचाता है।

मणिपुर में फिर एक युवक की गोली मारकर हत्या

इंफाल(वार्ता)। मणिपुर में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने शनिवार को यहां एक मैतेई युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पश्चिमी इंफाल के कदांगबंद के ग्रामीणों ने बताया कि यहां पास के ही पहाड़ी इलाकों से लगातार गोलीबारी कर रहे कुकी उग्रवादियों को रोकने के लिए क्षेत्र के युवा गांव की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान जेम्स नामक एक युवक का गोली लगने से मृत्यु हो गयी। इसके बाद आसपास के पहाड़ी इलाकों से लोग हत्या और लगातार हमलों के विरोध में बाहर आ गए। उन्होंने कहा कि पहाड़ी इलाकों में तैनात सुरक्षाकर्मी उन लोगों के खिलाफकार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जो खुलेआम अत्याधुनिक हथियारों के साथ घूम रहे हैं।

अयोध्या एयरपोर्ट रिकॉर्ड 20 महीने में बनकर तैयार

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश का अयोध्या शहर अपने पहले हवाई अड्डे के साथ एयर कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए तैयार है। भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि इसे 20 महीने के रिकॉर्ड समय में तैयार किया गया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने पिछले साल अप्रैल में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था। इसके अनुसार ही अयोध्या एयरपोर्ट को डेवलप किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अयोध्या हवाई अड्डे के लिए 821 एकड़ भूमि मुहैया कराई गई।

संजीव कुमार ने जोर देते हुए कहा कि अयोध्या के लिए एयर कनेक्टिविटी जरूरी है और हवाईअड्डा प्राधिकरण इस विस्तार से खुश है। उन्होंने कहा कि इससे अधिक संख्या में यात्रियों का आवाजाही बढ़ेगी और अयोध्या में कनेक्टिविटी बेहतर होगी। हम एयरपोर्ट अथॉरिटी में इस विस्तार को लेकर बेहद उत्साहित हैं। मेरा मानना है कि अयोध्या के लोग भी खुश हैं। पीएम मोदी आज इसका उद्घाटन करने वाले हैं। अयोध्या एयरपोर्ट के बनने से श्री राम मंदिर के आसपास के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों (राम की पैड़ी, हनुमान गढ़ी, नागेश्वर नाथ मंदिर और बिड़ला मंदिर) पर भी आवागमन बढ़ेगा। अयोध्या की ओर आने वाले तीर्थयात्रियों को इस एयर कनेक्टिविटी का लाभ उठाएंगे।

भविष्य में टर्मिनल को विस्तार देने का प्लान

एएआई के अध्यक्ष ने नवनिर्मित हवाईअड्डे पर टर्मिनल के विस्तार की संभावना की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा कि अब हवाई मार्ग से भी अयोध्या पहुंचा जा सकेगा। अभी बनाया गया टर्मिनल छोटा है मगर भविष्य में इसका विस्तार किया जाएगा। बता दें कि यह हवाई अड्डा मुख्य अध्योध्या शहर से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर है। उसमें आधुनिक निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। उसे अयोध्या स्टेशन के नए भवन की भांति ही पारंपरिक स्वरूप प्रदान किया गया है। इसका मुख्य द्वार भी इसी तरह बनाया गया है। अयोध्या एयरपोर्ट का पहला चरण 1,450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6,500 वर्गमीटर होगा, जो सालाना लगभग 10 लाख यात्रियों की सेवा करने के लिए तैयार होगा।

कनाडा के एक और खालिस्तानी को गृह मंत्रालय ने घोषित किया आतंक

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को कनाडा स्थित गैंगस्टर और खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के नेता लखबीर सिंह लांडा को गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत आतंकवादी करार दिया है। लांडा, जो पाकिस्तान से भारत में हथियारों और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस की तस्करी की निगरानी करता है, पिछले साल 9 मई को मोहाली में पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय पर रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड हमले का मास्टरमाइंड है। वह इस संबंध में पंजाब पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी का वांछित है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, लांडा कनाडा स्थित खालिस्तान समर्थक तत्वों के साथ भी निकटता से जुड़ा हुआ रहा है, जिसमें खालिस्तान टाइगर फोर्स का मृतक नेता हरदीप सिंह निज्जर और सिख्स फॉर जस्टिस का नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून सहित कई लोग शामिल थे। पंजाब के तरनतारन जिले के हरिके निवासी लांडा फिलहाल कनाडा के एडमोंटन, अल्बर्टा में रहता है। लखबीर सिंह उर्फ लांडा, क्रॉस बॉर्डर एजेंसी द्वारा समर्थित, मोहाली में पंजाब राज्य खुफिया मुख्यालय की इमारत पर कंधे पर लगे रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड के माध्यम से आतंकवादी हमले में शामिल था।

न्यूज गैलरी

रायपुर महापौर की हटाई गई सुरक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के महापौर एजाज ढेबर की सुरक्षा हटा ली गई। कांग्रेस सरकार के वक्त महापौर ढेबर की सुरक्षा में तीन पुलिसकर्मी बतौर पीएसओ पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर ड्यूटी पर लगाए गए थे। ये सार्वजनिक कार्यक्रमों में महापौर के साथ ही हुआ करते थे अब इन्हें हटा लिया गया है। आमतौर पर रायपुर के महापौर को पुलिस सुरक्षाकर्मी दिए जाते रहे हैं मगर इस बार सरकार बदलते ही अचानक ढेबर की सिक्योरिटी को हटा लिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सिर्फ एक पुलिसकर्मी को महापौर के साथ रखा गया है इससे पहले तीन पीएसओ (पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर) महापौर के साथ हुआ करते थे। कांग्रेस नेताओं को दी गई तमाम सुरक्षा का नए सिरे से रिव्यू पुलिस विभाग कर रहा है। जहां जरूरत नहीं वहां से सुरक्षा हटाने का काम शुरू किया जा चुका है। महापौर समेत रायपुर के पूर्व विधायक कांग्रेस नेताओं की सुरक्षा को भी रिव्यू किया गया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य नेताओं की सिक्योरिटी को भी हटाया जा सकता है।

दल्लीराजहरा साइडिंग में मालगाड़ी पटरी से उतरी

रायपुर/नवप्रदेश। सुबह 07:25 को रायपुर रेल मंडल के दुर्ग-दल्लीराजहरा सेक्शन के मध्य दल्लीराजहरा के साइडिंग में खाली मालगाड़ी के वगैन पटरी से उतर गए हैं। इस घटना में किसी भी तरह का जानमाल हानि नही हुआ है एवं न ही दुर्ग-दल्लीराजहरा सेक्शन की मुख्य लाइन पर यातायात प्रभावित हुआ है। यह मालगाड़ी खाली वगैन कर दल्लीराजहरा माइंस जा रही थी और प्लेसमैंट के दौरान मालगाड़ी का एक डिब्बा पलट गया और दो डिब्बे पटरी से उतर गये हैं। दुर्ग - दल्लीराजहरा सेक्शन में कोई भी यात्री गाड़ी प्रभावित नही हुई हैं यात्री गाड़ियों का परिचालन हो रहा है।

मर्चेंट नेवी की नौकरी छोड़ बन गया ठग, दो शातिर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। डोमिनोज की फ्रेंचायजी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले बिहार के दो ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने 25 लाख 77 हजार 500 रुपये की ठगी की थी। टिकरापारा थाना पुलिस और क्राइम की टीम ने सिकंदर कुमार निवासी चरुखिया थाना खुदागंज जिला नालंदा बिहार और सूरज कुमार निवासी भराव पार दुर्गा स्थान थाना लहेरी जिला नालंदा बिहार को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपित फरार है। इनके खाते से छह लाख रुपये होल्ड करवाए गए हैं। सिकंदर कुमार 2020-21 में मर्चेंट नेवी में काम किया। इसके बाद नौकरी छोड़ कर वह ठगी करने लगा। आरोपितों के कब्जे से प्रकरण से संबंधित नौ मोबाइल फोन, नौ एटीएम कार्ड, फिंगर प्रिंट स्केनर, आधार कार्ड, वोटर आइडी और पासपोर्ट जब्त किया गया है। शनिवार को मामले का राजफाश करते हुए एएसपी लखन पटले ने बताया कि प्रार्थी सुदिप्ता धारा निवासी संतोषी नगर ने थाना टिकरापारा में ठगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। प्रार्थी ने डोमिनोज की फ्रेंचाइजी के लिए गूगल में सर्च किया था। वहीं से गूगल सर्च में ठगों का विज्ञापन मिला था। इसके बाद फोन में बात करने के बाद आरोपितों ने प्रार्थी को अपनी बातों में लेकर डोमिनोज फ्रेंचाईजी दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग बहाने से अलग- अलग किश्तों में कुल 25,77,500 रुपये जमा करवा लिए थे। रिपोर्ट के बाद पुलिस और क्राइम की टीम ने मामले की जांच शुरू की और बैंक खाते और मोबाइल नंबर की जांच के बाद छह सदस्यीय टीम को बिहार रवाना किया गया। आरोपित लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे थे। पुलिस ने जांच कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया।

किसान और राइस मिलर्स हमारी अर्थव्यवस्था के दो पहिए : विष्णुदेव साय

■ छत्तीसगढ़ राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव शनिवार को प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय का समारोह में मिलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने ड्रायफ्रूट की माला, साफा और गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने अभिनंदन समारोह के आयोजन के लिए मिलर्स एसोसिएशन को धन्यवाद देते हुए नववर्ष की अग्रिम बधाई दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि धान की फसल हमारे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का आधार है। किसान और राइस मिलर्स हमारी अर्थव्यवस्था को दो पहिए हैं। हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती और गतिशीलता के लिए दोनों पहियों की मजबूती और गतिशीलता बहुत जरूरी है। यह जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ सरकार की है। हम मिल-जुलकर प्रदेश के चावल उद्योग को नयी ऊंचाइयों पर स्थापित करेंगे। सीएम ने कहा कि हम सबके लिए बहुत खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ में धान का उत्पादन लगातार बढ़ा है। इससे चावल उद्योग के क्षेत्र में नयी संभावनाओं का जन्म हो रहा है। आज छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा

चावल के महत्वपूर्ण निर्यातक राज्य के रूप में स्थापित हो चुकी है। अभी छत्तीसगढ़ में परिवहन के क्षेत्र में बहुत कुछ करना शेष है। अन्य राज्यों से हमारी कनेक्टिविटी बढ़े, रेल नेटवर्क और मजबूत हो, साथ ही एयर कनेक्टिविटी भी मजबूत होनी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी अध्यक्षता में हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 23 वीं बैठक में छत्तीसगढ़ में कार्गो हब बनाने की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके निर्माण से प्रदेश में व्यापार-व्यवसाय फलेगा-फूलेगा। कल ही राज्य के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा हुआ है। परिवहन विभाग की जिम्मेदारी मेरे पास है। परिवहन के विकास के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में हम नये आयाम स्थापित करेंगे।

तेजी से मिलिंग करने मिलर्स से की अपील

मिलर्स एसोसिएशन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मिलर्स और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है कि कस्टम मिलिंग का काम बहुत तेजी से किया जाए, ताकि छत्तीसगढ़ के कोटे का चावल सेंट्रल पूल में तेजी से जमा कराया जा सके। मुख्यमंत्री साय ने राज्य के सभी मिलर्स से पूरी क्षमता से और तेजी से मिलिंग करने की अपील की।

छत्तीसगढ़ में राइसमिल बड़ा व्यवसाय

प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की भूमि और भगवान श्री राम का ननिहाल है। छत्तीसगढ़ से भांचा राम के लिए सुगंधित चांवल भेजा जा रहा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राईस मील बड़ा व्यवसाय है। कृषि की प्रगति में भी राईस मिलर्स का बड़ा सहयोग है। सांसद सुनील सोनी एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

आपका मेरे प्रति अटूट विश्वास मुझे नवऊर्जा प्रदान करता है: ओपी चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी के रायपुर निवास में छात्रों का समूह पहुंचा और श्री चौधरी से मुलाकात कर उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। श्री चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर समस्याओं के निदान का निर्देश दिया। कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने अपने पोस्ट में लिखा कि आज निवास स्थान, रायपुर में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी व समस्याओं के अति शीघ्र निदान हेतु उन्हें आश्वस्त कर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आप सभी से प्राप्त स्नेह और मेरे प्रति आपका अटूट विश्वास ही मुझे जनसेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए नव ऊर्जा प्रदान करता है।

संविदा डॉक्टरों नहीं मिलेगा वेतन रद्द हुआ वेतन का आदेश

रायपुर/नवप्रदेश। डेंटल कॉलेज के संविदा डॉक्टरों को दूसरे मेडिकल कॉलेजों से वेतन देने संबंधी आदेश रद्द कर दिया गया है। ऐसा नियम पहली बार बनाया गया था। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस नियम को गलत भी बताया था, लेकिन तत्कालीन स्वास्थ्य सचिव ने अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए यह नियम बनाया था। इस संबंध में डीएमई को आदेश देकर नियम का पालन करने को कहा था। आदेश के बाद डीएमई कार्यालय उहापोह में था कि आखिर ऐसे नियम का पालन कैसे कराएं? नए स्वास्थ्य सचिव ने अब इस आदेश को ही रद्द कर दिया गया है। डेंटल कॉलेज के दो एसोसिएट प्रोफेसर को प्रोफेसर पद पर प्रमोशन कर दुर्ग व राजनांदगांव के सरकारी मेडिकल कॉलेजों से वेतन देने की तैयारी की जा रही थी। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि संविदा डेंटल के डॉक्टरों को किसी मेडिकल कॉलेज से वेतन दिया जाए। चूंकि आदेश हेल्थ सेक्रेटरी का था इसलिए मातहत अधिकारियों को मजबूरी में ये आदेश डेंटल कॉलेज को जारी करना पड़ा। इसके बाद हेल्थ सेक्रेटरी ने इस नियम को ही रद्द कर दिया। इस संबंध में उन्होंने डीएमई के स्थापना शाखा से भी राय ली तो अधिकारियों ने कहा कि ऐसा कभी नहीं हुआ। जब नियमों की पड़ताल की गई तो ऐसा नियम है ही नहीं। हां, नियमित सीनियर डॉक्टरों को दूसरे कॉलेज से वेतन दिया जाता है। जिन दो डॉक्टरों को दूसरे मेडिकल कॉलेज से वेतन देने की तैयारी थी, वे अभी भी संविदा में सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें उसी विभाग में प्रोफेसर प्रमोट करना था, जबकि सेटअप में वह पद ही नहीं था।

रायपुर विकास प्राधिकरण हुआ कर्ज मुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) द्वारा कौशल्या माता विहार के विकास हेतु सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा सदर बाजार, रायपुर से कुल 600 करोड़ रूपए ऋण लिया गया था। इस पूरी ऋण राशि का भुगतान रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के आवास एवं पर्यावरण सचिव महादेव कांवरे द्वारा आज रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लिए गए ऋण के भुगतान की अंतिम किस्त के रूप में सेन्ट्रल बैंक ऑफइंडिया शाखा सदर बाजार रायपुर के चीफ मैनेजर रिकवरी राजीव सिंग एवं सीनियर मैनेजर विमल नायर को 04 करोड़ 45 हजार 147 रूपए

का चेक सौंपा गया। इसके साथ पूरी ऋण राशि का भुगतान संबंधित बैंक को कर दिया गया है। इस अवसर पर रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू सहित प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। रायपुर विकास प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेन्ट्रल बैंक से ली गई कुल ऋण राशि में से बकाया ऋण राशि 334 करोड़ रूपए का पिछले डेढ़ वर्ष की अवधि में भुगतान कर रायपुर विकास प्राधिकरण कर्ज से मुक्त हो गया है। वर्तमान में आरडीए पर किसी भी बैंक का किसी प्रकार का कोई ऋण बकाया नहीं है। इसके पूर्व 28 दिसम्बर 2023 को प्राधिकरण द्वारा 20 करोड़ रूपए की राशि का चेक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा सदर बाजार रायपुर को दिया गया था। गौरतलब है कि कौशल्या माता विहार के अंतर्गत कुल 16 सेक्टर विकसित किये गये हैं, जिसमें आवासीय भूखंड तथा व्यावसायिक भूखंड का विकास किया गया। कौशल्या माता विहार में लगभग 153 नग स्थल उद्यान विकास के लिए आरक्षित हैं, जिसका क्षेत्रफल लगभग 98 एकड़ है।

छग की शिक्षा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की होगी कोशिश : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा किसी भी राज्य के विकास का महत्वपूर्ण आधार होती है हमारी कोशिश होगी कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर चाहे वह स्कूली हो या फिर उच्च शिक्षा उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर लाने की कोशिश होगी। यह कहना है छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का जिन्होंने शुक्रवार देश शाम विभाग बटंवारे के बाद पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। विभाग मिलने के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए कहा की सभी मंत्रियों को उनकी योग्यता के हिसाब से विभाग दिए गए हैं। निश्चित रूप से भाजपा सरकार अच्छा प्रदर्शन करेगी और छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में काम करेगी। श्री अग्रवाल ने कहा की छत्तीसगढ़ में करीब 8 लाख सरकारी कर्मचारी है उनमें से लगभग चार लाख कर्मचारी अकेले स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा में काम कर रहे है। ऐसे में मुख्यमंत्री ने मुझे एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने मोदी की नई शिक्षा नीति को राज्य में लागू

करने की जिम्मेदारी दी है हमारी कोशिश होगी कि छत्तीसगढ़ की शिक्षा को राष्ट्रीय स्तर पर स्थान दिलाया जाए ऐसी शिक्षा जिससे छत्तीसगढ़ के बच्चों का बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके। बृजमोहन अग्रवाल को उच्च शिक्षा स्कूली शिक्षा के साथ ही पर्यटन, धर्मस्थ और संस्कृति विभाग की भी जिम्मेदारी गई है। जिस पर श्री अग्रवाल का कहना है कि पर्यटन धर्मस्थ और संस्कृति के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पहचान पूरे देश और दुनिया में बनाने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा है कि राजिम कुंभ को पहले से ज्यादा बेहतर और भव्य रूप में फिर से शुरू किया जाएगा।

पश्चिमी विक्षोभ ने बदली हवा की दिशा, छग में ठंड से राहत

रायपुर/नवप्रदेश। पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है और पूर्व से आने वाली हवाओं में नमी की मात्रा ज्यादा है। इसके चलते आने वाले दिनों में भी न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की उम्मीद है।

आने वाले पांच से छह जनवरी तक मौसम का मिजाज ऐसे ही रह सकता है। शनिवार 30 दिसंबर से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी शुरू होगी और पांच जनवरी तक मौसम का मिजाज ऐसा ही रहने की संभावना है। उसके बाद सात जनवरी से न्यूनतम तापमान में गिरावट आने और ठंड बढ़ने की उम्मीद है।

मौसम का हाल जानिए अपडेट

गुरुवार को रायपुर सहित प्रदेश का मौसम शुष्क रहा। हवा में आ रही नमी के चलते सुबह के साथ ही रात में भी ठंडकता थोड़ी बढ़ी है। इन दिनों गर्म कपड़ों

के स्टालों में ग्राहकों की भीड़ के साथ ही लोगों को अलाव तापते भी देखा जा सकता है। गुरुवार को रायपुर का न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। प्रदेश में अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा,यहां का न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है और हवा में नमी की मात्रा ज्यादा आ रही है। हवा की दिशा अभी पूर्वी ही रहने की संभावना है। इसके चलते न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है।

मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि नए साल के पहले ही दिन यानि एक जनवरी को सरगुजा संभाग के कुछ जिलों में बारिश के आसार है। इसके साथ ही रायपुर, बस्तर, दुर्ग व बिलासपुर संभाग में बादल छाए रहने की उम्मीद है। विभाग का कहना है कि इसकी वजह से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी।

बीमारी के उपचार का झांसा देकर ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के कोतवाली और टिकरापारा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग लोगों को उनकी बीमारी का उपचार करने का झांसा देकर सम्मोहन (हिप्नोटाइज) कर ठगी की गई। इस मामले में पुलिस ने एक संदेही को हिरासत में लिया है। साथ ही ठगी के लगभग दो लाख रुपये बरामद किए गए हैं। वहीं, घटना में शामिल अन्य ठगों की पुलिस तलाश कर रही है। ये बुजुर्ग और महिलाओं को उनकी बीमारी ठीक करने का झांसा देकर ठगी करते थे।

पुलिस ने गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में राजस्थान से आकर रह रहे आरके पठान उर्फ सलाउद्दीन को हिरासत में लिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले 80 वर्षीय बुजुर्ग रामगोपाल ब्यास के मुताबिक मंगलवार को वह सुबह सब्जी खरीदने शास्त्री बाजार गए थे।

15 जनवरी तक विलंब शुल्क के साथ जमा होंगे ओपन स्कूल के आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित मुख्य एवं अवसर परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 है। इस निर्धारित तिथि के पश्चात 01 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक 500 रूपए विलंब शुल्क के साथ छात्र-छात्राएं परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं। छात्र प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने समीपस्थ अध्ययन केन्द्र में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं और अपने समीपस्थ अध्ययन केन्द्रों में बिना विलंब शुल्क के 31 दिसम्बर 2023 तक जमा कर सकते हैं। अध्ययन केन्द्रों की सूची कार्यालयीन वेबसाईट

https:// www.sos.cg.nic.in/ में उपलब्ध है। इसके साथ ही राज्य कार्यालय की पोर्टल में जाकर छात्र इस वर्ष से ऑनलाईन प्रवेश आवेदन भर सकते हैं तथा आवश्यक दस्तावेजों के अपलोड कर भुगतान कर सकते हैं। पूर्ण भरे हुए ऑनलाईन आवेदन फॉर्म एवं संलग्न दस्तावेजों का प्रिन्ट आउट ले जाकर अपने चयनित अध्ययन केन्द्र में जाकर दस्तावेजों का सत्यापन कराए। दस्तावेज एवं शुल्क की पावती अध्ययन केन्द्र से प्राप्त कर सकते हैं।

दर्श चौधरी बने ताइक्कांडो चैम्पियन

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राजकमल सिंघानिया के नाती दर्श चौधरी उम्र 10 वर्ष ने विगत दिनों बेंगलुरू में आयोजित 38 वी नैशनल ताइक्कांडो चैम्पियनशिप (itf) 2023 के फाइनल में गोल्ड मेडल जीता कर कम उम्र के बच्चों की प्रतियोगिता में जीत दर्ज करायी है। देश के ख्यातिनाम कोच मृत्युंजय राय ने बताया कि दर्श चौधरी 7 साल की उम्र से ही ताइक्कांडो खेल के प्रति अपनी लगन जाहिर कर दी थी वे स्कूल

के अलावा स्टेट चैम्पियनशिप मे भाग लेते रहे और कड़े परिश्रम के चलते दर्श चौधरी ने ये मुकाम हासिल किया है निश्चित ही दर्श चौधरी एशियन गेम्स, ऑलंपिक खेल मे भी भाग लेंगे जिसकी संभावना साफदिखाई देती हैं।

उल्लेखनीय है कि बेंगलुरु में आयोजित ताइक्कांडो प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रदेशों के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया था जिसमें दर्श चौधरी ने हर क्वालीफाई राउंड मे अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को पछाड़ कर ये मुकाम हासिल किया है. दर्श चौधरी lamartiniere boys स्कूल कोलकाता के 5 वी कक्षा के छात्र हैं।

प्रापर्टी डीलर के घर चोरी कर खरीदा गाड़ी और गृहस्थी का सामान, पति-पत्नी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रापर्टी डीलर के घर 30 लाख के जेवर और नकदी चोरी करने वालो आरोपित पति-पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित अविनाश गिरी गोस्वामी और उसकी पत्नी बिंदिया गोस्वामी उर्फ बिंदी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित अविनाश गिरी गोस्वामी थाना कोतवाली जिला महासमुंद का हिस्ट्रीशीटर है। 10 दिन पहले ही चोरी के मामले से जेल से छूट कर आया था। आरोपित की पत्नी बिंदिया प्रापर्टी डीलर के घर बाई का काम करती थी।

आरोपित यहां से चोरी करने के बाद फरार हो गए थे। उन्हें कांकेर से गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से चोरी की नकदी रकम 11 लाख 69 रुपये, सोने के ब्रेसलेट, तीन घड़ी और चोरी के पैसों से क्रय किया गया सोने के जेवरात, एक दोपहिया वाहन, आलमारी, पलंग, फ्रीज, वाशिंग मशीन, गद्दा, मिक्सी, पंखा, टीवी, होम थियेटर एवं अन्य सामान जब्त किया गया है। सिविल लाइन थाने में प्रार्थी दीपक गाइन ने 23 दिसंबर को चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। वे न्यू शांति नगर गली नंबर 02 सिविल लाइन में रहता हैं और प्रापर्टी डीलिंग, मछली पालन एवं सब्जी का व्यवसाय करते हैं। प्रार्थी का दो मंजिला मकान है, जिसमें प्रार्थी अपने परिवार के साथ ऊपर रहता है। नीचे उसका आफिस है। प्रार्थी के साथ उसका भतीजा पिंटू गाइन भी रहता है। प्रार्थी के घर में तीन मेड काम करते हैं। घटना की रात 11.15 बजे के आस-पास प्रार्थी घर में था उसी समय मकान में धुंआ फैल रहा था। नीचे प्रथम तल में जाकर देखा तो आफिस का ताला टूटा हुआ था। प्रार्थी कमरे में जाकर देखा तो आग जल रही थी आफिस की आलमारी का लाकर टूटा हुआ था, कम्प्यूटर, हार्ड डिस्क एवं कैमरा का पाइंट एवं अन्य दस्तावेज जल गए थे। दूसरे कमरे में जाकर देखा तो वहां रखा आलमारी का ताला टूटा हुआ था। आलमारी में रखी नकदी रकम, सोने की चैन, एक सोने का ब्रेसलेट, दो चांदी का सिक्का और कमरे में रखा एक नग मोबाईल फोन नहीं था। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दोनों को गिरफ्तार किया।

माशिमं ने ग्रेस मार्क्स को लेकर बदले नियम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने अब विभिन्न विषयों के कुल पूर्णांक के आधार पर कृपांक (ग्रेस) तय कर दिए हैं। अभी तक अधिकतम 20 अंक का कृपांक दिया जाता रहा है, मगर वह कुल पूर्णांक में कितना होगा, यह अभी तय किया गया है। माशिमं ने 30 जून 2018 में बनाई गई कृपांक अंक देने की नीति में संशोधन किया है। माशिमं के सचिव प्रोफेसर वीके गोयल ने बताया कि इसके अनुसार अब अधिकतम 20 अंक तक कृपांक दिए जाएंगे। अधिकतम तीन विषयों में कृपांक दिया जा सकेगा। इससे अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होने पर कृपांक का लाभ नहीं दिया जाएगा। किसी भी विषय में कुल अंकों का अधिकतम 10 प्रतिशत अंक ही कृपांक दिया जाएगा। इसके अनुसार यदि किसी सैद्धांतिक प्रश्न पत्र में 100 अंक हैं तो उसमें 10 अंक कृपांक मिलेगा।

अब ऐसे मिलेंगे अंक

80 और 75 अंकों के सैद्धांतिक प्रश्नपत्र में अधिकतम आठ अंक, 70 अंकों वाले पेपर में सात अंक, 30 और 25 अंकों के सैद्धांतिक और प्रायोगिक प्रश्न पत्र में अधिकतम तीन अंक दिए जाएंगे। 20 अंकों के प्रायोजना प्रश्न पत्र में अधिकतम दो अंक कृपांक के रूप में दिए जा सकेंगे। यह कृपांक नीति माध्यमिक शिक्षा मंडल से होने वाली सभी परीक्षाओं में लागू होगी।

इतने विद्यार्थियों को होगा फायदा

10वीं में तीन लाख 47 हजार और 12वीं में दो लाख 62 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इन बच्चों को आवश्यकता पड़ने पर कृपांक का लाभ मिल पाएगा। बता दें कि माशिमं ने 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए समय-सारिणी घोषित कर दी है। 12वीं की परीक्षा एक मार्च और 10वीं की परीक्षा दो मार्च से शुरू होगी। 10वीं की परीक्षा दो मार्च से शुरू होकर 21 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा एक मार्च से शुरू होकर 23 मार्च तक चलेगी। सुबह 9:00 से दोपहर 12:15 तक परीक्षा चलेगी। प्रायोगिक परीक्षाएं जनवरी में ही स्कूल स्तर पर आयोजित की जाएंगी।

अतिरिक्त विषयों में नहीं मिल पाएगा कृपांक

जारी नीति के अनुसार कृपांक सिर्फ नियमित विषयों में ही दिया जाएगा। यदि कोई छात्र अतिरिक्त विषय लेता है और उसमें अनुत्तीर्ण हो रहा तो भी उसे अतिरिक्त विषयों में कृपांक का लाभ नहीं दिया जाएगा। अभी तक यह अन्य विषयों पर भी दिया जाता रहा है। अब यह सुविधा सिर्फ नियमित विषयों में ही मिल पाएगी। पुरानी नीति में कृपांक के तहत दिए जा रहे अंकों के मापदंड में आंशिक संशोधन किया गया है, ताकि छात्रों को उसका सही तरीके से लाभ मिल सके। इसे ध्यान में रखते हुए नई कृपांक नीति बनाई गई है।

सुनो भाई उधो

आत्माराम के राज

चक्रवर्ती सम्राट महाराजाधिराज आत्माराम के आज खास दरबार लगे हे। मंत्री परिषद के सबो सदस्य दरबार में हाजिर हे। महारानी घला सिंहासन मं विराजमान हे। नरतकी एक फिल्मी गाना %इन्हीं लोगों ने, इन्हीं लोगो ने ले लीना दुपट्टा मेरा% गा के नाच के दरबार में सुंदर माहौल बना के चल दीस। महारानी घला तहां ले रनिवास मं चले गए।

तय एजेंडा के मुताबिक दरबार के कार्रवाई शुरू करे के आदेश महाराज हा मंत्री ल देथे। मंत्री बताथे- महाराज, एक बड़े शिकायत मिले हे जेकर से देश मं अशांति, तनाव, दुख, कलेस, अनियाव, अत्याचार, अनाचार, भ्रष्टाचार अउ अराजकता खुलेआम चारों डहर बढ़त जात हे। एला समे राहत कहूं नइ रोके गिस तब भू-चाल आ जही, देश रसातल मं चले जाही। एकर ऊपर तत्काल गौर करे के जरूरत हे।

परमानंद वर्मा

सम्राट आत्माराम, मंत्रि के बात ल सुन के चउक जथे अउ कहिथे- हैं, मोर देश मं अतेक अनर्गल अउ अतियाचार होवत हे अउ मैं कान मं रुई डार के बेफिकर सोवत हौं। मारे गुस्सा मं तमतमा जथे, चेहरा लाल-बाल हो जथे अउ पूछथे- मंत्री, कोन अइसे दुस्ट हे जउन मोर देश मं आगी लगावत हे, जहर घोरत हे, दुख, अशांति, आतंक अउ भय फयलावत हे। तैं का करत रेहे, तोर आंखी फूटगे रिहिसे, नइ दीखत रिहिसे का? जब आगी बंग-बंगागे, नदिया-नरवा मं पूरा मं सब गांव, खेत-खार बोहागे तब शिकायत करत हस। तहूं ल अभी बरखास्त करत हौं। एकर बहुत बड़े दोसी तहूं हस।

महाराज, ओकर जवाब मं उपमंत्री ल बलाथे अउ कहिथे अइसे कोन शैतान, बदमाश अउ लुच्चा हे ओमन ल पकड़ के दरबार मं हाजिर करे जाय। उपमंत्री बताथे- ओमन ल गिरफ्तार कर ले गे हे महाराज। ओमन परोसी देश के जासूस हे, इहां अशांति अउ आतंक फयलाय बर आय हें। गोपनीय कागजात अउ उपकरण घला बरामद करे गे हे। ओमन अपन नांव दृष्टि अउ वृत्ति बतावत हे।

सम्राट कहिथे- हैं, ये तो हमरे देश के सही नांव लगथे, अइसे तो नहीं गुमराह करे खातिर ओमन नकली नांव रख ले हे। नहीं महाराज, कड़ाई से पूछताछ करेन तब बतइन के जब देश के बंटवारा होइस तब ओमन ओ पार चले गैं। वइसे आय हमरे जात भाई, फेर पेट बेगारी मं नौकरी करत हें।

आत्माराम, मंत्री ल आदेश देथे- अच्छा ओ शैतान मन ल दरबार मं हाजिर करे जाय। दूनों झन ल हाजिर करे जाथे। आते साथ झुकके महाराज ल परनाम करथे।

लम्बा सांस भरत महाराज हा कहिथे- हां तब ये दूनो झन जम्हूरा इहां आके अपन जाल फयला डरे हे। बड़ा चुस्त, चलाक, चतुर अउ हुशियार दीखत हे मंत्री एमन।

दृष्टि अउ वृत्ति सम्राट के तेवर ल देखकर सकपका जथे। वृत्ति कोती आंखी मारत दृष्टि इशारा-इशारा मं चुप रेहे ले बता देथे।

सम्राट मंत्री ल कहिथे- ये शैतान मन कब ले हमर देश मं घुसे हें अउ अब तक का-का करे हें तउन ल पूछे जाय? ओमन मुंबई बम कांड, दिल्ली के संसद, जम्मू-कश्मीर अउ देश भर मं जतका बड़े कांड करे हे तेमा अपन हाथ होय के बात मंजूर करथे।

महाराजाधिराज दृष्टि-वृत्ति के बात ल सुनके सन्न खागे, नारी (नस) जुड़ागे। गुस्सा मं पूछथे- मंत्री, हमर गुप्तचर एजेंसी %रा सीबीआई अउ पुलिस का झख मारत हें, घास छिलत हे? दुश्मन के जासूस हमर देश के छाती मं चढ़के गिद-गिद ले हलावत हे वइसने जइसे बेंदरा मन आमा के पेड़ मं चढ़के हलाथे अउ जम्मो आमा बर-बर ले गिर जथे। का होही मोर देश के, जनता के। मरे बिहान हे। लगथे एमन मोर हत्या करे के %प्लान% करके आए हें?

सम्राट कहिथे- एमन ल अउ पूछ के जासूसी के टरेनिंग कहां ले पाय हें? मंत्री जब दृष्टि अउ वृत्ति ल बने तिखार-तिखार के पूछिस तब ओमन बतइन आईएसआई (पाक), मोसाद (इजराइल), फिलस्तीन ले टरेनिंग पा के आय हें। जइसन एमन बतइस तइसन सम्राट ल मंत्री बता दीस।

मंत्रि ल महाराज कहिथे- ओ चंडाल मन ल बला मोर करा, मैं पूछिहौं- कइसे एमन अपन योजना ल अंजाम देथे।

दूनो चंगू-मंगू हड़बड़ावत सम्राट के आगू मं आके खड़ा हो जथे। पूछताछ शुरू होथे। हां, त बेटा दृष्टि अउ वृत्ति- तुमन दार, भात, रोटी, बासी, रमकेरिया, मुनगा, ढेंस, करेला, चुरचुटिया, भाटा के सब्जी खाथौं के नहीं?

महाराज के सवाल ल सुनके सकपकागे दूनो झन। ओमन गुने लगिन- ये खाना-पीना के जासूसी कांड ले का मतलब?

मतलब हे बेटा, तभे पूछथौं, हमर इहां भारत मं ये चलन हे, आदिकाल ले जइसे खाथे अन्न वइसे होथे मन। सम्राट पूछथे- तुमन दारू, मुरगा, खरगोस, सुअर, चीतल खाथौ न तेकर सेती तुंहर मन हिंसक बनगे हे। सही रदा ल छोड़के पयडगरी मं रेंगत हौ।

सम्राट फेर पूछथे- अच्छा ये बतावौ- तुंहर गुरु कोन हे जउन तुमन ल गलत रदा मं ढकेले हे?

दृष्टि अउ वृत्ति आफत मं परगे। कहूं बतावत हन तब ओती ले मारे जाबो अउ नइ बतावत हन तब एती ये सम्राट ह नइ बचावय। गुलाझाझरी मं परगे दूनो झन, का करयं अउ का नइ करयं?

दूनो सुनता करके निरनय लीन, सम्राट ल बता दे मं भलई हे। ओमन बताथे- हुजुर, हमन खूंखार राजा मन अउ बुद्धि के गुलाम होगे हन, जइसे हुकूम देथे तइसने पालन करथन।

अच्छा करेव बतादेव, नइ बताय रहितेव ते आज तुंहर मन के खड़री निछवा दे रहितेंव। तुमन ल फांसी मं टंगवा दे रहितेंव। आधा सजा माफ कर देंव। सम्राट फेर पूछथे- अच्छा ये बतावौ- तुमन अपन योजना ल कइसन ढंग ले चालू करथौ।

गुप्तचर एजेंसी आईएसआई, मोसाद, हमास के मुखिया मन के इही आदेश हे के पहली लोगन के दृष्टि खराब करौ। मैं वइसने हुबहू करथौं। अउ जइसे मैं देखथौं- ये वृत्ति विचार करथे। हमन दूनो मिलके समाज अउ देश के सबो नागरिक के मन ला दूषित कर देथन। मंदिर, मसजिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा, आश्रम, मठ, पंथ जिहां सब ध्यान, पूजा, पाठ, कीर्तन, यज्ञ, हवन करत रहिथे, सबके मन ल भटका देथन। ओमन सब अनैतिक काम मं लग जथे। भ्रष्टाचार, अनाचार अपने आप शुरू हो जथे।

ओमन बताथे- संसद, मंत्रालय, अस्पताल, उद्योग, युनिवरसिटी, अदालत, थाना, पुलिस हर घर, हर शहर के मनखे मन के दृष्टि, वृत्ति ल भटका देहन। सब लड़त, मरत, कटत हें, नियाव-अनियाव, इज्जत सरेआम सब बेचत हे। कोनो कोना अइसे नइ बांचे होही जउन हमर चपेट मं नइ आय होहीं। कोरोना के हमन बाप हन।

सम्राट, मंत्री ल आदेश देथे- मंत्री एमन ल तुरंत गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल मं बंद कर दे जाय अउ संझा-बिहनिया जल्लाद ल बुलाके रोज तीन-तीन कोड़ा लगाय जाय। अउ सुन %रा% के महानिदेशक ल आदेश करके मन अउ बुद्धि जिहां होय, उहू मन ला गिरफ्तार करवा अउ मोर आघु मं पेश करे जाय। सत्यानाश करत हें देश ल, उहू मन ल माफ नइ करौं। गद्दार हे ओमन।



रघुपति राघव राजा राम सज गया अयोध्या धाम

अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। रामलला दर्शन के लिए देशभर के अलावा इंदौर सहित आसपास के शहरों से बड़ी संख्या में लोग अयोध्या जाएंगे। इसे देखते हुए इंदौर से अयोध्या के लिए सीधी नियमित ट्रेन और इंदौर-अयोध्या के लिए सीधी फ्लाइट की मांग उठी है। ट्रेवल एसोसिएशन की मानें तो सबसे ज्यादा डिमांड इसी रूट की है। इंक्वायरी भी लगातार आ रही है। अभी अयोध्या के लिए सिर्फ एक ट्रेन है। इसमें भी सालभर वेटिंग रहती है। विश्व ब्राह्मण संघ, अग्रवाल समाज, अग्रसेन सोशल ग्रुप, संस्था माहेश्वरी, खंडेलवाल समाज, वैश्य महासम्मेलन सहित विभिन्न समाजों ने कहा कि अयोध्या के लिए 2 और ट्रेन चलाई जाएं। विश्व ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष पं. योगेंद्र महंत ने कहा जल्द ही समाज और संस्थाओं के लोग रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से नियमित ट्रेन और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सीधी फ्लाइट की मांग करेंगे।

उन्होंने कहा सीधी ट्रेन चलने से यात्रियों को काफी फायदा होगा। उधर, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य जगमोहन वर्मा ने कहा इंदौर-अयोध्या ट्रेन के लिए रेलमंत्री से मांग करेंगे। राम मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों ने कहा कि अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर परिसर सीवेज और जल उपचार संयंत्रों के साथ-साथ अपने तरीके से 'आत्मनिर्भर' होगा. मंदिर परिसर में बुजुर्गों, दिव्यांगों और असहाय लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने के भी बड़े प्रयास किए गए हैं. कई खास सुविधाएं इन सभी लोगों के लिए परिसर में मुहैया करवाने पर काम किया जा रहा है राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की ओर से अयोध्या स्थित ट्रस्ट के कार्यालय में एक प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया. इस दौरान भव्य परिसर के लैंडस्केप प्लान को साझा किया गया. चंपत राय का कहना है कि राम मंदिर परिसर की 70 एकड़ जमीन का करीब 70 फीसदी हिस्सा हरित क्षेत्र होगा. ट्रस्ट के पदाधिकारी ने यह भी कहा कि मंदिर कॉम्प्लेक्स अपने तरीके से 'आत्मनिर्भर' होगा. इसमें दो एसटीपी, एक डब्ल्यूटीपी के अलावा पावर हाउस से एक समर्पित लाइन भी होगी. चंपत राय ने इस प्रेजेंटेशन को साझा करते हुए कहा कि? भव्य मंदिर में 392 खंभे होंगे और 14 फीट चौड़ी 'परकोटा' परिधि होगी जो 732 मीटर लंबी होगी.

ननिहाल से आयेगा 3 हजार क्विंटल चावल

अयोध्या में तैयार हो रहे राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख (22 जनवरी) बेहद नजदीक आ गई है. इसलिए अब तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं, ताकि राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही सभी काम पूरे कर लिए जाएं। यूपी के अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के लिए देशभर के साथ-साथ विदेशों से भी चीजें भेजी जा रही हैं. जैसे भगवान राम की ननिहाल छत्तीसगढ़ से तीन हजार क्विंटल चावल आने वाला है तो वहीं उनकी ससुराल नेपाल के जनकपुर से कपड़े, फल और मेवा के साथ-साथ उपहारों से सजे 1100 थाल आने वाले हैं. इसके अलावा भी भारत के अलग-अलग राज्यों से बहुत सारा सामान अयोध्या आएगा. आइए आपको बताते हैं कि कहां से क्या आने वाला है।

अयोध्या धाम आएगा नेपाल का उपहार

अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को होने जा रहे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए नेपाल से रामलला के लिए खास उपहार भेजे जाएँगे। नेपाल अगले महीने अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक के लिए कई तरह के आभूषण, बर्तन, कपड़े और मिठाइयाँ सहित विशेष स्मृति चिह्न भेजेगा। अयोध्या में नेपाल से ये सब उपहार एक खास यात्रा जनकपुरधाम–अयोध्याधाम के जरिए पहुँचाएँ जाएँगे। ये यात्रा 18 जनवरी 2024 को नेपाल के जनकपुरधाम से शुरू होकर जलेश्वर नाथ, मलंगवा, सिमरौनगढ़, गढ़ीमाई, बीरगंज से बेतिया, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर होते हुए 20 जनवरी 2024 को अयोध्या पहुँचेगी। नेपाल के जानकी मंदिर के संयुक्त महंत रामरोशन दास वैष्णव के मुताबिक, नेपाल से भेजा गया खास स्मृति चिह्न रामजन्म भूमि राममंदिर ट्रस्ट को सौंप दिया जाएगा। बताते चलें कि भगवान राम की मूर्ति बनाने के लिए अयोध्या आई शिला भी नेपाल से भेजी गई थी। नेपाल में कालीगंडकी नदी के किनारे से इकट्ठा किए गए शालिग्राम पत्थरों को भगवान राम की मूर्ति बनाने के लिए चुनकर भारत भेजा गया था। इसी शिला से बनी रामलला की मूर्ति को उद्घाटन के दिन मंदिर में स्थापित किया जाएगा। नेपाल, अयोध्या के भव्य राममंदिर को उनके लिए विकास और पर्यटन क्षेत्र में नई संभावनाएँ के द्वार के तौर पर देख रहा है। नेपाल सरकार आस लगा रही है कि दुनिया भर से जो तीर्थयात्री राम के जन्मभूमि में प्रभु का दर्शन करने आएँगे वो माँ सीता के जन्मस्थल की भी यात्रा करेंगे। बताते चलें कि भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने 22 दिसंबर, 2023 को कहा कि दोनों देश जनकपुर और अयोध्या के बीच सिस्टर सिटी रिलेशनशिप स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने जनकपुर को रामायण सर्किट का जरूरी हिस्सा कहा है। रामायण सर्किट की परिकल्पना भारत सरकार ने साल 2014 में की थी। ये भगवान राम के जीवन को दिखता है और इसमें नेपाल के जनकपुर के साथ–साथ रामायण से संबंधित प्रमुख तीर्थ स्थल भी शामिल हैं। बीते हफ्ते नेपाल दूतावास के समन्वय में इनक्रेडिबल चैंबर ऑफ इंडिया ने रामायण सर्किट पर एक सेमिनार किया था। इस मौके पर नेपाली राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने कहा था कि दोनों देश सदियों से एक–दूसरे के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गंतव्य स्थल रहे हैं।

कहां से क्या-क्या आएगा?

1. राम लला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी. इसके बाद भगवान को विशेष भोग लगाया जाएगा, जिसमें ननिहाल के चावल और ससुराल का मेवा शामिल होगा.
2. ननिहाल छत्तीसगढ़ से 3 हजार क्विंटल चावल अयोध्या आएगा. ये अब तक की सबसे बड़ी चावल की खेप होगी, जो अयोध्या पहुंचेगी. इसे छत्तीसगढ़ के जिलों से एकत्र किया गया है।
3. भगवान राम की ससुराल नेपाल के जनकपुर से वस्त्र, फल और मेवा 5 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगे. इसके अलावा उपहारों से सजे 1100 थाल भी होंगे.
4. नेपाल से आभूषण, बर्तन, कपड़े और मिठाइयों के अलावा भार भी आएगा, जिसमें 51 प्रकार की मिठाइयां, दही, मक्खन और चांदी के बर्तन शामिल होंगे।
5. उत्तर प्रदेश के एटा जिले से रामलला के दरबार में अष्टधातु का 21 किलो का घंटा पहुंचेगा. दावा किया जा रहा है कि यह देश का सबसे बड़ा घंटा होगा, जिसकी लागत 25 लाख रुपये है. इसे बनाने में 400 कर्मचारी जुटे हुए हैं।
6. यूपी के एटा से अयोध्या पहुंच रहे घंटे की चौड़ाई 15 फुट और अंदर की चौड़ाई 5 फुट है. इसका वजन 2100 किलो है. इसे बनाने में एक साल का समय लगा है।
7. प्राण प्रतिष्ठा के लिए गुजरात के वडोदरा से 108 फीट लंबी अगरबत्ती अयोध्या भेजी जा रही है, जो बनकर तैयार है। इसे पंचगव्य और हवन सामग्री के साथ गाय के गोबर से बनाया गया है. इसका वजन 3500 किलो है।
8. वडोदरा से अयोध्या पहुंच रही इस अगरबत्ती की लागत पांच लाख से ऊपर है. इसे तैयार करने में 6 महीने का समय लगा है।
9. इस अगरबत्ती को वड़ोदरा से अयोध्या के लिए 110 फीट लंबे रथ में भेजा जाएगा. अगरबत्ती बनाने वाले विहा भरवाड़ ने बताया कि एक बार इसे जलाने पर ये डेढ़ महीने तक लगातार जलती रह सकती है।
10. राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान की चरण पादुकाएं भी वहां पर रखी जाएंगी. फिलहाल, ये पादुकाएं देशभर में घुमाई जा रही हैं.

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1492 इटली के सिसली क्षेत्र से 100,000 यहूदियों को निकाला गया। 1514 बेल्जियम के प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक वोज़ैलियस का ब्रसेल्ज़ में जन्म हुआ। 1711 जॉन चर्चिल मार्लबोरो के पहला राजा के रूप में अंग्रेजी सेना को बहार जाने का आदेश दिया। 1744 अंग्रेजी खगोल विज्ञानी जेम्स ब्रैडली ने पृथ्वी की नाटकीय गति की खोज की घोषणा की। 1756 रूस वर्साइल के गठबंधन में शामिल हुआ। 1758 ब्रिटिश अभियान सेना ने गोरे (डाकर) सेनेगल पर कब्जा कर लिया। 1759 डबलिन में ऑर्थर गिनीज ने 45 प्रति वर्ष की दर से 9,000 साल के पट्टे पर हस्ताक्षर किए और डबलिन में जेम्स ब्रेवरीज का निर्माण शुरू किया। 1775 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध में क्यूबेक की लड़ाई: अमेरिकियों ने ब्रिटिश गढ़ को ले जाने की कोशिश की। 1775 क्यूबेक के युद्ध में अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-पर, ब्रिटिश सेना ने फ्रांसीसी कनाडाई समर्थन को शामिल करने के लिए क्यूबेक सिटींड पर कब्जा करने के लिए महाद्वीपीय सेना के हमले को दोहराया। 1781 अमेरिका का पहला बैंक 'बैंक ऑफनार्थ अमेरिका' खुला।

QUIZ TIME

1) भारतीय रेलवे का सबसे लम्बा रेलवे पुल कौन-सा है?

2) भारत का सबसे गहरा बंदरगाह कौन-सा है?

3) मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किस तिथि को तबला दिवस घोषित किया गया है?

4) हाल ही में अयोध्या रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर क्या रखा गया है?

5) 85वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2023 में पुरुष एकल का खिताब हाल ही में किसने जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बोगीबील ब्रिज, ब्रह्मपुत्र नदी, असम (2) विशाखापत्तनम (3) 25 दिसम्बर (4) अयोध्या धाम जंक्शन (5) मिथुन मंजुनाथ

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:10, सूर्यास्त : 05:39, चन्द्रोदय : 20:29, चन्द्रास्त : 09:47, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुथी, नक्षत्र : मघा, योग : प्रीति, प्रथम करण : विष्टि (09:43 तक), द्वितीय करण : बव (22:46 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : सिंह (29:42 से), मंगल : धनु (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : वृश्चिक (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:59 से 12:40, अमृत काल : 27:56 से 29:42, विजय मुहूर्त : 14:02 से 14:42, गोधूलि मुहूर्त : 17:23 से 17:51, सायाह्न सन्ध्या : 17:26 से 18:49, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:47, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:36 से 14:53, दुर्मुहूर्त : 07:12 से 07:53, होमाहुति : मंगल, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पाताल (09:43 से पृथ्वी), भद्रावास : मृत्यु (09:43 तक), चन्द्रवास : उत्तर (पूर्व 29:42 से)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आपका आज का दिन व्यर्थ के झगड़ो एवं बहस के कारण अशांति से व्यतीत होगा घर मे भाई बंधुओ से धैर्य की कमी के चलते किसी ना किसी बात पर मतभेद होने की संभावना है।

वृषः आपका आज का दिन आर्थिक रूप से पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे देर-अबेर उससे धन प्राप्ति होकर ही रहेगी।

मिथुनः आज के दिन आप घर मे सुख सुविधा बढ़ाने पर विचार करेंगे निकट भविष्य में इनके ऊपर खर्च करना पड़ेगा।

कर्कः आज का दिन आपके धन कोष में वृद्धि करेगा। लेकिन आज लापरवाही भी आपमें कुछ अधिक ही रहेगी महत्त्वपूर्ण कार्यो में टालमटोल का नतीजा हानिकर हो सकता है।

सिंहः आज के दिन आपकी सोची हुई योजनाए विफल रहेंगी। कार्य क्षेत्र अथवा घर मे हानि होने के योग बन रहे है प्रत्येक कार्य देखभाल कर ही करें।

कन्याः आज का दिन भी आपके लिये शुभफलदायी रहेगा। आज आपके विचार अधिकांश कार्य थोड़े से प्रयास के बाद पूर्ण हो जाएंगे।

तुलाः आज का दिन भी आपके लिए बेहतर साबित होगा। दिन के आरंभ में किसी बहुप्रतीक्षित कार्य के पूर्ण होने की संभावना बनेगी जिसके मध्यान तक पूर्ण होने की संभावना है।

वृश्चिकः आज आपका मन आध्यात्म की ओर स्वयं ही आकर्षित होगा। ज्योतिष एवं अन्य गूढ़ रहस्यों को जानने की लालसा रहेगी।

धनुः सेहत के दृष्टिकोण से आपका आज का दिन अशुभ रहेगा।

मकर : आज का दिन आपके लिए विजय दिलाने वाला रहेगा। घर एवं बाहर सर्वत्र आपके कार्य की प्रशंसा होगी।

कुंभः आज दिन के आरंभिक भाग में धन लाभ होगा परन्तु खर्च अधिक रहने के कारण संचय नही कर पाएंगे।

मीनः आज के दिन आपके अंदर बुद्धि विवेक की प्रचुर मात्रा रहेगी फिर आर्थिक कार्यो में संयम नही रख सकेंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -289

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 288 का हल

वि	ज	य		ब	नि	या		दे
वा		ती	त	र		रा	जी	व
ह	मा	म		स	प	ना		ता
	न				टा			
दा	व	त		वि	ना	श		अ
य		ह	त्या			ह	र्जा	ना
रा	ह	त		न	ज	र		व
	वा				मी		ना	श्य
दु	ला	रा		जा	न	की		क

न्यूज गैलरी

महापौर धीरज ने किए महाकाल के दर्शन

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल शनिवार आज सुबह परिवार सहित उज्जैन बाबा के दरबार मे पहुँचकर महाकाल का दर्शन किये। उन्होंने नन्दी हॉल से बैठकर भगवान श्री महाकाल के दर्शन किये और बाबा महाकाल की आराधना की। इसके बाद उन्होंने गर्भगृह में जाकर भगवान का पूजा अर्चन और अभिषेक कर बाबा महाकाल की आरती की। महापौर ने कहा कि बाबा महाकाल के चरणों में पहुंचना और उनकी सेवा का लाभ लेना यह सब उनकी कृपा से ही संभव है। हम सब बाबा महाकाल से मांगने आते हैं। उन्होने कहा आज मेरा परम सौभाग्य है कि भारत के बारह ज्योतिर्लिंग में से एक उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर में पहुँच महाकाल के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दर्शन के दौरान उन्होंने बाबा से समस्त शहर वासियों के सुख, समृद्धि एवं बेहतर स्वास्थ्य की कामना की एंव बाबा से आशीर्वाद लिया।

4-4 लाख की मिली आर्थिक सहायता

पाटन। तहसील कार्यालय में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा आर्थिक सहायता 4 लाख के पांच पालक को 20 लाख का चेक वितरण पूर्व मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, दिनेश साहू सभापति जप, राजेश ठाकुर, महेंद्र वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, कमलेश नेताम कोषाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, रमेश कुर्रे, प्रकाश सोनी तहसीलदार के हाथों से परिजनों को दिया गया। इस मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता में ग्राम भनसूली (के) के दो बच्चियों के याशिका पिता भूषण ढीमर को 4 लाख, रूद्राणी पिता पिंकी लाल ढीमर 4 लाख, संजना ठाकुर/ईश्वरी ठाकुर बरबसपुर 4 लाख, राजेंद्र बारले, प्रभात बारले पत्नी लक्ष्मी बारले भाठागांव (औरी) को 8 लाख का चेक वितरण किया गया।

कल टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित

भिलाई। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2023-2024 के तहत टाउनषिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए विद्युत स्थापना के निवारक रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनषिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और रखरखाव, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का रखरखाव, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं। इस कार्य के तहत टाउनषिप में 01 से 6 जनवरी 2024 के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी।

पुण्य स्मृति दिवस पर प्रसादी वितरण

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रवर्तक लोकमान्य संत पूज्य गुरुदेव श्री रतन मुनि जी महाराज के प्रथम पुण्य स्मृति दिवस पर रतन भोजन प्रसादी भंडारे का आयोजन शनिचरी बाजार दुर्ग में किया गया सुबह 11 से 3 बजे तक चले गौतम प्रसादी वितरण में लगभग 2000 लोगों ने भोजन ग्रहण किया। श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल के सदस्य उत्साह और उमंग के साथअपनी सेवा प्रदान की। जैन समाज के धर्मगुरु मुनि जी की याद में 31 दिसम्बर को रात्रि 9 से 10 तक जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग के परिसर में नवकार महामंत्र जाप अनुष्ठान एवं रतन गुरु चालीसा का आयोजन किया गया था। इस दौरान श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल के सदस्य नितीन संचेती, पदम छाजेड़, राकेश संचेती, टीकम छाजेड़, प्रकाश कांकरिया, अतुल चोरड़िया, प्रेम बेगानी, टोनु छाजेड़, आदित्य नाहर, सौरभ रतन बोहरा, जिनेश जैन, ललीत करनावट, शुशील पारख, अमीत पारख, सुरेश चोपड़ा, लाभ छाजेड़ ने अपनी सेवा समर्पित की। जिसमें श्रमण संध परिवार के अलावा जैन समाज गुरु भक्त परिवार इस अनुष्ठान में शामिल हुए।

आरक्षक भीम की पत्नी को ईडी ने जारी किया नोटिस

नव प्रदेश संवाददाता

बैंक खाते में पाई गई बड़ी ट्रांजेक्शन

दुर्ग। महादेव सट्टा ऐप मामले में दुर्ग जिला पुलिस के आरक्षक भीम सिंह यादव की पत्नी सीमा यादव को ईडी ने नोटिस जारी किया है। सीमा यादव के घर नोटिस चिपका कर कर उसे कार्यालय में पेश होने को कहा गया है। गौरव तालाब है कि रायपुर के जेल में बंद दुर्ग पुलिस के आरक्षक भीम सिंह की पत्नी को ईडी ने नोटिस जारी किया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक सीमा यादव के खाते में कई बड़े ट्रांजेक्शन किए गए हैं। अधिकारी दो दिन पहले भीम सिंह के घर पहुंचे। लेकिन ताला लगा होने के चलते नोटिस बाहर बाउंड्री वाल पर चस्पा कर चले गए। नोटिस में सीमा यादव को 28 दिसंबर 2023 को दोपहर 12.30 बजे रायपुर कार्यालय में पेश होने के लिए लिखा था। जबकि नोटिस चस्पा करने का दिन भी 28 दिसंबर का था।

ज्ञात हो की विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ईडी के अफसरों ने बीते 3 नवंबर को भिलाई के हाउसिंग बोर्ड निवासी असीम दास उर्फ बप्पा के घर और रायपुर स्थित होटल से लगभग 7 करोड़ नगद जब्त किया था। इस दौरान 15 करोड़ से अधिक के ऑनलाइन अकाउंट सीज किए गए थे। ईडी ने आरक्षक भीम यादव और असीम बप्पा को गिरफ्तार कर रायपुर कोर्ट में अजय सिंह राजपूत की बेंच में पेश किया। आरक्षक और असीम दास अभी भी न्यायिक हिरासत में है। आरक्षक भीम सिंह यादव और उसके दोनों भाई आरक्षक नकुल यादव और सहदेव यादव शुरुआत से ही महादेव सट्टा ऐप में संलिप्त है। इसकी वजह से इन तीनों ने बड़े पैमाने पर काला धन अर्जित किया है। ईडी ने जब भीम सिंह का अकाउंट खंगाला तो पत्नी के अकाउंट में भी बड़ी रकम का ट्रांजेक्शन होना पाया गया।

महादेव सट्टा एप के खाइवालों की दबंगई

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। भिलाई निवासी एक राजनेता द्वारा महादेव ऑनलाइन सट्टे के लेनदेन को लेकर कुछ युवकों को गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से पीटते हुए वीडियो वायरल हुआ है। इसमें हाउसिंग बोर्ड निवासी विक्की शर्मा बताया जाता है। इस वीडियो में सट्टा खाईवाल जय शर्मा, विक्की शर्मा द्वारा तीन बेकसूर युवकों को घर में बंधक बनाकर बेरहमी से पीटते दिख रहे हैं। इन तीन युवकों में 2 ने शहर छोड़कर जा चुके हैं, लेकिन एक युवक केवल देवांगन ने हिम्मत जुटाकर इसकी शिकायत दुर्ग और छावनी से की है। वायरल वीडियो में तीन लड़कों से कुछ लोग बुरी तरहा पीट रहे हैं। इसमें से एक आरोपी युवकों पर डंडे बरसा रहा है। वहीं दूसरा युवक हाथों से मार रहा है। डंडे से मारपीट करने वाला व्यक्ति राजनीतिक पार्टी से जुड़े नेता विक्की शर्मा का बताया जा रहा है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी केवल

देवांगन ने बताया कि जिन तीन युवकों को विक्की शर्मा, जय शर्मा और उसके लोग मार रहे हैं उनमें से एक वो भी है। उसने बताया कि विक्की शर्मा, जय शर्मा और उसके गुर्गे ने उनकी नौकरी कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में लगवाने का लालच दिया था। उन्होंने उसे नौकरी करने के लिए बिहार राज्य के पटना शहर भेजा। बाद में मालूम चला कि विक्की शर्मा सहित यह सारे लोग महादेव आईडी से जुड़े हुए हैं और वह वहां से भाग गया। विक्की शर्मा को फोन किया गया तो उनका मोबाइल कवरेज एरिया के बाहर बता रहा था।

वैशाली नगर की सुरक्षा में होंगे तीन सौ सीसीटीवी कैमरे

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। वैशाली नगर विधानसभा और भिलाई शहर के हर प्रमुख चौक चौराहे अब सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होंगे जिसका कंट्रोल रूम सेक्टर-6 कोतवाली थाना होगा। इसके लिए लगभग सभी तैयारियां और आधुनिक सेटअप का कार्य शुरू हो चुका है। आज इन्हीं तैयारियों का जायजा लेने तथा कंट्रोल रूम के इस सेटअप को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस करने के संबंध में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने पुलिस कंट्रोल रूम पहुंच कर यातायात और पुलिस विभाग के अधिकारियों से चर्चा की है। विधायक सेन ने कहा कि

सर्वसुविधायुक्त आधुनिक सेटअप तैयार करने में वो स्वयं विधायक निधि से फंड देंगे इसलिए जल्द ही कंट्रोल रूम में सीसीटीवी निगरानी कक्ष को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लेस किया जाएगा। इस संबंध में आज से ही पहल शुरू करने के निर्देश उन्होंने दिए हैं। गौरतलब हो कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुचारू बनाए रखने तथा प्रमुख चौक चौराहों से अपराध कारित कर निकल भागने वालों सहित क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, आरोपियों की जल्द धरपकड़ के लिए यह बेहद कारगर कदम साबित होगा। पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे विधायक सेन ने बताया कि विधानसभा चुनाव के समय मैंने तय किया था कि सड़क और नाली बनाना ही विकास नहीं होता है इसलिए वैशाली नगर में एक सौ सत्तर सीसीटीवी मैंने चुनाव लड़ने के बाद चुनाव जीतने के बाद लगाने चालू किए जिसमें सभी चौक चौराहे में सब सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं। मैंने तय किया कि इसका कंट्रोल पावर नगर निगम के पास न होकर पुलिस विभाग के पास होना चाहिए, ट्रैफिक डीएसपी के पास होना चाहिए। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर को कंट्रोलिंग की जिम्मेदारी दी गई है। कंट्रोल रूम में सभी सीसीटीवी कंट्रोलिंग के लिए पूरा कमरा बनाया गया है।

शादीशुदा प्रेमिका ने युवक के साथ लगाई फांसी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले के खोपली गांव में एक शादीशुदा प्रेमिका ने युवक के साथ फांसी लगा ली। शनिवार सुबह दोनों की लाश पेड़ से लटकती मिली। दोनों के बीच काफी समय से प्रेम संबंध था। महिला पति से अलग मायके में रह रही थी। मृतकों की पहचान कोसल विश्वकर्मा और मीनाक्षी यादव के रूप में हुई है। दोनों ग्राम स्टेशन मरौदा के रहने वाले थे। गांव के कोटवार ने पेड़ से लटकती लाश देखी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए दुर्ग जिला अस्पताल भेजा। मृतक कोसल और मीनाक्षी दोनों एक ही मोहल्ले के रहने वाले थे। मीनाक्षी शादीशुदा और दो बच्चों की मां थी। वहीं कोसल कुंआरा था। कोसल टाइल्स का काम करता था। मीनाक्षी भी कई बार उसके साथ काम पर जाती थी। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई। दोनों शादी नहीं कर पाए तो घर से 10-12 किलोमीटर दूर खोपली गांव पहुंचे और वहां फांसी पर झूल गए।

शिविर में आवेदन

भिलाईनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव आरसीसी पानी टंकी केम्प-2 एवं सेक्टर 10 गणेश मंच में रहा। शिविर स्थल पर शासकीय योजना का लाभ उठाने नागरिकों की भीड़ रही। शिविर में 5354 नागरिक शामिल होकर योजनाओं से लाभावित होने 986 लोगो ने फार्म भरे। शुभारंभ पार्षद सत्यवती जायसवाल ने की।

शंकराचार्य महाविद्यालय में ऑनलाइन चर्चा

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जूनवानी में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा मराठी भाषा पर ऐतिहासिक दृष्टिकोण विषय पर महाराष्ट्र राज्य के एमओयू पार्टनर धोते बंधु साइंस कॉलेज गोंदिया के साथ ऑनलाइन चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्या डॉ. अर्चना झा एवं अकादमिक डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव सहित कुल 11 शिक्षकों एवं 48 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। महाराष्ट्र के धोते बंधु साइंस कॉलेज की ई.बी.एस.बी. समन्वयक स्नेह जायसवाल ने भी हमारे साथ इस चर्चा में भाग लिया। महाविद्यालय की कला संकाय की विभाग अध्यक्ष डॉ. जयश्री वाकणकर आज प्रमुख वक्ता थी। जिन्होंने मराठी भाषा के उद्गम, विकास एवं निरंतर बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला एवं कहा कि मराठी भाषा एक पूर्णतः वैज्ञानिक भाषा है। इसकी शब्दावली आज के परिपेक्ष में बदल गई है, किंतु शिवाजी महाराज के शब्दकोश में वास्तविक शब्दावली मौजूद है।

पिस्टल व जिंदा कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। रामगोपाल गर्ग वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अभिषेक झा अति. पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग एवं मणीशंकर चन्द्रा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एवं विजय यादव थाना प्रभारी मोहन नगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों, हथियार रखकर घुमने वालो व चाकू बाजो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, इसी क्रम में मुखबिर सूचना मिली कि मान्या उर्फ अक्षत जो कि हरा कत्था रंग का चितकचरा फूल शर्ट व नीले रंग का जीन्स पैंट जो जगह जगह से फ्टा हुआ डिजाईन का कपडा पहना हुआ है दादा बाडी गार्डन दीपक नगर दुर्ग के पास बैठा हुआ है जो अपने कमर भाग में पीस्टल दबाकर रखा हुआ है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर टीम मौका तस्दीक हेतु रवाना हुई टीम द्वारा घटना स्थल दादा बाडी गार्डन दीपक नगर दुर्ग के पास मामले के आरोपी मान्या उर्फ अक्षत दुबे पिता विजय शंकर दुबे उम्र 22वर्ष निवासी कादम्बरी नगर दुर्गा मंदिर के पास लवकुश भवन दुर्ग को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी द्वारा अपने पहने जींस पैट के कमर भाग में एक देशी मेड पीस्टल एवं दूसरे तरफ 7.65 एम.एम. लिखा तथा जीन्स पैंट के जेब में 3 नग जिंदा कारतूस रखे मिला जिसके संबंध मे वैध दस्तावेज पेश करने हेतु नोटिस दिया। जो पीस्टल कारतूस रखने का कोई कागजात नही होना बताये। आरोपी का कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट का अपराध सबूत पाये जाने से पीस्टल व कारतूस को जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी विजय कुमार यादव, गुप्तेश्वर यादव, कान्ति शर्मा, रितेश अग्निहोत्री की भूमिका रही।

सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतरगत लगाए गए सात दिवस शिविर के पंचवें दिन की सुरुआत एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्राम मर्रा और बेलौदी में स्थित गीली भूमि प्रवासी पच्छियो के विचरण स्थल को प्लास्टिक और पॉलिथीन मुक्त कर के किया। यातायात सुरक्षा को ध्यान में रखा गया। .स्वयंसेवकों ने ग्राम सरपंच और वहा के वासियों साथ मिलकर अटल जयंती मनाया ।आवारा पशु एवं मवेशियो को रेडियम बेल्ट पहनना कर उन्हें सुरक्षित किया। बौधिक परिचर्चा डॉ. संकेत ठाकुर श्रीमती सुधा ठाकुर के गहन मानवी विचारो के साथ हुआ जिसमें उनको विविध छेत्र में मानवी व्यवहार था। शिक्षा पर

अपनी बात रखी। शिविर के छठे दिन प्रभात फेरी और सफाई के साथ हुआ। यातायात जागरूकता कार्यक्रम एएसआई के द्वार चलाया गया। शाम को वीर बाल दिवस बच्चों के साथ नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। समापन समारोह में कुलपति मुकेश वर्मा की उपस्थिति सम्मान की बात रही। सेवानिवृत्त ठाकुर सर और ग्राम सरपंच पालेश्वर ठाकुर उपस्थित थे। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने वही नुक्कड़ नाटक दोहराया और वीर बाल दिवस मनाया। शिविर के सातवें दिन की शुरुआत फिर से एकबार प्रभात फेरी से हुई। परियोजना कार्य के तहत अपने रहने वाले प्रांगण के पिछले वाले भाग में पौधा रोपण किया और रहने वाले प्रांगण और कमरे की साफ सफाई की और अपने शिविर को संपन्न किया।

एक दिवसीय मंडई का आयोजन

कुम्हारी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 31 दिसंबर रविवार को एक दिवसीय मंडई मेले का आयोजन रखा गया है। मंडई सप्ताहिक बाजार शाकंभरी सब्जी मंडी परिसर में धूमधाम से मनाया जाएगा। बता दे कि कुम्हारी मंडई में आसपास गांव के लोग अधिक संख्या में शामिल होते है। इस वर्ष रविवार के दिन मंडई होने से ग्रामीणों की खुशियां दोगुनी हो गई है। वहीं मंडई समिति के सदस्य फिंगेश्वर साहू ने बताया कि लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक कला मंच ग्राम बिना अर्जुन्दा के कलाकारों की प्रस्तुति होगी। जो बाजार चौक स्थित मानस भवन में संचालन किया जाएगा।

रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता शुरु

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। शहीद प्रकाशवान क्रीड़ा मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष जिपं दुर्ग, अध्यक्षता राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, विशेष अतिथि जयंती साहू पूर्व सदस्य जिपं, भेष आठे जोन प्रभारी, होरीलाल साहू सरपंच, रेवा साहू समाजसेवी, डा डागेश्वर साहू, नरेंद्र साहू, अश्वनी साहू, गजेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी, वीर हनुमान की पूजा अर्चना कर किया। मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष श्री साहू ने युवाओं को हर क्षेत्र में आगे कदम बढ़ाते हुए ग्राम, प्रदेश एवं देश की सेवा

में सहभागिता सुनिश्चित करना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हर क्षेत्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए पाटन सहित छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा की है। ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कबड्डी खेल को जोश नहीं होश से खेलने की सफलता मिलती है। इस अवसर पर गजानंद निर्मल, महेश साहू, चुन्नू साहू, मानसिंह साहू, चैनसिंह विश्वकर्मा, धनेंद्र साहू, लीलाधर, समीर कुमार, गिरिजा शंकर, प्रीत विश्वकर्मा, डेमन यादव, कैलाश यादव, तरुण निर्मल, मयंक ठाकुर, प्रियांशु यादव, गुणवंत, झामन साहू, जीतकुमार, गुरुदयाल, संजू साहू, हिमांशु साहू, वेदांत साहू, प्रशांत साहू, लाकेश साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202312101500053
विषयः अ-74 सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

रवेली प.ह.न. 00018 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- कैलाश
अनावेदक पक्षकार - छ.ग.

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम रवेली प.ह.नं. 18 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कैलाश पिता शिवप्रसाद निवासी ग्राम रवेली द्वारा मौजा ग्राम रवेली प.ह.न. 18 तहसील पाटन स्थित आवेदक के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 302, 398 रकबा 0.84, 0.88 हे का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु भुईया अभिलेख बी-1, थाना रिपोर्ट की छायाप्रति, शपथ पत्र नो-ड्यूज प्रमाण-पत्र, आदेश 18 नियम 04 के आवेदक एवं स्वतंत्र साक्षी का बयान पेश, सहित आवेदन प्रस्तुत आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपने लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15.01.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

संयंत्र द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा सेक्टर-1 स्थित नेहरु सांस्कृतिक सदन में संयंत्र में कार्यरत संविदा कर्मियों के बच्चों को प्रोत्साहित करने और उन्हें प्रेरित करने हेतु, एक मेरिट अवार्ड समारोह ''प्रोत्साहन'' का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार थे। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएँ एवं निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व) जेवाय सपकाले, महाप्रबंधक (कार्मिक/आईआर एवं सीएलसी) जेएन ठाकुर, महाप्रबंधक (टीएसडीशिक्षा) शिखा दुबे एवं महाप्रबंधक

(सीएसआर) शिवराजन विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त संयंत्र के कई वरिष्ठ अधिकारीगण, ओए के सदस्य, विभिन्न यूनियन के प्रतिनिधिगण, मीडियाकर्मी, पुरस्कार विजेता और उनके माता-पिता भी उपस्थित थे।

समारोह के शुरूआत में दीप प्रज्ज्वलन कर अतिथियों का पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया। शिखा दुबे ने सभा का स्वागत किया और कार्यक्रम को गति प्रदान की।

संयंत्र की सीएसआर पहल के तहत ''प्रोत्साहन'' योजना बीएसपी में कार्यरत संविदा कर्मियों के बच्चों को 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा में उनके अच्छे शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए, पहचानने और प्रेरित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। सत्र 2021-22 में उत्तीर्ण प्रत्येक कक्षा के शीर्ष 50 विद्यार्थियों को रु. क्रमशः 5 हजार, 8 हजार और 10 हजार प्रदान किया गया है। 150 योग्यता पुरस्कार के रूप में कुल 11 हजार का वितरण किया गया।

इस वर्ष इन योग्यता पुरस्कारों के लिए कुल 287 आवेदन प्राप्त हुए थे। 150 विद्यार्थियों में, 101 लड़के और 49 लड़कियां शामिल थे। समारोह के मुख्य अतिथि श्री कुमार ने पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि योग्यता पुरस्कार न केवल विद्यार्थियों को आर्थिक रूप से समर्थन देने के लिए है, अपितु उन्हें और भी बेहतर प्रयास करने और भविष्य में भी उत्कृष्टता की मशाल के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए भी है। उन्होंने कहा, पुरस्कार विजेताओं को बेहतर इंसान बनने और भिलाई की संस्कृति को जीवित रखने का प्रयास हम सभी को करना चाहिए। जे वाई सपकाले ने उन सभी छात्रों को बधाई दी। जिन्होंने योग्य पुरस्कार हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की थी। उन्होंने पुरस्कार विजेताओं को आशीर्वाद भी दिया और उन्हें उत्कृष्टता के नए क्षितिज तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया। सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर-10 की प्रिंसिपल सुमिता सरकार ने धन्यवाद व संचालन हेड मिस्ट्रेस सरिता बहल एवं व्याख्याता उमा पाण्डेय ने किया।

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MANOJ KUMAR TANDON S/O RUPDAS TANDON resident of BLOCK 9/D NEW POLICE LINE DURG DISTT. DURG (C.G.) 491001 have changed my old name MANOJ KUMAR TANDON S/O RUPDAS TANDON so in future I should be recognized by my new name that is MANOJ TANDAN S/O LATE RUPDAS TANDAN in all Government and other documents.

MANOJ TANDAN
BLOCK 9/D
NEW POLICE LINE
DURG DISTT.
DURG (C.G.) 491001

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मनोज कुमार टंडन पिता रूपदास टंडन निवासी ब्लॉक 9/ डी न्यू पुलिस लाइन दुर्ग जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) 491001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम मनोज टंडन पिता स्वर्गीय रूपदास टंडन रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम मनोज टंडन पिता स्वर्गीय रूपदास टंडन से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
मनोज टंडन
ब्लॉक 9/डी न्यू पुलिस लाइन
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
पिन.नं. 491001

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202312100400257/अ-2/वर्ष-2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका पूजा छतीजा अन्य 01 आ./पति नारायण छतीजा निवासी वसुंधरा नगर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 38 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 113/39 रकबा 0.107 हें/ वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

लाखों खर्च कर लगाए ऑक्सीजन प्लांट हुआ कबाड़

■ बढ़ रहा कोरोना संक्रमण, तीन बार हो चुकी है चोरी

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना के द्वितीय लहर में आम जनता को जीवनदायिनी आक्सीजन के लिए भटकना न पड़े इसलिए केन्द्र सरकार ने 35 लाख रुपए खर्च कर आक्सीजन प्लांट की स्थापना की थी। ताकि जरूरतमंद मरीजों को जीवनदायिनी आक्सीजन आसानी से मिल सके लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव के अधिकारी की निष्क्रियता, लापरवाही आक्सीजन प्लांट आज दिनांक बंद पड़ा है क्योंकि इस आक्सीजन प्लांट में दो से तीन बार चोरी हो चुकी है। जिसकी शिकायत थाना डोंगरगांव में की गई थी। लेकिन पुलिस चोर तक नहीं पहुंच पाई।

इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा। लेकिन चोरी होने के छह महीने बाद भी इसे पुनः चालू कराने के लिए न तो खंड चिकित्सा अधिकारी और न ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा कुछ किया गया। अब फिर से कोरोना वायरस बढ़ रहा है। लेकिन इन अधिकारियों को आम जनता के जीवन और सेहत के लिए लगाए आक्सीजन प्लांट को पुनः चालू कराने की कोई पहल नहीं की जा रही है। इस संबंध अधिकारी से जानकारी लेने पर दोनों अधिकारी अलग-अलग बाते बोल रहे हैं। किसी तरह से पुनः चालू करने के लिए अधिकारी इस पर पहल करने के बजाय कोरोना को अभी नियंत्रण में होने की बात कही जा रही है।

> खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभी मशीन चालू स्थिति में है कोई दिक्कत नहीं है मरीजों को आक्सीजन आसानी से मिल जाएगा।
>
> **-डां रागिनी चंद्र,** खंड चिकित्सा अधिकारी

> मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया किअभी कोरोना वायरस का प्रकोप उतना नहीं है इससे आसानी से निपटा जा सकता है। हमारे पास पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन सिलेंडर रखा हुआ है। वहीं डोंगरगांव अस्पताल में बंद पड़े आक्सीजन मशीन चालू करने के लिए संबंधित अधिकारी ही बता पाएंगे।
>
> **-डा अशोक कुमार बसोड,** मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी

आयोग गठन से सेवाभावी कार्यों को मिलेगी गति

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी सहित पूरे प्रदेश में भिन्न- भिन्न समाज और संगठन- संस्थाएं सेवाभावी कार्यों में जुटे हैं। कोरोना जैसी आपदा में भी इन संगठनों ने समाज की खूब सेवा की है। इन समाजों को एकजुट करने के लिए महाराष्ट्र मंडळ ने पहल करते हुए शासन से आयोग गठन की मांग की है। मंडळ की इस मांग को कई समाजों के साथ विभिन्न संगठनों और समाजसेवी संस्थाओं का समर्थन मिल रहा है। लोगों का कहना है कि एकजुटता से सेवाभावी कार्यों की व्यापकता नजर आएगी। भारतीय स्त्री शक्ति, रायपुर की कोरग्रुप सदस्य अपराजिता शर्मा ने कहा कि आयोग गठन के प्रस्ताव से समाज के सभी वर्गों को एक साथ लाने और एक साथ मिलकर कार्य करने के लिए एक नया आयाम मिलेगा।

वैसे तो समाज में विभिन्न संस्थाएं अपने-अपने तरीके से कार्य कर रही हैं, लेकिन आयोग बनने से सभी समान रूप से अपनी सहभागिता एक साथ एक उद्देश्य को लेकर यदि पूरा करेंगे। इससे उसे हमारे समाज के सभी वर्गों के साथ देश की उन्नति के लिए नए रास्ते खुलेंगे। तनिष्का फाउंडेशन के डा. मनोहर लाल लहेजा ने महाराष्ट्र मंडळ के आयोग गठन के प्रस्ताव पर सहमति देते हुए कहा कि निःसंदेह आयोग गठन समाजसेवा की दिशा में अच्छी और सकारात्मक पहल है। अभी समाज अपने- अपने स्तर पर एकजुट तो है, लेकिन इसे वृहद स्तर पर एकजुट करने के लिए आयोग या बोर्ड का गठन आवश्यक है। ऐसा करने से सेवाभावी कार्यों को सकारात्मक गति मिलेगी। समाजसेवा के कार्य जरूरतमंद लोगों को तक पहुंचेंगे। छत्तीसगढ़ सरयूपारीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश शुक्ला ने कहा कि आयोग गठन एक अच्छी और प्रशंससनीय सोच है। अच्छे काम की पहल होती है तो मुकाम भी हासिल हो जाता है। सरयूपारीय ब्राह्मण समाज की ओर से मैं महाराष्ट्र मंडळ के प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। शासन इस ओर कदम उठाती है तो इसका समाज को लाभ जरूर मिलेगा। रायपुर ब्राइड फाउंडेशन और बाल समाज के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितुत का कहना है कि समाजसेवा का कार्य जितना बड़ा और व्यापक होगा, उसका परिणाम उतना ही बड़ा आएगा। बड़े, अच्छे और सकारात्मक परिणाम के लिए समाजसेवी समाजों और संस्थाओं को एकजुट करना बेहद आवश्यक है। महाराष्ट्र मंडळ ने इस दिशा में कदम बढ़ाया है। सब साथ मिलेंगे तो इसमें सफलता जरूर मिलेगी। कान्यकुब्ज ब्राह्मण महिला मंडल की सदस्य मोनिका मिश्रा ने कहा कि आयोग गठन होने से सामाजिक कार्यों और सामाजिक कार्यकर्ता दोनों में अनुशासन की बाध्यता आएगी।

मलय को अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में मिला तीसरा स्थान

रायपुर/नवप्रदेश। भारत की मेजबानी में पहली बार आयोजित अंतरराष्ट्रीय पायथियन गेम्स फेस्टिवल में रायपुर के मलय मेश्राम ने मुए थाई प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। 19 से 21 दिसंबर तक दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पायथियन गेम्स फेस्टिवल में 10 से अधिक देशों के 5 हजार से ज्यादा प्रतिभागियों को भागीदारी रही, जिसमे कलाकार और एथलीट विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं जैसे नृत्य, संगीत, गायन, कविता, युद्ध कला, पारंपरिक खेल आदि में शामिल हुए। मलय मेश्राम शंकराचार्य इंस्टीट्यूट रायपुर के बी. टेक प्रथम वर्ष के छात्र हैं और मुए थाई के प्रतिष्ठित खिलाड़ी है। इस उपलब्धि पर मलय के परिजन, कोच और शंकाराचार्य रायपुर के डॉ डी एस क्षत्री, प्राचार्य डॉ आलोक जैन , चैयरमैन (बी जी) निशांत त्रिपाठी ने शुभकामनाएं दी।

फर्जी प्रमाण पत्र से बने शिक्षाकर्मी, 3-3 साल की सजा

गरियाबंद/नवप्रदेश। फर्जी प्रमाण पत्र से शिक्षाकर्मी बनने वाले 11 लोगों को कोर्ट ने 3- 3 साल की कड़ी सजा सुनाई है। इसके अलावा सभी शिक्षाकर्मियों पर 1-1 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सजा पाए शिक्षाकर्मियों में दो महिला शिक्षा कर्मी भी शामिल हैं। वर्ष 2008-09 में फर्जी प्रमाण पत्र की पुलिस में रिपोर्ट कृष्ण कुमार ने मैनपुर थाने में दर्ज कराई थी। गौरतलब है कि 2008-09 में मैनपुर जनपद में शिक्षाकर्मी के पद पर कई शिक्षकों की भर्ती हुई। इसके कुछ दिनों बाद इस बात की चर्चा शुरू हो गई कि कुछ अभ्यर्थियों ने फर्जी प्रमाणपत्र के जरिए शिक्षाकर्मी की नौकरी हासिल की है। इसकी शिकायत प्रार्थी कृष्ण कुमार ने मैनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे शिक्षाकर्मी की नौकरीः थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया गया कि 2008-09 में शिक्षाकर्मी चयन के दौरान हुए कुछ शिक्षा कर्मियों ने फर्जी प्रमाण पत्रों के सहारे नौकरी हासिल की है. इन अभ्यर्थियों ने बीएड और डीएड का फर्जी प्रमाण बनवाया और भर्ती परीक्षा में पास होने के बाद इन प्रमाणपत्रों को दिखाया। कोर्ट ने फर्जी शिक्षाकर्मियों को सुनाई तीन साल की सजाः मैनपुर थाने से मामला गरियाबंद जिला एवं अपर सत्र न्यायालय पहुंचा। कोर्ट ने जांच में शिकायत सही पाई। इस दौरान पूरे मामले में कई अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी आरोप लगे।

हौली क्रॉस स्कूल में बैच 2007 के स्टूडेंटस का रीयूनियन कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। हौली क्रॉस स्कूल बैरन बाजार के बैच 2007 के स्टूडेंटस के लिए रीयूनियन कार्यकम का आयोजन किया गया । इसमे शामिल होने के लिए स्टूडेंट्स देश के विभिन जगह से स्कूल पहुचे ।

16 साल बाद स्टूडेंट्स आपस मे मिलकर बहुत उत्साहित हो गए। उनके टाइम के प्रिंसिपल फादर बेंजामिन भी इस रीयूनियन में उनमे साथ थे। स्टूडेंट्स ने पुराने टाइम जैसे पूरी असेंबली करी। प्रेयर, प्लेज, न्यूज़ और भी चीज़ किया साथ मे। 1 ग्रुप पिक्चर भी लिए फादर और पुरानी टीचर के साथ, पुरानी यादों को जीने के लिए। रामु का समोसा और भवानी का भेल का भी खूब मज़े लिए। स्टूडेंट्स का दिल स्कूल की यादों में खोगया था फिर रात में सब स्टूडेंट्स साथ मे बेबीलोन होटल में डिनर किआ और खुब डांस और मस्ती की ।

प्रथम पेज का शेष

भगवान श्रीराम के ननिहाल...

जिम्मेदारी है कि भगवान की जन्मभूमि में हो रहे भव्य आयोजन में कोई कमी ना रहे। छत्तीसगढ़ में मिलने वाले सबसे अच्छे किस्म के चावल को भगवान राम के लिए भेजा गया है।

राजस्थान में 22 मंत्री ...

गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो डिप्टी सीएम को मिलाकर अब सरकार के मंत्रियों की संख्या 25 हो गई है। राजस्थान में कोटे के हिसाब से 30 मंत्री बन सकते हैं, अब 5 मंत्रियों की जगह खाली है। जिन 22 विधायकों ने शपथ ली है, उनमें 17 पहली बार मंत्री बने हैं। इसके साथ ही डिप्टी सीएम दीया कुमारी सहित भजनलाल सरकार में 2 विधायकों को ही जगह मिली है।

रेल किराया बढ़ा, प्लेटफॉर्म ...

मन क्यों नहीं बन पा रहा है। आप एमपी हो। आप मुझे हिंट दे रहे हो। मन क्यों नहीं बन पा रहा है। कांग्रेस ने अपना स्थापना दिवस इस बार नागपुर में मनाया। नागपुर में आरएसएस का मुख्यालय है। राहुल और खड़गे के भाषणों में आरएसएस और भाजपा निशाने पर रही।

भगवान राम को अपना ...

भाजपा के कार्यक्रम में क्यों जाना चाहिए? यह कोई राष्ट्रीय कार्यक्रम नहीं है।

साक्षी मलिक और ...

और डेफलंपिक्स के चैंपियन वीरेंदर सिंह यादव भी अपने-अपने पद्मश्री पुरस्कार लौटा चुके हैं।

महाराष्ट्र मंडल के कैलेंडर का बृजमोहन ने किया विमोचन

सामाजिक संस्थाओं के आयोग गठन के मंडल के प्रस्ताव की प्रशंसा

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के वर्ष 2024 के कैलेंडर का बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने मौली श्री विहार स्थित अपने कार्यालय में विमोचन किया। गुरुवार शाम को हुए सादगी भरे आयोजन में उन्होंने मुख्यमंत्री को दिए गए मंडल के प्रस्ताव पर सहमति जताई। इस प्रस्ताव में सामाजिक संस्थाओं के आयोग गठित करने की बात कही गई थी। अग्रवाल ने महाराष्ट्र मंडल के कैलेंडर का बारीकी से अवलोकन किया और मंडल की सालभर हुई गतिविधियों को उल्लेखनीय बताया। उन्होंने कहा कि मंडल हमारी संस्कृति को सहेजने में अहम भूमिका तो निभा ही रहा है, साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में सतत् कीर्तिमान बना रहा है। अग्रवाल ने महाराष्ट्र मंडल को अपना परिवार बताते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं के आयोग गठित करने का विचार निश्चित ही प्रशंसनीय है। वे स्वयं इस दिशा में मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे और जो संभव होगा, वह प्रयत्न भी करेंगे। मंडल अध्यक्ष अजय काले ने महाराष्ट्र मंडल की ओर से बृजमोहन अग्रवाल को फूलों का गुलदस्ता देकर और पर्यावरण समिति की ओर से रुद्राक्ष का पौधा देकर अभिनंदन किया। कैलेंडर विमोचन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। काले ने सामाजिक संस्थाओं के लिए आयोग बनाने के प्रस्ताव पर सहयोग भी मांगा। इस मौके पर मंडल के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन, सहसचिव सुकृत गनोदवाले, दिव्यांग बालिका विकास गृह की प्रभारी आस्था काले, कामकाजी महिला वस्तु गृह की प्रभारी नमिता शेष, महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के सहप्रभारी परितोष डोनगांवकर, स्वास्थ्य समिति के प्रभारी अरविंद जोशी, बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के छत्तीसगढ़ प्रमुख सुबोध टोले, पर्यावरण समिति के प्रभारी अभय भागवतकर, सह प्रभारी वैभव बर्वे, मदन तोपखानेवाले, दीपक पत्रीकर समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

पचास हजार दीपों से जगमगाया सत्यानंद आश्रम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संस्कारधानी योग केन्द्र योग के लिए समूचे जिले मे जाना और पहचाना जाता है। प्राचीन योग की परंपराओं को यथास्थित मे संभाल कर रखने और योग को जन-जन तक पहुंचने सत्यानंद योग संस्थान अपना कार्य वर्षों से संपादित कर रही है। आज सत्यानंद योग आश्रम में हर्षोल्लाह से स्वामी सत्यानंद की जन्म शताब्दी का कार्यक्रम बेहद ही अनूठे ढंग से मनाया गया। जन्मशताब्दी वर्ष पर पचास हजार दीप आश्रम में जलाए गए। इस दौरान दुर्ग-भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, जगदलपुर एवं समीपस्थ क्षेत्रों, गांव, शहर के लोगों की उपस्थिति योग आश्रम में रही।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7574 दिनांक 29.12.2023
वार्ड का नाम 52 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR445G00086 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती HARIMINDAR SINGH पिता/पति श्री/ श्रीमती RANJIT SINH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. AMRIT LAL NAGAR 2.SARITA NAGAR पिता/पति श्री/श्रीमती 1.S/O BAJRANG LAL NAGAR 2. W/O AMRIT LAL NAGAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7650 दिनांक 29.12.2023
वार्ड का नाम 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446N0898D जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHEKHAR PINJANI पिता/पति श्री/श्रीमती MOHAN PINJANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SANDEEP SONI पिता/ पति श्री/श्रीमती S/O SITARAM SONI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7670 दिनांक 29.12.2023
वार्ड का नाम 52 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446K00749 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SURESH KUMAR JHARIYA पिता/पति श्री/श्रीमती B.L.JHARIYA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती NILESH SHYAMLAL SINGROL पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHYAMLAL SINGROL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7745 दिनांक 29.12.2023
वार्ड का नाम 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651J01302 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती HARISH SHOBHWANI पिता/पति श्री /श्रीमती NARAYAN DAS के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती MUKESH KUMAR DENGWANI पिता/ पति श्री/श्रीमती S/O RAJKUMAR DENGWANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7777 दिनांक 29.12.2023
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446J01499 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MONIKA REAL BUILDCON PVT LTD पिता/पति श्री/ श्रीमती MONIKA REAL BUILDCON PVT LTD के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SHYAM LAL KHATWANI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O GOVERDHAN DAS KHATWANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

विद्यार्थी करेंगे तिरंगा यात्रा से नववर्ष का स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। विद्यार्थियों के मन में देशप्रेम की भावना से नववर्ष का स्वागत करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष छत्रपति शिवाजी स्कूल द्वारा एक जनवरी को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाती है। इसका मकसद होता है कि विद्यार्थी वर्ग अंग्रेज़ी नए साल का स्वागत भारतीय राष्ट्र ध्वज,भारतीय सेना का सम्मान करते हुए तथा भारत को आज़ादी दिलाने वाले शहीदों का स्मरण करते हुए करे । इस वर्ष यह भव्य तिरंगा यात्रा ठीक सुबह सात बजे श्री अंबा देवी मंदिर प्रांगण,सत्तीबाजार से निकाली जाएगी जो वहां से आजाद चौक, तात्यापारा,फूलचौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, कोतवाली चौक,सदर बाजार होते हुए वापस अंबा देवी मंदिर में समाप्त होगी ।

न्यायालय तहसीलदार, पलारी के न्यायालय में मामला क्रमांक 202312210400007

विषय:- अ-74 मामले की श्रेणी-राजस्व सन-2023-24
कुसमी प.ह.न. 00021 [(0)]
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार – अशोक कुमार,
अनावेदक पक्षकार – छत्तीसगढ़ शासन,

ईश्तहार

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार पिता भागीरथी जाति मरार निवासी ग्राम कुसमी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक की माँ दुकलहीन बाई की मृत्यु दिनांक दिनांक 03.01.2021 को ग्राम कुसमी में हुई है। जिसका पंजियन आवेदक द्वारा नहीं करा पाया है इसलिए आवेदक द्वारा अपनी माँ के मृत्यु दिनांक का पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन मय अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या हितबध्द पक्षकार को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो पेशी दिनांक 10.01.24 के स्वयं अथव अपने अभिभाषक के माध्यम दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियम समय अवधि के बाद प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/12/2023 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
पलारी

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6अ वर्ष 2022-23
पक्षकार राजकुमार पिता कोदूराम जाति सतनामी
निवासी ग्राम खैरा प.ह.नं. 45
रा.नि.म. रोहांसी तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

सर्व साधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि कि रा.प्र.क्र.20231021020038 अ/6 अ के आवेदक राजकुमार पिता कोदूराम जाति सतनामी निवासी ग्राम खैरा प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. रोहांसी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम खैरा प.ह.नं. 45 तहसील पलारी स्थित भूमि का ख.नं. 22/2 का कुल रकबा 0.833 हे. भूमि आवेदक के बडे भाई बुधारू पिता कोदूराम जाति सतनामी के नाम पर दर्ज चला आ रहा था। उक्त वादभूमि मे आवेदक के बडे भाई का नाम त्रुटिपूर्ण बुधराम पिता कोंदा दर्ज हो गया है। उक्त वादभूमि मे आवेदक के बडे भाई बुधारू पिता कोदूराम जाति सतनामी की मृत्यु दिनांक 30.09.2002 को हो चुकी है। अतः उक्त वादभूमि मे आवेदक के बड़े भाई का नाम त्रुटिसुधार कर बुधारू पिता कोदूराम जाति सतनामी दर्ज किया जाने हेतु आवेदक के द्वारा बी-1. शपथ-पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र अंतर्गत छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 115, 116 मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय से विचारधिन है।

अतएव उक्त संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा अपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय ने उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेषी दिनांक 03/01/2020 तक अपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पष्चात कोई दावा अपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 15/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
पलारी

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7786 दिनांक 29.12.2023
वार्ड का नाम 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446I00405 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PRAKASH CHAND K. GOLCHHA पिता/पति श्री/श्रीमती K.C. GOLCHHA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती RAJESH KUMAR SINGH पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SURESH CHANDRA SINGH ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7903 दिनांक 29.12.2023
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446I00364 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती USHA AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती PAWAN KUMAR AGARWAL पिता/पति श्री/श्रीमती S/O LATE JAGDISH RAI AGARWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ SAPATH PATRA, SAHAMATI PRAMAN PATRA, DATH CERTIFICATE /वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7960 दिनांक 29.12.2023
वार्ड का नाम -53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR651I00922 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MSR.S. DREAM LAND PVT LTD DIRECTOR KHUSHIRAM KUNDNANI पिता/ पति श्री/श्रीमती LT ROCHAMAL KUNDNANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SMT. ARTI GHOSH पिता/ पति श्री/श्रीमती W/O SHRI DILIP KUMAR GHOSH ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7963 दिनांक 29.12.2023
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR651K01851 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS DOLPHIN PROMOTERS AND BUILDERS BHAGIDAR HARMIT SINGH HORA पिता/पति श्री/श्रीमती GURUMUKH SINGH HORA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SNUHI KARMAKAR पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI SUNIL KUMAR KARMAKAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7800 दिनांक 29.12.2023
वार्ड का नाम 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446L00990 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DILESH DEWANGAN पिता/पति श्री/श्रीमती MAHESH DEWANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती AJEET KUMAR SINGH पिता/पति श्री/श्रीमती S/O RAMBRIKSH SINGH ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नालिखित हितग्राहियों को आवासीय भवन/भूखण्ड/फ्लैट/दुकान 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन/भूखण्ड/फ्लैट/दुकान को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्रं.	आबंटी का नाम	भवन/भूखण्ड/फ्लैट/दुकान	क्रं.	आबंटी का नाम	भवन/भूखण्ड/ फ्लैट/दुकान
	दीनदयाल आवास योजना सड्डू रायपुर			सामान्य आवास योजना शंकर नगर रायपुर	
1	श्री सुधीर कुमार चौबे पिता स्व. सत्यप्रकाश चौबे	एल.आई.जी. भवन क्र.-198	8	श्री अमर वाधवा पिता श्री श्याम सुंदर वाधवा	भवन क्र. सी-13, सेक्टर - 01
2	श्री अनमोल चन्ने पिता श्री अनिल कुमार चन्ने	एल.आई.जी. भवन क्र.-1288	9	श्रीमती पूजा भाटिया पति स्व. विनोद कुमार भाटिया	भवन क्रं. सी-51 सेक्टर-01
3	श्री हितेन्द्र कुमार दीक्षित पिता श्री देवनारायण दीक्षित	एल.आई.जी. भवन क्र.- 762	10	श्रीमती पूजा भाटिया पति स्व. विनोद कुमार भाटिया	भवन क्र. सी-54 सेक्टर-01
4	श्री पनीराम पिता श्री संतोष राम	एल.आई.जी. भवन क्र.-1360	11	श्रीमती स्वाति काला (जैन) पिता श्री राकेश काला	भवन क्र. बी-12, सेक्टर- 01
	सामान्य आवास योजना दोंदेखुर्द रायपुर			दीनदयाल आवास योजना खम्हारडीह, रायपुर	
5	श्रीमती दीपमाला सुमन पति श्री राकेश कुमार सुमन	सीनि. एल.आई.जी. भवन क्र.-489	12	श्री अशोक भाटिया पिता श्री बी.टी. भाटिया	एल.आई.जी. फ्लैट क्र. 151,ब्लाक-7, द्वितीय तल
6	श्री शंकरलाल भारद्वाज पिता श्री रतनलाल भारद्वाज	सीनि.एल.आई.जी. भवन क्रमांक- 435		अटल अवास योजना धनसुली रायपुर	
7	श्रीमती सरिता जांगड़े पति श्री रोशन जांगड़े	सीनि. एल.आई.जी. भवन क्रमांक-293	13	श्रीमती मंदाकिनी यादव पति स्व. राकेश कुमार यादव	भवन क्रमांक-10

संपदा अधिकारी

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

महाराष्ट्र के राज्यपाल आज मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के अधिवेशन में होंगे शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस रविवार 31 दिसंबर को जिले के एक दिवसीय संक्षिप्त प्रवास पर रहेंगे। श्री बैस

ग्राम सेमराडीह में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 6 वें अधिवेशन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम अनुसार राज्यपाल श्री बैस रविवार को अपरान्ह 1.30 बजे रायपुर से सड़क मार्ग से प्रस्थान कर अपरान्ह 3बजे बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम सेमराडीह पहुंचेंगे। यहां छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अधिवेशन में शामिल होने के पश्चात अपरान्ह 4.30 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन द्वारा 14 जनवरी को

रायपुर/नवप्रदेश। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा की अध्यक्षता में शुक्रवार, दिनाँक 29 दिसम्बर, 2023 को प्रांतीय

कार्यालय, प्रोसेसर कालोनी, रायपुर में आयोजित की गयी जिसका शुभारंभ श्री गणेश पूजन कर किया गया. इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बताया कि आगामी 14 जनवरी, 2024 को आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस का आयोजन किया जाना है, जिसमें आचार्य चाणक्य जी के जीवन पर व्याख्यान एवं धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाना है, इस आयोजन में विप्र विधायकों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणनिधि मिश्रा ने कहा की सभी विप्र विधायकों को आमंत्रित करने हेतु प्रतिनिधि मंडल लेकर जाएंगे. महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने बताया की कार्यक्रम में उपस्थित समस्त दर्शकों से धार्मिक प्रश्न पूछे जाएंगे और सही उत्तर देने पर सम्मान पत्र से सम्मानित किया जाएगा. प्रांतीय महासचिव अजय अवस्थी ने बताया की तीन वक्ताओं के नाम तय कर उन्हें आचार्य चाणक्य जी पर व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया जाएगा. राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा ने सभी सदस्यों को संगठन के कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की. बैठक के अंत में संगठन द्वारा दर्शनीय स्थल भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत रविवार, 24 दिसम्बर, 2023 को आयोजित तुरतुरिया धाम, बार नवापारा के भ्रमण में शामिल 42 सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया. बैठक में विशेष रुप से प्रांतीय महासचिव सुनील ओझा, महिला महासचिव सुमन मिश्रा, युवा सचिव अभिषेक त्रिपाठी, महिला सचिव अर्चना तिवारी, प्रांतीय सचिव सतीश शर्मा, कोषाध्यक्ष राघवेंद्र पाठक उपस्थित रहे।

संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मना वीर बाल दिवस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजूकेशन ठाकुरटोला में 30 दिसंबर 2023 को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में

कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा एवं मुख्य अतिथियों के द्वारा सरस्वती पूजन से किया गया। तत्पश्चात ज्ञानी ओमवीर सिंह एवं सतनाम कौर विरदीजी के द्वारा वीर बाल दिवस पर व्याख्यान दिया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के जिन प्रशिक्षणार्थियों ने प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया, उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। बीएड के सती नेताम प्रथम, विनय कुमार द्वितीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में श्रद्धा रानी साहू प्रथम, रामेश्वरी देवांगन सेकंड, डीएलएड के विकास साहू प्रथम, गोविंद धामगे द्वितीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में, हिना साहू प्रथम, जनेश द्वितीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

संस्कार सिटी में वाइस ऑफ यूथ का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में विकसित भारत 2047 वाइस ऑफ यूथ से संबंधित गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कार सिटी

कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में विकसित भारत 2047 वाइस ऑफ यूथ कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, पोस्टर, निबंध, स्लोगन, व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं बीएड व डीएलएड के सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

केन्द्र की योजना का लाभ हर हितग्राहियों को मिले : दीपेश

- आईईसी वैन का गांवों में हो रहा स्वागत
- अब तक 50 से ज़्यादा पंचायतों में पहुंची यात्रा : चंदेल

बेमेतरा/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार 29 को ग्राम पंचायत सोंढ ब्लाक बेरला में विकास रथ का आगमन स्कूल प्रांगण में हुआ। मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल शामिल हुए। स्वागत समिति द्वारा रथ का स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की और ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल के बच्चोंने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने बच्चों को पुरस्कृत किया। प्रधानमंत्री का देश की जनता के नाम संबोधन प्रस्तुत किया गया और केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित शासकीय योजनाओं को स्क्रीन पर प्रदर्शित किया। ग्रामीणों ने विकसित भारत एवं स्वच्छता की शपथ ली।

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार की योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। भारत सरकार कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ज़िले की हर ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है। यात्रा के दौरान शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगाये जा रहें हैं। अधिकारी योजनाओं की जानकारी दे रहें हैं। ग्रामीणों के स्वास्थ्य की भी जाँच की जा रही हैं, आप सब इसका लाभ उठाएं।

पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। ज़िले में 16 दिसंबर से ग्राम जेवरी से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हुआ था। अब तक 50 से अधिक ग्राम पंचायतों में यात्रा पहुँची। हितग्राही केन्द्र की योजनाओं का लाभ भी ले रहे है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि अपने आसपास के हितग्राहियों को योजनाएं पहुँचाएं और लाभ लेने की बात बताएं।

शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा अपनी सफलता की कहानी बतायी गई। विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र एवं किट प्रदाय किया गया। इस अवसर पर खाद्य विभाग द्वारा उज्ज्वला योजना अतंर्गत गैस सिलेंडर, हेल्थ विभाग द्वारा हेल्थ कैम्प, सीएससी द्वारा आधार अपडेशन शिविर, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आवास, पेंशन, स्वच्छ भारत मिशन का स्टॉल लगाया गया। कृषि विभाग द्वारा जैविक खेती के सम्बंध में जानकारी दी गई व हितग्राहियों को बीज़ किट प्रदाय किए गए। इस अवसर पर एसडीएम बेरला युगल किशोर उर्वशा, ज़िला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा टंकेश साहू, ज़िला पंचायत सभापति राहुल टिकरीहा, शांति लाल जैन, सरपंच श्रीमती अश्विनी रूपेन्द्र पाटिल, उपसरपंच कृष्णा राम साहू, कन्हैया वर्मा, कमल पांडेय, राजेन्द्र कुर्रे, हेम कुमारी मंडावी, विष्णु वर्मा, भारत साहू एवं समस्त पंचगण, ग्रामीणजन उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन सरपंच प्रतिनिधि रूपेन्द्र पाटिल द्वारा व्यक्त किया गया।

कमला कॉलेज में गणित दिवस पर स्पर्धाएं हुई आयोजित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में छग एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद् के सहयोग से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. आलोक मिश्रा प्राचार्य के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने गणित दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई तथा रामानुजन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मैथेमेटिकल, मैथेमेटिक्स फॉर एवरी वन विषय पर रंगोली, जामितिय चित्रों पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता तथा सुडोकू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। म्जि

प्रतियोगिता में चयनित छात्राएं कु. पूर्णिमा यादव, कु. लक्ष्मी मारकंडे, सुडोकू प्रतियोगिता में नंदनी साव, यामिनी यादव, चित्रकला में भुनेश्वरी साहू एवं रंगोली प्रतियोगिता में खोमिका साहू को विश्व विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता हेतु सांई महाविद्यालय, भिलाई भेजा गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने कहा कि गणित का ज्ञान विज्ञान के प्रत्येक क्षेत्र में अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गणित दिवस श्रीनिवासन रामानुजन के जन्म दिन के अवसर पर मनाया जाता है तथा गणित के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है। प्राचार्य द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि श्रीनिवासन रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में विभिन्न सूत्र दिए है, जो विज्ञान की सभी क्षेत्रों में उपयोग में आता है एवं आज-कल विज्ञान सहित सामाजिक विज्ञान क्षेत्रों में शोध कार्यों में गणित के बिना कुछ कर पाना संभव नहीं हैए और नए टेक्नोलॉजी के विकास में भी गणित अत्यंत उपयोगी है। महाविद्यालय के गणित विभाग के अतिथि व्याख्याता पोषण साहू ने कहा कि भारतीय लोग वेदों के समय से ही गणित में निष्णात थे और विभिन्न गणितीय संक्रियाएं भी विश्व को भारत की देन है। उन्होंने ने डॉ. श्रीनिवास रामानुजन के द्वारा दिए गए सूत्रों से गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक शास्त्र एवं कासमोलॉजी के आधुनिक शोध कार्यों में उपयोगिता की जानकारी भी दी। भौतिक विभाग की अतिथि व्याख्याता कु. डाकेश्वरी साहू रामानुजन के शोध मंटन फिजिक्स के योगदान को रेखांकित किया।

शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो समाज : देवांगन

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सेमरिया ब में गुरुघासी बाबा की जयंती का कार्यक्रम हुआ। इसमें के के देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शामिल हुए। श्री देवांगन ने सभी को गुरु घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम की शुभकामनाए दी। उन्होंने इस अवसर पर बाबा के बताए रास्ते पर चलने को कहा और बाबा के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही। शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए लोगों को जागरूक होने की बात कही साथ ही मानव समाज को जाति, भेद भाव से हटकर बाबा जी के बताए संदेश मनखे मनखे एक समान का पालन करते हुए समरसता बनाए रखने की

बात कही। इस अवसर पर गांव के सरपंच राजकुमार यदु, पूर्व सरपंच पीला राम बंजारे, गजेंद्र साहू, आनंद मिरी, टेकराम मिरी, उपसरपंच विनोद, पंच गण एवम ग्राम वासी उपास्थित थे।

रामायण मेले में शामिल होंगे कामदगीरी पीठाधीश्वर

भाटापारा/नवप्रदेश। सरयू साहित्य परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा के निर्देश पर रामायण मेला के प्रमुख पं विमल तिवारी के नेतृत्व ललित सिंह ठाकुर, मुकेश शर्मा के सानिध्य में कामदगीरी पीठाधीश्वर मदन गोपाल से मुलाकात कर भाटापारा में होने वाले राष्ट्रीय रामायण मेले में आने निमंत्रण दिया। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकारते हुए अपनी सहमति दी। माना जाता है कि भगवान श्री राम ने 14 वर्ष के वनवास काल में साढ़े ग्यारह वर्ष चित्रकूट में ही व्यतीत किया। जगह विभिन्न प्रसंगों के साक्ष्य इसकी कहानी भी कहते हुए प्रतीत होते हैं। भगवान राम के जीवन महागाथा की अनुपम एवं विराट प्रसंग से चंहुओर गुलजार यह क्षेत्र धाम को परिभाषित करते हुए सदैव से आम जन के परम आस्था का केन्द्र भी बने हुए हैं। इनमें कामदगीरी पर्वत की विशेष महत्ता है। माना जाता है कि इसी पर्वत पर भगवान का निवास था। इसकी परिक्रमा सभी विषादों को दूर करने वाली एवं सुख समृद्धि एवं प्रसन्नता प्रदान करने वाली होती है।
वर्ष भर चित्रकूट धाम में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

बृजमोहन को शिक्षामंत्री की जिम्मेदारी मिलना उत्साहवर्धक : शिक्षक फेडरेशन

अनुभव एवं निर्णय लेने की क्षमता से समस्याओं का समाधान होगा : राजेश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक मुकुल साव, जिला अध्यक्ष पीआर झाड़े, पीएल साहू, जितेंद्र बघेल,

बृजभान सिन्हा, सीएल चंद्रवंशी, वीरेंद्र रंगारी, सोहन निषाद, अब्दुल कलीम खान, भूषण साव, स्वाति वर्मा, नवीन कुमार पांडे, उत्तम डड़सेना, देवचंद बंजारे, शिव प्रसाद जोशी, खोम लाल वर्मा, हेमंत पांडे, लीलाधर सेन, पुष्पेंद्र साहू, संजीव मिश्रा, हेमंत दोंदिलकर, श्रीमती संगीता ब्यौहरे, श्रीमती अभिषिक्ता फंदियाल, सुधांशु सिंह, पायल देवांगन, वंदना पानसे, शिरीष कुमार पांडे, रमेश साहू, राजेश शर्मा, नरेश प्रसाद दुबे, रानी ऐश्वर्य सिंह ने बृजमोहन अग्रवाल को स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्री का दायित्व मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के अव्यवस्थित कार्यप्रणाली को सुधारने में बृजमोहन अग्रवाल का अनुभव तथा उनके निर्णय लेने की क्षमता से शिक्षक संवर्ग के विभागीय सेवाकालीन मुद्दों का समाधान होगा। फेडरेशन का कहना है कि राज्य स्तर पर पदोन्नति विगत पांच वर्षों से लंबित है। स्कूल शिक्षा विभाग के भर्ती पदोन्नति नियम 5 मार्च 2019 में वर्णित नियमों एवं प्रावधानों के विरुद्ध वरिष्ठता सह उपयुक्तता को दरकिनार करते हुए प्रशासकीय पदों पर पदीय जूनियर व्यक्ति को पदस्थ किया गया है, जिसके कारण प्रशासकीय व्यवस्था एवं नियंत्रण बिगड़ गया है।

विभागीय अधिकारी के उच्च पद पर जुनियर व्यक्ति पदस्थ हैं। सीनियर व्यक्ति अपने जूनियर के अधीन काम करने विवश हैं, जिसके कारण प्रशासकीय असंतुलन पैदा हो गया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर से हितग्राही लाभान्वित

- उज्ज्वला योजना के तहत हितग्राहियों को गैस सिलेंडर वितरित

नगरी/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर शनिवार को नगर पंचायत नगरी के राजा बाड़ा स्थित मैदान में आयोजित किया गया। शिविर के अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा, जिला महामंत्री प्रकाश बैस, अध्यक्ष मोहन नाहटा, जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, सरपंच महेंद्र नेताम, जिला मीडिया प्रभारी राम गोपाल साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंद यादव, मंडल मंत्री बलजीत छाबड़ा, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी चेलेश्वरी साहू यशोदा साहू ओमी ठाकुर राजा पवार पार्षद अश्वनी निषाद भूपेंद्र साहू प्रकाश पुजारी विनीता कोठारी नरेंद्र नाग आदि उपस्थित थे। शिविर में पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास का अनुज्ञा पत्र, उज्ज्वला गैस सिलेंडर चूल्हा अतिथियों ने प्रदान किया। इस दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने शिविर में लगे सभी स्टालों का

अवलोकन किया। संबंधित शासकीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी पत्र नागरिक केंद्र सरकार की किसी भी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सहजता एवं सरलता से प्राप्त करने से वंचित न रह जाएं।

शिविर में जन स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। नागरिकों को चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी। इस शिविर में 400 से अधिक लोगों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। शिविर में 10 हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी में सफलता की कहानी सुनाई। वार्ड क्रमांक 11 के योगेश देवांगन, फहीम खान ने बताया कि उन्हें पीएम आवास मिलने से बरसात के दिनों में होने वाली तकलीफ से बच पाएंगे। इसके लिए वे पीएम मोदी के आभारी हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सोन ने किया। आभार व्यक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश चंद्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप अभियंता झनक ऊईके लेखपाल सोनू सैनिक राजस्व अधिकारी राजेंद्र साहू कामता प्रसाद साहू भूपेंद्र कौशल दीपक साहू दुर्गेश साहू खिलेश्वर साहू सतीश यादव ईश्वर कुलदीप मितानिन दीदी, स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो ने सहयोग दिया।

सीएम के नेतृत्व में पीएम मोदी की गारंटी को पूरा कर रही सरकार : शर्मा

- डिप्टी सीएम दूसरे दिन भी कबीरधाम के वनांचल क्षेत्र के दौरे पर
- ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं से कर रहे हैं संवाद

कवर्धा/नवप्रदेश। डिप्टी सीएम और कवर्धा विधायक विजय शर्मा शनिवार 30 दिसंबर को दूसरे दिन भी वनांचल क्षेत्र में दौरे पर रहे। शनिवार सुबह 8 बजे वनांचल क्षेत्र के दौरे पर निकले। चिल्फी मुख्यमार्ग पर पड़ने वाले गांवों में पहुंचकर विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति परिवार, किसान, ग्रामीणजन, महिलाएं और युवाओं से सीधा संवाद कर रहे हैं। ग्रामीणों की मांग पर सर्व समाज के लिए सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक मंच, सहित मूलभूत सुविधाओं की घोषणा की। इसके बाद श्री शर्मा सुदूर वनांचल ग्राम बोक्करखार पहुंचे। उन्होंने सिवनी, समनापुर, शितलपानी, बहनाखोदरा, सिवनिकला, चिल्फी और बोक्करखार में छोटी सभा ली। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2023 के दिसंबर में माह में हमारी नई सरकार बनी है और सरकार के मुखिया, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शपथ लेने के बाद प्रधामनंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा है। राज्य के 18 लाख परिवारों को पक्का आवास, किसानों को पिछले 2 साल का धान का बोनस दे कर गारंटी को निभाया है। इसी प्रकार किसानों से एक और वादा को पूरा करते हुए इसी साल से ही 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा हमने किसानों को धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रुपए में खरीदने का वादा किया है, उसे भी पूरा करेंगे। प्रदेश के किसानों को धान की राशि एकमुश्त दी जाएगी। हम किसानों को शेष राशि क़िस्त-क़िस्त में नहीं देंगे। सीएम साय के नेतृत्व में पीएम की गारंटी को पूरा किया जाएगा। उन्होंने विशेष पिछड़ी बैगा परिवार से संवाद करते हुए कहा कि आने वाले समय में हमारी सरकार कबीरधाम जिले में निवासरत सभी बैगा परिवारों के लिए पक्के घर की व्यवस्था करेगी।

पीएम मोदी विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को उनके रहने के लिए पक्का घर के साथ मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सड़क, दूरसंचार, शिक्षा की पूरी व्यवस्था हो इस बात की चिंता कर रहे हैं। विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति परिवारों के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना बनाई गई है। इस योजना का क्रियान्वयन कबीरधाम जिले में भी शुरू हो गई है। आने वाले समय में कबीरधाम जिले सभी बैगा गांव को शामिल किया जाएगा।

लगाई सौगातों की झड़ी

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम समनापुर में बाउंड्रीवाल के लिए 7 लाख, सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 2 लाख, ग्राम बरबसपुर में बिजली पोल शिफ्टिंग के लिए 5 लाख, शौचालय निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए, ग्राम तीतरी में सामुदायिक हाल के लिए 10 लाख, सिवनीखुर्द में सामुदायिक हाल के लिए 10 लाख, ग्राम सोनवाही में बालक आश्रम के लिए 10 लाख देने की घोषणा की। ग्राम झलमला में बस स्टैंड के लिए हर संभव प्रयास करने का विश्वास दिलाया।

ग्राम शितलपानी में दो अलग-अलग सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 2-2 लाख देने की घोषणा की। ग्राम चिल्फी में सरस्वती शिशुमन्दिर के लिए 7 लाख रुपए, ग्राम बेंदा में सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए, ग्राम बोक्करखार के आमापानी में तेंदूपत्ता फड़ खोलने के घोषणा की। इसके अलावा बोक्करखार शम्भूपिपर में मंच निर्माण के लिए 3-3 लाख,देने की घोषणा की। इसी प्रकार मुडघुसरी मैदान तक पहुँचमार्ग, बाहपानी से बारहापानी तक, महली घाट सड़क की मांग पर इस आगामी बजट में शामिल कराने की बात कही।

एमएलए दीपेश का धोबी समाज ने किया सम्मान

बेमेतरा/नवप्रदेश। नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू का सम्मान धोबी समाज मंच पर धोबी पगड़ी पहनाकर, शाल, श्रीफल और बड़े माला से समाज के प्रदेश सलाहकार व भाजपा नेता अनिल रजक के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान जिला धोबी समाज के सभी पदाधिकारियों का भी अभिनंदन किया गया। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि धोबी समाज ने जो सम्मान उनको दिया है उसे वो कभी नहीं भूलेंगे, जहां जरूरत पड़ेगी अवश्य ही उनका सहयोग करेंगे। वे सम्मान के लिए धोबी समाज के आभारी हैं। इस अवसर पर समाज के जिलाध्यक्ष मेघनाथ निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रामकुमार निर्मलकर, प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र निर्मलकर, प्रदेश युवा महासचिव पोषण निर्मलकर, प्रदेश सलाहकार अनिल रजक, आईटी सेल जिलाध्यक्ष हरि निर्मलकर, बेरला अध्यक्ष नारायण प्रसाद निर्मलकर, देवरबीजा राज अध्यक्ष बुधराम निर्मलकर, बाबा मोहतरा राज अध्यक्ष बुधारी निर्मलकर,

सचिव विश्राम निर्मलकर, देवरबीजा उपाध्यक्ष जनक निर्मलकर, सचिव संतु निर्मलकर, कोषाध्यक्ष विष्णु निर्मलकर, जिला संगठन मंत्री डा. प्रकाश निर्मलकर, उपसरपंच नरहर निर्मलकर तेलगा, बेरला कोषाध्यक्ष रोहित निर्मलकर सोरला, नारायण निर्मलकर, राजाराम निर्मलकर केवाछी, विकास निर्मलकर, रिखी निर्मलकर आदि मौजूद थे।

■ न्यूज गैलरी

महंत को नेताप्रतिपक्ष बनाए जाने पर दी शुभकामनाएं

नगरी/नवप्रदेश। आदिवासी कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव टेश्वर सिंह ध्रुव ने रायपुर जाकर डॉ चरणदास महंत के नेताप्रतिपक्ष बनने पर गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं दी।

तेंदूपत्ता संग्राहकों के 193 बच्चों को मिली 31 लाख छात्रवृत्ति

कवर्धा/नवप्रदेश। तेंदूपत्ता संग्राहक जिन्होंने 1 वर्ष में 500 गड्डी तेंदूपत्ता तोड़े हैं। उनके बालक-बालिकाओं को व्यावसायिक कोर्स के लिए 25,000 रूपए चार वर्ष में, गैर व्यवसायिक कोर्स के लिए 12000 रूपए तीन वर्ष में, 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 10 वीं के छात्र-छात्राओं को 15000 रूपए तथा 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को 25000 रूपए का 01 मुश्त भुगतान दिया जाता है। वनमंडलाधिकारी चूडामणि सिंह ने बताया कि 27 दिसंबर को वर्ष 2022-23 शैक्षणिक वर्ष के 157 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को 29 लाख 45 हजार, व्यवसायिक शिक्षा के लिए 5 छात्र-छात्राओं को 50 हजार तथा 31 छात्र-छात्राओं को 1 लाख 55 हजार रूपए का भुगतान उनके खाते में किया गया। वनमंडलाधिकारी श्री सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा आम जनों से अपील है कि प्रत्येक संग्राहक 500 गड्डी गुणवत्तायुक्त तेंदूपत्ता क्रय कर निकटवर्ती तेंदूपत्ता फड़ में बिक्री करें ताकि उनके बालक-बालिकाओं को छात्रवृत्ति का लाभ एवं परिवारजनों को बीमा का लाभ प्राप्त हो सके।

स्कार्पियो-ट्रैक्टर में भिड़ंत, चालक गंभीर

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले में गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात सड़क हादसा हो गया। गन्ने से भरे ट्रैक्टर और स्कार्पियो में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए और वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना बालोद के तरौद पेट्रोल पंप के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार, देर रात स्कार्पियो चालक बालोद की तरफ अपने घर जा रहा था और ट्रैक्टर करकाभाठ शक्कर कारखाना गन्ना लेकर बेचने जा रहा था। इस दौरान तरौद पेट्रोल पंप के पास स्कार्पियो और ट्रैक्टर के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे में स्कार्पियो चालक घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। इधर मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। वहीं स्कार्पियो पर लिखे छत्तीसगढ़ शासन के सवाल पर पुलिस ने बताया कि, कुछ महीने पहले विधानसभा चुनाव में गुंडरदेही एसडीएम मनोज मरकाम के लिए गाड़ी लगाई गई थी, यह वही गाड़ी है। चुनाव के दौरान यह 45 दिन तक चली थी। गाड़ी का मालिक ग्राम सिवनी निवासी लीलसेकुमार सिन्हा है। वह कृषि उपज मंडी में काम करता है। चुनावी ड्यूटी पर लगे स्कार्पियो का काम खत्म होने के बाद भी वाहन मालिक ने गाड़ी में लिखा छत्तीसगढ़ शासन अब तक नहीं हटवाया था। यह तो लापरवाही का एक मामला है जो सामने आया है।

डिप्टी सीएम का वनग्राम खारा और निवासपुर में स्वागत

कवर्धा/नवप्रदेश। बोड़ला ब्लाक वनांचल क्षेत्र में पहले दौरे पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का ग्राम खारा और निवासपुर में ऐतिहासिक स्वागत किया गया। वनांचल के युवाओं ने उनके स्वागत में बाइक रैली निकाली। रैली के साथ उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा निवासपुर पहुँचे। गांव की महिलाओं ने पुष्प से उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया और तिलक लगाकर अभिनंदन किया। गांव के युवाओं, जवानों, किसानों एवं ग्रामीणों ने भी स्वागत किया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा निवासपुर में सभा ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में 18 लाख परिवार को प्रधानमंत्री आवास का स्वीकृत दी। हमारी सरकार मोदी की सभी गारंटी को पूरा करेगी,यह हम पूरे विश्वास के साथ बोल रहे है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने निवासपुर के ग्रामीणों की मांग पर मंच निर्माण के लिए 4 लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने किसानों की मांग पर निवासपुर में आने वाले में वर्ष मे धान खरीदी खोलने की घोषणा की। ग्रामीणों की मांग पर निवासपुर में हैंडपम्प खनन करने के अधिकारी को निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, अनिल ठाकुर, श्री नितेश अग्रवाल, विदेशी राम धुर्वे, मनीराम साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, रामप्रसाद बघेल, ईश्वरी साहू, जग्गू साहू, भुनेश्वर पटले, डॉ. आनंद मिश्रा, श्री मंगलूराम पोर्ते, हेमचंद चंद्रवंशी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और स्थानीय पंच-सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन महिलाएं, किसान और युवाजन उपस्थित थे।

गांव, गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं की हमारी साय सरकार : विजय

कवर्धा/नवप्रदेश। डिप्टी सीएम बनने के बाद कवर्धा विधायक विजय शर्मा शुक्रवार को वन ग्रामों के दौरे पर पहली बार पहुंचें। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का वनग्राम लोहारीडीह, भेलवाटोला, खमरिया में ऐतिसाहिक स्वागत हुआ। महिलाओं-बुजुर्ग माताओं और ग्रामीणों ने श्री शर्मा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। आरती उतार कर तिलक लगाया। इस अवसर पर लोक नर्तक दलों द्वारा स्वागत किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय की गांव, गरीब, किसान, महिलाओं, युवाओं की सरकार है। ग्राम लोहारीडीह, भेलवाटोला, ग्राम खमरिया मे आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद भी किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ग्राम लोहारिडीह में आंगनबाड़ी मरम्मत के लिए 1 लाख, सर्व समाज के सामुदायिक भवन 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने वार्ड 5 और 6 में दो हैंडपंप खनन कराने की घोषणा की। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने और प्राथमिकता से पूरा करने का भरोसा दिलाया। ग्राम भेलवाटोला में आयोजित कार्यक्रम में सर्वसमाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए10 लाख देने और पेयजल के लिए एक हैंडपंप खनन कराने की घोषणा की। उन्होंने आंगनबाड़ी क्रमांक 2 के मरम्मत कार्य के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। ग्राम खम्हरिया के किसानों ने स्थानीय नाला में सिचाई के लिए डायवर्सन निर्माण की मांग की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने किसानों की मांगों पर अपनी सैद्धान्तिक सहमति देते हुए संबधित विभाग के अधिकारी को परीक्षण कराने और निर्माण संबधित प्राक्कलन बनाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि निर्माण की लागत अगर कम होगी तो स्थानीय स्तर पर स्वीकृति की कार्यवाही की जाएगी। निर्माण कार्य की लागत अधिक होने पर स्वीकृति के लिए आगामी बजट में शामिल कराने की घोषणा की। उन्होंने सर्व सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख, सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, अनिल ठाकुर, नितेश अग्रवाल, विदेशी राम धुर्वे, मनीराम साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, रामप्रसाद बघेल, ईश्वरी साहू, जग्गू साहू, भुनेश्वर पटले, डॉ. आनंद मिश्रा, मंगलूराम पोर्ते, हेमचंद चंद्रवंशी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और स्थानीय पंच-सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन महिलाएं, किसान और युवाजन उपस्थित थे।

दुर्घटनाग्रस्त ट्रक मालिक को उपभोक्ता आयोग में मिला इंसाफ

कांकेर/नवप्रदेश। विगत सप्ताह जिला उत्तर बस्तर उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कांकेर की अध्यक्ष सुजाता जायसवाल तथा अधिवक्ता सदस्य डाकेश्वर सोनी ने एक अत्यंत विशेष फैसले में क्षतिग्रस्त ट्रक के बीमा की राशि नहीं देने वाली बीमा कंपनी को सबक सिखाया है। विवरण के अनुसार परिवादी रमेश कुमार कुमेटी ग्राम कड़मे तहसील अंतागढ़ द्वारा 6 वर्ष पूर्व श्रीराम लूटजी ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी कांकेर से 27 लाख रुपए में ट्रक का सौदा किया था। जिसकी बीमा राशि 27 लाख 50 322 श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी जयपुर राजस्थान से तय हुई थी जिसकी किस्तें रमेश कुमार नियमित जमा कर रहा था। दुर्भाग्यवश 3 अक्टूबर 2019 को मेटाबोदली लोह खदान से लौह भरकर उतर रही ट्रक का ब्रेक फेल हो गया और गाड़ी खाई में गिरकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। परिवादी रमेश ने बाकायदा लिखित शिकायत थाने में की थी और बीमा कंपनी को भी सूचित किया था। इसके अलावा रायपुर स्थित वर्धमान ऑटो कंपनी से व्हीकल सुधार हेतु एस्टीमेट 38 लाख 27,284 का दिया था लेकिन बीमा कंपनी ने कुछ नहीं किया। केवल सर्वेयर (हानि निर्धारक) लगा दिया। जिसने बीमा कंपनी का अनावश्यक पक्ष लेते हुए 38 लाख की हानि को मात्र 5 लाख की हानि बताया और ट्रक विक्रेता द्वारा भी बार-बार नोटिस देकर परिवादी को मानसिक तथा आर्थिक रूप से परेशान किया जाने लगा। आखिरी में पीड़ित उपभोक्ता रमेश कुमार ने मजबूर होकर अंत में उपभोक्ता आयोग का दरवाज़ा खटखटाया जहां उसे न्याय मिला,फ़ैसले के अनुसार बीमा कंपनी द्वारा संपूर्ण राशि 27,50,322/ रुपए और उस पर परिवाद प्रस्तुति 27 फरवरी 2021 से संपूर्ण रकम दी जाने तक 7त्न वार्षिक ब्याज देना होगा और एक माह के अंदर भुगतान नहीं किए जाने पर ब्याज की राशि 9त्न वार्षिक कर दी जाएगी।

व्यय और लेखा समाधान की बैठक हुई

कांकेर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक सुशांत कुमार की अध्यक्षता में अभ्यर्थी तथा अभिकर्ताओं की लेखा समाधान की बैठक आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में समय पर त्रुटि रहित लेखा दाखिल करने की विधि, दस्तावेजों की पूर्णता, बैंक विवरण सहित सभी प्रमाणिक वॉऊचर को पूर्ण करने संबंधी सुझाव दिया गया। व्यय-लेखा दाखिल करने की अंतिम तिथि 02 जनवरी निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-78 के अनुसार निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन के परिणाम घोषित होने के 30 दिन के अंदर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने निर्वाचन व्ययों के लेखे की सही प्रतिलिपि दाखिल करनी होती है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मारबल, एसडीएम मनीष साहू, कोषालय अधिकारी रामानंद कुंजाम सहित निर्वाचन अभ्यर्थी एवं अभिकर्ता उपस्थित थे।

पीएम आवास योजना से पका घर का कमलेश्वर का सपना पूरा

कांकेर/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के ग्राम किरगोली में आयोजित कार्यक्रम में 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कमलेश्वर मंडावी ने बताया कि पहले उनका परिवार मिट्टी के मकान में रहते थे। खपरैल का मकान होने के कारण बरसात के दिनों में घर में जगह-जगह पानी टपकने से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था। साथ ही मिट्टी के दिवाल के गिरने का भी डर लगा रहता था। श्री मंडावी ने बताया कि वे गरीब किसान है और पक्का मकान बनाने में असमर्थ था। फिर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उनका पक्का मकान बना और उनकी कच्चे मकान में होने वाली परेशानियां दूर हुईं। अब उनका स्वयं का मकान बनाने का सपना पूरा हुआ, अब वे और उनका परिवार पक्के मकान में सुकून से रहते हैं। श्री मंडावी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिलने पर केन्द्र सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

गृहिणी यमुना को खाना बनाने में हो रही सहूलियत, अब समय भी बच रहा

कांकेर/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के ग्राम किरगोली में 28 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के माध्यम से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राही श्रीमती यमुना उइके ने बताया कि पहले चूल्हे में लकड़ी जलाकर खाना बनाने के दौरान चूल्हे से निकलने वाले धुंए के कारण पूरा किचन धुंए से भर जाता था। इसके कारण आंखों में जलन के साथ-साथ सांस की समस्या भी होती थी। उन्होंने आपबीती सुनाते हुए कहा कि जब से पीएम उज्ज्वला योजना के तहत उन्हें गैस कनेक्शन मिला है तब से खाना बनाने में बहुत सुविधा होती है। अब समय की भी बहुत बचत होती है और रसोई घर का वातावरण भी स्वच्छ और अनुकूल रहता है। पहले चूल्हा का ईंधन तलाशने जंगलों से इधर उधर भटकना पड़ता था। कई बार तो जंगली जानवरों के खतरे का भी खौफ बना रहता था। यह भी बताया कि उनकी रसोई में गैस चूल्हा के आ जाने से लकड़ी की भी बचत हो रही है और पर्यावरण का भी संरक्षण हो रहा है।

खिलेश्वरी प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से लाभान्वित

नारायणपुर/नवप्रदेश। विकसित भातर संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन जिले के ग्राम पंचायत बिंजली में आयोजित की गई थी। बिंजली के खिलेश्वरी सहारे ने अपने जुबानी मे प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ लेने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रथम पुत्री के जन्म होने पर दो किस्तो में पांच हजार रूपये प्राप्त हुए। इस पैसे से अपने बच्चे के पालन पोषण एवं कुपोषण से दूर रखने तथा बीमारियों का इलाज कराने के लिए उपयोग किया। महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर के द्वारा प्रथम पुत्री जन्म होने पर सुकन्या योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया तब मैने अपने पुत्री के नाम से सुकन्या योजना का आवेदन जमा की। महिला बाल विकास विभाग से जानकारी प्राप्त हुई है कि बेटियों के नाम पर निवेश करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत सालाना 10,000 रुपए की रकम जमा की जा सकती है जो मैच्योरिटी के समय 4.48 लाख रुपए को जाएगी।

खजरी में शामिल हुए संयुक्त सचिव चौबे

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। संयुक्त सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास अशोक चौबे ने जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम खजरी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम का अवलोकन किया। श्री चौबे के सामने ड्रोन प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग इस यात्रा में अपने अपने विभाग के योजनाओं के डाटा जिसमें गांव मे कितने लोग हैं और कितने का आयुष्मान कार्ड बना है। ऐसे डाटा सभी विभाग शिविर मे रखेंगे और कितनों को लाभ दिया गया उस दिन और जो बचे उनके लिए क्या प्लान है। ये जानकारी सभी विभाग सभी शिविर मे देंगे। इस अवसर पर परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी, सीईओ योगेश्वरी बर्मन आदि उपस्थित थे। जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम जलगढ़ और जामपाली में वीबीएसवाय कार्यक्रम किया गया। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम खमहारडीह और सिरोली में किया गया। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम गाताडीह, हरदी, खुरसुला में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया, जहां जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाया गया था। जिले के नागरिकों को शिविर के माध्यम से विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन का महिलाओं ने स्वागत एवं पूजा अर्चना की।

ड्रोन से किया जा रहा है नैनो यूरिया का छिड़काव

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। हमारा देश कृषि प्रधान देश है, तथा इस क्षेत्र में दिन प्रतिदिन नई-नई तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले में ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ के अंतर्गत गांव गांव में शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमे कृषि विभाग द्वारा ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव प्रदर्शन किया जा रहा है, जो की कृषकों के मध्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कृषि विभाग द्वारा जिले में ड्रोन प्रदर्शन का कार्य एन एफ एल कंपनी को आबंटित किया गया है जिनके द्वारा हैदराबाद के ड्रोन तथा प्रशिक्षित पायलट द्वारा कृषकों के खेतों में नैनो यूरिया का छिड़काव का प्रदर्शन कर इस संबंध में कृषकों को विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है। गौरतलब है कि ड्रोन के माध्यम से केवल 10 लीटर पानी से 7-10 मिनट के भीतर एक एकड़ के फसल में नैनो यूरिया या अन्य दवा का छिड़काव किया जा सकता है। ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव करने से लगभग 90 प्रतिशत पानी के साथ साथ समय का भी बचत होता है, एवं मजदूर की समस्या से भी बचा जा सकता है। शासन के मंशा अनुसार यह तकनीक कृषि कार्य को गति प्रदान करेगी साथ कृषकों के उन्नति में भी सहयोग प्रदान करेगी। बलौदाबाजार भाटापारा जिले में इसको कंपनी द्वारा 3 महिलाओं को ड्रोन पायलट के रूप में तैयार किया गया है। ड्रोन पायलट के रूप में निरुपा साहू ग्राम लाहोद, जिया यदु, ग्राम तरेंगा, मालती साहू, सुहेला ने ग्वालियर से 15 दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। ये शीघ्र ही जिले को अपना सेवा देंगे। इफको कंपनी द्वारा इन महिलाओं को ड्रोन प्रदाय किया जाएगा जिसे वे कृषकों के मांग अनुसार उनके खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया या अन्य दवा का छिड़काव करेंगे।

कनकलता केदारकंठा में लहराएगी तिरंगा

गरियाबंद/नवप्रदेश। हमर संस्कृति हमर पहचान और छत्तीसगढ़ के मान सम्मान के लिये गरियाबंद की बेटी कनकलता केदारकंठा पर चढ़ने का प्रयास करेगी। इसकी ऊंचाई 12500 फीट बताई जाती है। शुक्रवार को वह गरियाबंद से केदारकंठा के लिए रवाना हुई। इस दौरान गरियाबंद नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन और सभापति वंश गोपाल सिंह ने उसे सम्मानित किया साथ ही उसको शुभकामनाए भी दी। इस दौरान नपा अध्यक्ष मेमन ने कहा कि गरियाबंद की बेटी ने पर्वतारोहण का निर्णय लिया है वह सराहनीय है। गरियाबंदवासियों की ओर से शुभकामनाएं देते हैं उनकी यात्रा सफल हो।

अपनी पर्वतारोहण को लेकर कनकलता ने बताया कि छत्तीसगढ़ की पहचान को पूरे विश्व पटल में स्थापित करने के उद्देश्य से कर रही हैं। यहाँ वह छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भगवान श्रीराम के ननिहाल कौशल्या माता मंदिर चंद्रखूरी, विश्व प्रसिद्ध विशालतम शिवलिंग भूतेश्वनाथ महादेव गरियाबंद, 300 फ ीट ऊंचे तीरथगढ़ जलप्रपात बस्तर, छत्तीसगढ़ के सबसे प्राचीन मंदिर लक्ष्मणेश्वर महादेव शिवरीनारायण, दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ी संस्कृति, वेशभूषा, लोक नृत्य को प्रमोट करेगी। इसके लिए पोस्टर भी लगाएगी। इसके अलावा हसदेव जंगल बचाओ अभियान भी उनके यात्रा के उद्देश्य में शामिल हैं। गौरतलब है कि कनकलता सिंह गरियाबंद के शिक्षक सत्येंद्र नारायण सिंह और हेमलता सिंह की पुत्री है। कनकलता ने बताया कि शुक्रवार को वह गरियाबंद से रायपुर के लिए निकली है। रायपुर से दिल्ली और दिल्ली से देहरादून तक ट्रेन से पहुंचेगी। देहरादून के साकरी से अपनी चढ़ाई शुरू करेगी।

खरीदी लक्ष्य से दूर बालोद, 22 दिनों में खरीदनी होगी 58 हजार किसानों से धान

बालोद/नवप्रदेश। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अब आने वाले साल में होगी। बचे हुए हजारों पंजीकृत किसान नए साल 2024 में अपना धान बेचेंगे। साल 2023 में 1 नवंबर को शुरू हुए धान खरीदी कार्य को दो माह होने को है। दिसंबर में अंतिम बार शुक्रवार को धान खरीदी हुई। शनिवार और रविवार होने के कारण धान खरीदी नहीं होगी क्योंकि ये दोनों दिन शासकीय अवकाश वाला दिन है। दो दिन बाद नए साल 2024 की शुरुआत होगी सोमवार को नए साल का पहला दिन रहेगा। 31 जनवरी को धान खरीदी का अंतिम दिन होगा।

ऐसे में जनवरी में भी किसानों को धान बेचने के लिए मात्र 22 दिनों का ही समय मिलेगा। जबकि बचे हुए 9 दिनों में 1 दिन 26 जनवरी गणतंत्र दिवस तथा शनिवार और शासकीय अवकाश के कारण खरीदी बंद रहेगी। जिला से लेकर प्रदेश भर में भी धान खरीदी का टारगेट अगर पूरा नहीं हुआ तो सम्भवतः खरीदी की तिथि बढ़ाई जा सकती है। इस संबंध में शासन से अबतक कोई आदेश नहीं आया है। 30 लाख क्विंटल से भी अधिक धान की खरीदीः नए वर्ष 2024 में 31 जनवरी धान खरीदी की जाएगी। किया जाएगा। नए वर्ष में केवल 22 दीन ही खरीदी होगी इन 22 दिनों में जिले के 58,665 पंजीकृत किसान 30 लाख क्विंटल से अधिक धान जिले के उपार्जन केंद्रों में बेचेंगे। बालोद जिले में 68 लाख 65 हजार 880 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। जिले में पंजीकृत किसान 1 लाख 49 हजार 184 हैं। इसमें से अबतक 90519 किसानों ने 38 लाख 3934 क्विंटल धान बेच चुके हैं। अब तक मात्र 22 लाख 95 हजार 970 क्विंटल धान का परिवहन किया गया है।

2023 में इन स्टार खिलाड़ियों ने लिया संन्यास

नई दिल्ली। क्रिकेट की दुनिया में साल 2023 में काफी चहल-पहल रही। इस साल भारत में वर्ल्ड कप 2023 का आयोजन हुआ, वहीं वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण का भी समापन हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों ही खिताबों पर अपना कब्जा जमाकर दुनिया को एक बार फिर बताया कि क्यों वह पिछले लंबे समय से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है। इसके अलावा सालभर में कई विवाद हुए, वहीं कई स्टार खिलाड़ियों ने रिटायरमेंट लेकर अपने इंटरनेशनल करियर का भी अंत किया। आज हम आपको इन्हीं खिलाड़ियों के बारे में बताने जा रहे हैं जो 2023 में रिटायर हुए।

स्टूअर्ट और डी कॉक रहे बड़े नाम

इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने एशेज 2023 के रूप में अपनी आखिरी इंटरनेशनल सीरीज खेली। इस सीरीज के शुरू होने से पहले ही इस दिग्गज खिलाड़ी ने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। ब्रॉड के करियर की शुरुआत तो युवराज सिंह से 6 छक्के खाकर हुई थी, मगर करियर के अंत में उन्होंने दुनिया को अपना लोहा मनवाया।

वहीं साउथ अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने भी वर्ल्ड कप 2023 के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 31 साल का यह खिलाड़ी है पहले ही टेस्ट से रिटायरमेंट ले चुका है। डी कॉक अब साउथ अफ्रीका के लिए सिर्फ टी20 क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। डी कॉक ने भी अपने वनडे करियर का अंत शानदार अंदाज में किया। वह वर्ल्ड कप 2023 में 594 रनों के साथ साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

भारत के 3 खिलाड़ियों ने लिया संन्यास

सबसे पहले बात भारतीय खिलाड़ियों के संन्यास की करते हैं। इस साल कुल 3 इंडियन क्रिकेटरों ने अपने संन्यास का ऐलान किया। लिस्ट में 2007 टी20 वर्ल्ड कप विजेता टीम के खिलाड़ी जोगिंदर शर्मा का भी नाम शामिल है। जी हां, जोगिंदर ने वर्ल्ड कप 2007 के बाद भारत के लिए कोई मैच नहीं खेला, मगर 2011 तक वह आईपीएल खेलते रहे। इस साल 3 फरवरी को उन्होंने सभी फॉर्मेट से अपने रिटायरमेंट का ऐलान किया।

जोगिंदर शर्मा के अलावा इस लिस्ट में भारत के टेस्ट स्पेशलिस्ट मुरली विजय का नाम भी शामिल है। 61 टेस्ट में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करने वाले विजय ने इस साल 30 जनवरी को अपने संन्यास का ऐलान किया। उन्होंने भारत के लिए आखिरी मैच 2018 में खेला था।

लिस्ट में तीसरा नाम मनोज तिवारी का है। 3 अगस्त को इस खिलाड़ी ने जरूर सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था, मगर एक हफ्ते में ही उन्होंने यू टर्न लिया और 8 अगस्त को ऐलान किया कि वह आखिरी बार रणजी ट्रॉफी में अपनी टीम को जिताने की कोशिश करना चाहते हैं।

श्रीलंका क्रिकेट में हुए बड़े बदलाव

वानिंदु हसरंगा टी20 और कुसल मेंडिस वनडे टीम के कप्तान बने

नई दिल्ली। श्रीलंका ने शनिवार (30 दिसंबर) को जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया है, जिसमें लीडरशिप में कुछ बदलाव देखने को मिले हैं। ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा टी20 टीम के नए कप्तान नियुक्त किए गए हैं, जबकि कुसल मेंडिस वनडे टीम का नेतृत्व करेंगे। अनुभवी बल्लेबाज चरिथ अलसंका को दोनों फॉर्मेट का उप कप्तान बनाया गया है। वानिंदु हसरंगा लंबे समय बाद टीम में वापसी कर रहे हैं और चोट के बाद एक नई जिम्मेदारी निभाते हुए नजर आएंगे।

वानिंदु हसरंगा को अगस्त में लंका प्रीमियर लीग के दौरान चोट लगी थी, जिसके कारण वह कई अहम टूर्नामेंट से बाहर रहे।

श्रीलंका क्रिकेट ने ट्वीट करके लिखा, ''श्रीलंका क्रिकेट ने जिम्बाब्वे के श्रीलंका दौरे के लिए प्रारंभिक टीमों की घोषणा की। वनडे कप्तान : कुसल मेंडिस, उप कप्तान चरिथ असलंका, टी20 कप्तान :वानिंदु हसरंगा, उप कप्तानः चरिथ असलंका।''

हसरंगा ने दसुन शनाका की जगह टी20 टीम की कमान संभाली है, जो आगामी सीरीज के लिए टीम में मौजूद हैं। तीन मैचों की वनडे सीरीज 6-11 जनवरी तक होगी, जबकि तीन मैचों की टी20 सीरीज 14-18 जनवरी तक होनी है।

मेंडिस को भारत में खेले गए वनडे विश्व कप के दौरान टीम की कमान मिली थी, क्योंकि नियमित कप्तान दसुन शनाका चोटिल हो गए थे। वनडे विश्व कप में श्रीलंका का प्रदर्शन निराशाजनक था। टीम ने नौ मैचों में से सिर्फ दो में जीत हासिल की थी।

प्रारंभिक एकदिवसीय टीमः कुसल मेंडिस (कप्तान), चैरिथ असलांका (उप-कप्तान), पथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समाराविक्रमा, सहान अराचिगे, नुवानिदु फर्नांडो, दासुन शनाका, कामिंदु मेंडिस, चमिका करुणारत्ने, जेनिथ लियानगे, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दिलशान मदुशंका, दुशमंथा चमीरा, डुनिथ वेलालेज, प्रमोद मदुशन, असिथा फर्नांडो, अकिला धनंजय, जेफ्री वेंडरसे, चमिका गुणसेकेरा।

प्रारंभिक टी20 टीमः वानिंदु हसरंगा (कप्तान), चैरिथ असलांका (उप-कप्तान), पथुम निसानाका, कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, दासुन शनाका, एंजेलो मैथ्यूज, धनंजय डी सिल्वा, महीश थीक्षाना, कुसल जेनिथ परेरा, भानुका राजपक्षे, कामिंदु मेंडिस, डुनिथ वेललागे , अकिला धनंजय, जेफ्री वांडरसे, चमिका करुणारत्ने, दुष्मंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, प्रमोद मदुशन, मथीशा पथिराना।

खिलाड़ियों की जर्सी पर सऊदी को मंजूर नहीं, तुर्की के सबसे बड़े हीरो की तस्वीर...

कैंसिल करवा दिया फुटबॉल का फाइनल मैच

नई दिल्ली। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में शुक्रवार को गैलाटसराय और फेनरबाश के बीच खेला जाने वाला टर्कीश सुपर कप फाइनल स्थगित कर दिया गया. दरअसल यह पूरा माजरा राजनीतकि नारे वाली टीशर्ट पहनने को लेकर सामने आया. एक क्लब के खलिाड़ी चाहते थे कि वो राजनैतकि नारेबाजी वाली टीशर्ट पहनें.

मीडिया रिपोर्टो के अनुसार, इस्तांबुल की इन दो टीमों की इच्छा थी कि वे शाम के किक-ऑफ से पहले वार्म-अप के दौरान आधुनिक तुर्की के संस्थापक मुस्तफा कमाल अतातुर्क की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनें.

वहीं तुर्की मीडिया की रिपोर्ट में बताया गया है सऊदी अधिकारियों ने इस मांग को अस्वीकार कर दिया. हालांकि यह बात स्पष्ट नहीं हो पाई कि ऐसा क्यों हुआ है. जिसके बाद इन फुटबॉल क्लबों ने अल-अव्वल पार्क स्टेडियम (किंग सऊद यूनविर्सिटी) में सुपर कप फाइनल में खेलने से इनकार कर दिया.

क्यों हुआ फुटबॉल मैच कैंसलि, जानें वजह : सऊदी स्टेट टीवी ने रियाद सीजन के आयोजकों के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि फाइनल को रद्द करना टीमों द्वारा मैच नियमों का पालन नहीं करने के कारण हुआ.

इस बयान में कहा गया, 'इंटरनेशनल फुटबॉल रूल्स के अनुसार मैच को समय पर आयोजित करने की उम्मीद कर रहे थे, जिसमें किसी भी तरह के नारेबाजी की मनाही है, जबकि इसके बारे में तुर्की फुटबॉल महासंघ के साथ चर्चा की गई थी.' बयान में आगे कहा गया कि इस एग्रीमेंट (समझौते) के बावजूद, दोनों टीमों ने इसका पालन नहीं किया, जिसके कारण मैच नहीं हो सका.

फुटबॉल क्लब की भी आई सफाई – दोनों टीमों और तुर्की फुटबॉल फेडरेशन (TFF) की भी इस मामले में सफाई आई. एक संयुक्त बयान में ङ्क (पूर्व में ट्वटिर) पर कहा गया कि एक संयुक्त निर्णय के परिणामस्वरूप फाइनल को कुछ दिक्कतों के कारण बाद की तारीख के लिए स्थगित कर दिया गया है.

'सलार' हिंदी में पहुंची 100 करोड़ पार

नई दिल्ली। पिछले हफ्ते थिएटर्स में पहुंची सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'सलार' जनता को एक्शन एंटरटेनमेंट का धमाकेदार डोज दे रही है. पहले ही दिन इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली इंडियन फिल्म बन चुकी 'सलार' अभी भी थिएटर्स में दर्शकों का दिल जीत रही है. अपने दूसरे शुक्रवार को भी प्रभास की फिल्म थिएटर्स में सॉलिड कमाई के साथ डटी रही.

'सलार' का नेट इंडिया कलेक्शन तो तेजी से आगे बढ़ ही रहा है, मगर हिंदी वर्जन में फिल्म की कामयाबी बहुत तगड़ी है. प्रभास की फिल्म, शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' के एक दिन बाद रिलीज हुई. इतनी बड़ी फिल्म के पहले से थिएटर्स में होने की वजह से 'सलार' को शुरुआत में स्क्रीन मिलने में थोड़ी दिक्कत तो आई. लेकिन पहले ही दिन से प्रभास का स्टारडम हिंदी जनता को भी क्लीन बोल्ड कर रहा है.

'सलार' का दूसरा शुक्रवार, कमाई अब भी दमदार

प्रभास की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पहला हफ्ता गुरुवार को पूरा किया. एक हफ्ते में फिल्म का नेट इंडिया कलेक्शन 308 करोड़ रुपये से ज्यादा पहुंच गया. इसमें सबसे बड़ा शेयर फिल्म के ऑरिजिनल तेलुगू वर्जन का रहा. प्रभास की अपनी तेलुगू ऑडियंस हमेशा उन्हें तगड़ा सपोर्ट करती है. 'सलार' ने तेलुगू में 186 करोड़ कमाए, जबकि हिंदी में फिल्म ने 7 दिन में 92 करोड़ रुपये कमा लिए.

रिपोर्ट्स बताती हैं कि दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 10 करोड़ रुपये से ज्यादा नेट कलेक्शन किया है. 8 दिन में 'सलार' ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर करीब 318 करोड़ रुपये का बेहतरीन नेट कलेक्शन किया है.

प्रभास का हिंदी में भौकाल

ट्रेड एनालिस्ट निशित शॉ ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि शुक्रवार को 'सलार' ने हिंदी वर्जन से 100 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया है. दोनों 'बाहुबली' फिल्मों, 'साहो' और 'आदिपुरुष' के बाद ये प्रभास की पांचवीं फिल्म है जिसने हिंदी में 100 करोड़ का नेट कलेक्शन किया है. प्रभास अकेले साउथ के एक्टर हैं जिनकी एक से ज्यादा फिल्मों ने हिंदी में 100 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. यश, रजनीकांत, अल्लू अर्जुन, जूनियर एनटीआर-राम चरण के पास एक-एक ही फिल्में हैं जिन्होंने हिंदी में 100 करोड़ रुपये कमाए हैं.

फैमिली ऑडियंस को लगातार थिएटर्स में खींच रही शाहरुख खान की 'डंकी'

नई दिल्ली। सुपरस्टार शाहरुख खान और डायरेक्टर राजकुमार हिरानी की जोड़ी थिएटर्स में कमाल कर रही है. हिरानी की हलके मूड वाली कॉमेडी और कहानी की इमोशनल गहराई जनता को खूब पसंद आ रहे हैं. शाहरुख के साथ फिल्म में तापसी पन्नू, अनिल ग्रोवर और विक्रम कोचर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. साथ ही विक्की कौशल एक बहुत खास स्पेशल अपीयरेंस में नजर आ रहे हैं. 'डंकी' में इन सभी एक्टर्स के काम की बहुत तारीफहो रही है. पिछले हफ्ते गुरुवार को थिएटर्स में रिलीज हुई 'डंकी' ने पहले ही दिन से अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज करानी शुरू कर दी थी. पहले दिन ही लगभग 30 करोड़ की कमाई के साथ शुरुआत करने वाली शाहरुख की फिल्म, लगातार सॉलिड कमाई के साथ थिएटर्स में टिकी हुई है.

न्यू ईयर पर धमाके के लिए तैयार

बड़े जंप के लिए तैयार

न्यू ईयर का वीकेंड शुरू हो चुका है. शनिवार-रविवार को जनता सेलेब्रेशन के मूड में थिएटर्स का रुख करेगी और शाहरुख की फिल्म फैमिली के साथ थिएटर जाने के ली एक अच्छी कहानी लेकर आई है. फिल्म के इमोशंस, साफ सुथरी कहानी जनता को अपील तो कर ही रही है. न्यू ईयर वीकेंड में फिल्म की कमाई एक सॉलिड जंप के लिए तैयार नजर आ रही है.

बंद हो रहे देश के रईसजादों के विदेशी बैंक अकाउंट

आरबीआई की सख्ती ने बढ़ाई टेंशन

नई दिल्ली। केंद्रीय रिजर्व बैंक द्वारा लगाए गए सख्त नियमों के अलावा हाई मिनिमम बैलेंस की जरूरत के कारण कई इंटरनेशनल बैंक अमीर भारतीयों के खाते बंद कर रहे हैं। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीनों में दो दर्जन से ज्यादा हाई-नेटवर्थ इंडिविजुअल्स के इंटरनेशनल बैंक अकाउंट बंद कर दिए गए हैं। ये कार्रवाई दो ब्रिटिश बैंकों, एक स्विस बैंक और एक प्रमुख एमिरेट्स लेंडर की ओर से की गई है।

भारत के इन अमीरों ने आरबीआई की उदारीकृत प्रेषण योजना (स्र्क्र) के तहत विदेशों में पैसे ट्रांसफर करके बैंक अकाउंट खोले थे। इसके तहत एक स्थानीय व्यक्ति को स्टॉक, संपत्तियों आदि के जरिए प्रति वर्ष 2,50,000 डॉलर तक निवेश करने की अनुमति मिलती है। कुछ बड़े इंटरनेशनल बैंकों में मिनिमम बैलेंस कम से कम 1 मिलियन डॉलर रखने की जरूरत होती है। जिन हाई-नेटवर्थ इंडिविजुअल्स के अकाउंट में मिनिमम बैलेंस नहीं होता है, ऐसी परिस्थिति में बैंक स्टॉक और लोन में निवेश के लिए बैंक की वेल्थ मैनेजमेंट सेवा का उपयोग करने का सुझाव देते हैं। चूंकि बैंक ऐसे निवेशों से मुनाफा कमाता है, इसलिए अकाउंट में मिनिमम बैलेंस कम होने पर भी वह ग्राहक को बनाए रखना चाहता है।

इंटरनेशनल बैंक अकाउंट्स बंद होने पर सीए फर्म जयंतीलाल ठक्कर एंड कंपनी के पार्टनर राजेश पी शाह ने कहा, ''इस तरह के ईमेल प्राप्त करने वाले पक्षों को तुरंत पैसे भेजकर नियमों का पालन करना चाहिए।''

रिजर्व बैंक के नियम का भी पेच

इसमें पेच रिजर्व बैंक के नियम का भी है। रिजर्व बैंक के नियम के मुताबिक 180 दिनों के भीतर किसी इंटरनेशनल बैंक अकाउंट में पड़े निष्क्रिय पैसे को निवेश किया जाए या वापस लाया जाए। सिंगापुर के एक बैंक ने हाल ही में भारत में अपने कुछ ग्राहकों से संपर्क किया और उनसे पैसा निवेश करने के लिए कहा क्योंकि निष्क्रिय पैसे भारतीय नियमों का उल्लंघन हो सकता है।

प्रथम पेज कर शेष

युवा खिलाड़ी सपने...

पंकज राव जी ने यहां खेलने के लिए कहा और यहां आने पर मुझे बहुत अच्छा साथ एवं सहयोग मिला।

सवाल : आप कई वर्षों तक मुम्बई में रहे और खेले हैं। वहां के क्रिकेटिंग कल्चर में खड़ूस शब्द बहुत सुनाई देता है। यह क्या है इस पर बताएँ।

जवाब : आप सभी को यह जानकारी होगी कि मुंबई में लाइफकितनी तेज है। यहां अधिकतर बच्चे सुबह 5 बजे उठते हैं और तैयार होकर लोकल ट्रेन से सफर करके 7 बजे मैदान पहुचते हैं। 10 से 11 तक वे मैच खेलते हैं या प्रैक्टिस करते हैं। फिर वापस लौटकर 2 बजे से 5 बजे तक खेलते हैं और इस प्रैक्टिस के बीच जो आने जाने में समय व्यतीत होता है या ये कहें कि संघर्षपूर्ण समय होता है, तो एक सोच बनती है कि जब इतना ज्यादा संघर्ष कर रहे हैं तो मैदान में अच्छा करना ही चाहिए। इससे यह एक कल्चर बनता है। ऐसे लोगों को खड़ूस क्रिकेटर कहा जाता है।

सवाल : पहली बार आईपीएल में 2017 में दिल्ली डेयरडेविल्स और 2019-2020 में राजस्थान की टीम में अनुभवी और दिग्गज खिलाड़ियो के साथ आपको ड्रेसिंग रूम शेयर करने का मौका मिला। बहुत से वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी साथ थे। आपको कैसा अनुभव मिला?

जवाब : 2017 में जब दिल्ली के लिए चयन हुआ, तब मेरी उम्र 23 वर्ष थी। मैं चयन को लेकर काफी उत्साहित था। टीम के कोच राहुल द्रविड़ थे और टीम में जहीर खान, एंजेलो मैथ्यूज सरीखे खिलाड़ी थे जिन्हें पहले टीवी में ही देखा था। तब उनको देख के खुशी होती थी और ये फीलिंग थी कि अगर खेलने मिल जाये तो अच्छा होगा वरना इन सीनियर खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखने मिलेगा। मैं उस सत्र में टीम में होने का आनंद ले रहा था और द्रविड़ सर से बहुत बातें करता था। उनके अनुभव सुनता था और नेट प्रैक्टिस करता था। मेरे में मुख्य बदलाव तब आया, जब मैं 2019 में राजस्थान रॉयल्स के लिए चुना गया। उस समय मैं पहले की तुलना में परिपक्व हो चुका था। ड्रेसिंग रूम में स्टीव स्मिथ, जोस बटलर और बेन स्टोक्स जैसे क्रिकेटरों का साथ मिला। उनसे मैंने ये सीखा कि वे क्रिकेट को ज्यादा इमोशनली नही लेते। उनकी तुलना में हम भारतीय लोग क्रिकेट को लेकर बहुत इमोशनल हैं और जीत और हार दोनों पर बहुत अधिक प्रतिक्रिया देते है। इन सीनियर क्रिकेटर्स से क्रिकेट के बहुत से गुर तो सीखे, साथ ही मानसिक तौर पर वे अपने आप को कैसे गेम में रखते हैं, यह भी उनसे बहुत अधिक जानने को मिला।

सवाल : इन दोनों सीजन में आपको प्लेइंग 11 में स्थान नही मिला। आपने कैसे अपने आप को चार्ज रखा और इस दौरान टीम के कप्तान एवं कोच का रोल क्या होता था। वे किस तरह बेंच में बैठे खिलाड़ियो को मोटिवेट करते थे?

जवाब : जब मैं दिल्ली की टीम में था, तब काफी युवा था। उस समय प्लेइंग 11 में स्थान नहीं मिलने पर ज्यादा नहीं सोचा मैंने, पर जब राजस्थान की टीम में आया और टीम की प्लेइंग में जगह नहीं मिली तो मैं काफी निराश था। दिन के आखिर में यही सोचता था कि मैं अभी जहां हूँ, उस मुकाम पर भी कई अन्य क्रिकेटर नही पहुँच पाते। यह बात मुझे उत्साहित रखती है कि टीम में प्लेइंग 11 में कभी तो मौका मिलेगा। वहां हम अपने क्रिकेट को और अधिक सुधार के लिए भी प्रयासरत रहते थे, ताकि आगे जब हम अपने डोमेस्टिक सीजन या कॉरपोरेट सर्किट में खेलें तो और अधिक अच्छा कर पाएं।

सवाल : 2022 में आपको सनराइज़र्स हैदराबाद के लिए चुना गया। फिर 10 मैच खेलने का मौका मिला। इस दौरान क्रिकेट के मास्टर ब्रायन लारा की मेंटरशिप और विश्व के सर्वश्रेष्ठ कप्तान में से एक केन विलियमसन के सानिध्य में खेलने के अनुभव पर आप क्या कहेंगे?

जवाब : ब्रायन लारा सर के बारे में जितना कहें कम है। उनका आभामंडल ही अलग है। उनके साथ रहने से ही सकारात्मकता का संचार हो जाता है। उन्होंने जब मुझे पहली बार देखा, तो मेरे कंधे पर हाथ रखकर दोस्तों की तरह बात करने लगे। जब हम नेट्स पर थे, तब उससे पहले उन्होंने मेरी बैटिंग की पुरानी वीडियोस देखी थी। उन्होंने मुझसे कहा कि आप मुझे इम्प्रेस करने की कोशिश न करो सिर्फ अपना नेचुरल खेल खेलो। फिर मैंने जो नेचुरल बल्लेबाजी की, तो उन्हें वो पसंद आई। मैंने हैदराबाद के लिए जब डेब्यू किया, तो उसका सारा क्रेडिट उनको ही जाता है। टीम में मेरा स्पॉट छठवें सातवे नंबर के लिए था, तब लारा सर ने मुझसे कहा था कि आपको सिर्फ स्लॉग नहीं करना है। आप प्रॉपर क्रिकेटिंग शॉट खेलते हुए भी बाउंडरी लगा सकते हो इसलिए अपना फोकस इसी पर रखना।

सवाल : सफेद बॉल क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ों में से एक लोकी फर्गुसन पर आपने लगातार 3 छक्के लगाए। उस घटना ने सबका ध्यान आपकी ओर खींचा था। उस वक़्त कैसा महसूस किया?

जवाब : बहुत ही अद्भुत पल था वह। इससे पहले मैं पांच मैच खेल चुका था, पर ज्यादा बल्लेबाजी का मौका नही मिल पाया था। उस दिन बैटिंग के लिए जब मैं अपनी बारी का इंतजार कर रहा था, तब डग आउट में उमरान मलिक से बात हो रही थी। मैं उस समय थोड़ा नर्वस था, तब मलिक ने कहा कि शशांक पाजी आप क्यों नर्वस हो रहे आप जब हमको नेट्स में इतना मारते हो, तो वहां भी अच्छा ही करने वाले हो। उसके बाद मैंने मैदान में वही किया, जो मेरी सोच थी और तीनों शॉट बाउंडरी पार गए। इस पारी के बाद पविलियन में लारा सर ने मुझे गले लगा लिया और कहा कि आपने मुझे गौरवान्वित महसूस कराया तो मैंने कहा कि आपके ये शब्द मुझे हमेशा याद रहेंगे। हालांकि हम वह मैच हार गए थे, पर फिर भी मुझे वो पल ताजिन्दगी याद रहेगा।

सवाल : इस सत्र की विजय हजारे ट्रॉफी में आपका प्रदर्शन धमाकेदार रहा। दो मैच में 150+ के स्कोर और उनमें एक में 5 विकेट। यह एक अनोखा रिकॉर्ड है, जो अभी तक कोई न कर पाया है। कैसा महसूस कर रहे हैं?

जवाब : जिस मैच में मैंने 150+ का स्कोर और 5 विकेट लिए उसमें मुझे काफी फेम मिला, पर विदर्भ के विरुद्ध फंसे हुए मैच में मैंने जो 150+ का स्कोर किया, वह बहुत यादगार रहेगा, क्योंकि इस मैच में टीम का टॉप ऑर्डर जल्दी आउट हो गया था और हम 42 ओवर में 270 का चेस कर रहे थे। जब मैं आउट हुआ तो हमे 2 ओवर में 20-22 रन बनाने थे। मैं आउट न होता तो यह स्कोर चेस हो गया होता। मुझे वह मैच फिनिश करना था, पर यह नहीं हो पाया। यदि ऐसा हो जाता, तो मैं अपने आप को और अधिक आंकता, पर क्रिकेट में ऐसा होता ही है। आगे भी और मौके आएंगे।

सवाल : कुछ दिन पहले ऑक्शन में आपको पंजाब के लिए चुना गया। अब आप शिखर धवन, टोनी बेयरस्टो, कगिसो रबाडा और अपने छत्तीसगढ़ के टीममेट हरप्रीत के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करेंगे। आप किस तरह से रोमांचित हैं और क्या तैयारियां हैं?

जवाब : बिल्कुल पंजाब के अनुभवी खिलाड़ियों का लाभ मिलेगा। साथ ही हरप्रीत, जो बहुत पहले से साथ खेलते हुए आए हैं, उनकी कंपनी को भी अच्छे से एन्जॉय करेंगे। उनसे मेरी बॉन्डिंग बहुत अच्छी है। हमारे छत्तीसगढ़ के कोच है हितेश गोस्वामी जी। उनका भी मैं शुक्रिया अदा करना चाहूंगा कि उन्होंने मुझे बहुत सपोर्ट किया। तैयारियों की बात की जाए, तो अभी रणजी ट्रॉफी सीजन की शुरुआत होने वाली है। उसमें हमे छत्तीसगढ़ के लिए अच्छा करना है और क्वालीफाई कराने की पूरी कोशिश रहेगी। व्यक्तिगत तौर पर मैं अपने आप को और अधिक फिट करने का प्रयास कर रहा हूँ। इसके लिये मैं लगातार मेडिटेशन कर रहा हूँ।

सवाल : आपका फेवरेट क्रिकेटर कौन है?

जवाब : मेरे फेवरेट क्रिकेटर एबी डिविलियर्स हैं। उनकी बैटिंग की स्टाइल और साथ ही उनका जो आत्मविश्वास है, वह मुझे बहुत पसंद है। उनका आत्मविश्वास उनकी आंखों से झलकता है।

सवाल : क्रिकेट में किस कोच का प्रभाव आप पर रहा है, जिन्होंने आपको इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की।

जवाब : मेरे बचपन के कोच विद्या पराड़कर जी, डीवाई पाटिल के पूर्व डायरेक्टर अभय कुरुविला जी, पूर्व लीजेंड ब्रायन लारा जी, इनसे मैं अभी भी टच में हूँ और वर्तमान छत्तीसगढ़ के कोच हितेश गोस्वामी जी। इन्होंने गत 6 से 8 महीने में मेरी मेन्टल स्ट्रेंथ पर काफी काम किया है। इन सभी को धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाया है।

सवाल : छत्तीसगढ़ के युवा साथी जो क्रिकेट में आगे बढ़ रहे हैं, उनसे आप क्या कहना चाहेंगे।

जवाब : आप अपने सपने बड़े रखो, निडर रहो और अपने प्रति ईमानदार और अनुशासित रहो, तो देर से ही सही नतीज़े आपको मिलेंगे। प्रवीण तांबे का उदाहरण लीजिए। कितनी अधिक उम्र में वे आईपीएल खेले। सूर्यकुमार यादव 31 की उम्र में टीम इंडिया में आए। साथ ही खिलाड़ी के पेरेंट्स को भी सपोर्ट करना चाहिए। सफलता मिलने में समय लग सकता है, पर आप लगे रहेंगे तो एक मुकाम पर आप सफल जरूर होंगे।

25 रेलकर्मी रिटायर

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत् 25 रेल परिवार के सदस्य माह दिसम्बर 2023 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हुए। मंडल कार्मिक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई । इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी आर शंकरन द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज़, सेवा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा कार्मिक निपटारा शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे। मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 25 रेल परिवार के सदस्यों में परिचालन विभाग से 04, इंजीनियरिंग विभाग से 10, कार्मिक विभाग से 01, लेखा विभाग से 01, विद्युत विभाग से 06, चिकित्सा विभाग से 01, यांत्रिक विभाग से 01 तथा वाणिज्य विभाग से 01 कर्मचारी शामिल है।

आज 120 पदकों के लिए भिड़ेंगे 26 राज्यों के 536 तलवारबाज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन द्वारा 31वी जूनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला) का आयोजन अग्रसेन धाम, NH-6, G.E. Road, लाभांडी, रायपुर में दिनांक 31 दिसंबर 2023 से 03 जनवरी 2024 तक खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन एवं फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता में सम्पूर्ण भारतवर्ष से 26 राज्यों के 283 बालक एवं 253 बालिका खिलाडियों तथा अधिकारीगण सहित 800 शिरकत कर हैं ,उक्त प्रतियोगिता में कई अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाडी शिरकत कर रहें

है, पूरे स्पर्धा में 120 पदकों के लिए टीम एवं व्यक्तिगत मुकाबलों का रोमांच होगा ,कई बड़े उलट - फेर देखने को मिलेंगे जिसके साक्षी हमारे प्रदेश के छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष माननीय डॉ रमन सिंह जी होंगे, जिनके मुख्यातिथ्य में 31वीं राष्ट्रिय जूनियर फेंसिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा जिसकी अध्यक्षता श्री राजीव मेहता, महासचिव भारतीय फेंसिंग महासंघ, विशेष अतिथि ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से विधायक माननीय श्री मोती लाल साहू एवं श्री राजपाल सिंह त्यागी (पूर्व आई.ए.एस.) की उपस्थिति में सम्पन्न होगा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. एस भारती दासन, ढ्रस, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अजीत सिंह पटेल एवं महासचिव श्री बशीर अहमद खान ने जानकारी दी कि दिनांक 31 दिसंबर 2023 से चैंपियनशिप के व्यक्तिगत मुकाबले खेले जायेंगे तथा व्यक्तिगत मुकाबले की रैंकिंग के आधार पर दिनांक 02 जनवरी 2024 से टीम मुकाबले खेले जायेंगे ।

नवविवाहिता के आत्महत्या मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। नवविवाहिता द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में मृतका के परिजनों के बयान और मर्ग जांच के बाद ग्रामीण पुलिस ने मृतका के पति को धारा 306 भादवि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

उपरोक्त संबंध में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार स्थानीय शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड पटपर निवासी बाबा निषाद की पत्नी उमा निषाद ने 1 सितंबर की दरम्यानी रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में मर्ग कायम कर ग्रामीण पुलिस जांच करी। जांच के दौरान मृतका के परिजनो का कथन लिया गया जो अपने कथन मे बताये कि मृतका उमा निषाद को उसका पति बाबा निषाद आए दिन लगातार छोटी -छोटी बात पर गाली गलौज कर मारपीट करता था। मृतका 7 माह की गर्भवती थी। उमा के परिजनों को समझाने के बावजूद भी नहीं माना। इससे बाबा निषाद के खिलाफ उमा निषाद ने थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध क्रं 35/23 धारा 294, 506, 323 भादवि का रिपोर्ट करायी थी। उसके बाद भी मृतका को लगातार परेशान करते रहा। इससे परेशान होकर 1 और 2 सितंबर 23 की दरम्यानी रात मृतका उमा निषाद ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। जो धारा 306 भादवि का अपराध घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मृतका का पति बाबा निषाद के द्वारा जुर्म करना स्वीकार करने पर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किा गया । जहां से न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।

बृजमोहन अग्रवाल ने हितग्राहियों को बांटे चेक और गैस कनेक्शन

■ **विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में उमड़ी भीड़**

रायपुर/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनता को सरकारी योजनाओं की जानकारी और पंजीयन के लिए शनिवार को सामुदायिक केंद्र, मलसाय तालाब, वामनराव लाखे वार्ड में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने शिविर का उद्घाटन किया। सांसद श्री सुनील सोनी भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

लोगों को संबोधित करते हुए श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ये आयोजन किया जा रहा है। जहां लोगों को सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलेगी और मौके पर ही पंजीयन कराके इनका लाभ भी लिया जा सकता है।

केंद्र की मोदी सरकार देश के गरीबों, महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने उन्हे आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं बनाई है। उन योजनाओं का सीधा लाभ देश की जनता को मिले इसलिए इस प्रकार के शिविर का आयोजन किया गया है। श्री बृजमोहन ने कहा कि, जो व्यक्ति अपना छोटा-मोटा रोजगार करने के लिए 10 हजार रुपए तक का लोन लेना चाहता है वो स्वनिधि योजना के तहत यह लाभ ले सकता है। एक बार लोन की राशि चुका देने पर, हितग्राही को दोबारा 20 हजार और फिर 50 हजार रुपए तक का लोन मिल सकता है। ऐसे ही विश्वकर्मा योजना के तहत बढ़ई, लोहार, राजमिस्त्री और कारीगिरी का काम करने वालों को 3 लाख रुपए तक का लोन बिना किसी गारंटी के मिलेगा।

शिविर में दे रहे केन्द्र की योजनाओं की जानकारी और बता रहे लाभ लेने के तरीके

■ **12 गांवों में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर**

बालोद/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है।

विभिन्न योजनाओं के ढाई हजार हितग्राही लाभान्वित : आज जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 1956 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 86 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 54 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 113 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 214 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 38 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी-कहानी, मेरी-जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी।

आज बालोद ब्लाक के ग्राम परेंगुड़ा एवं सांकरा क और डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम देवरी, सुरसुली, खोलझर एवं पिंगाल तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम परना एवं परसतराई में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। गुरूर के ग्राम हसदा एवं भिराई तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम नलकसा एवं कुमुड़कट्टा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया।

विभागों के लगे स्टाल : कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयॉ भी वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

अधिकारियों ने आवेदन की प्रक्रिया बताई : शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन भरने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा 2 को बालोद में

■ **क्वीज और समूह नृत्य स्पर्धा का भी होगा आयोजन**

बालोद/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा केन्द्र सरकार के हितग्राही मूलक योजनाओ के संबंध में विकसित भारत संकल्प यात्रा का बालोद मंगलवार 2 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक सरदार पटेल मैदान में आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद बालोद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील अग्रहरि ने बताया कि शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्टप इंडिया, स्टैण्डअप इंडिया, आधार कार्ड पंजीयन एवं संशोधन तथा स्वास्थ्य सुविधाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में उक्त योजनाओ में हितग्राहियों का पंजीकरण का कार्य भी किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम स्थल को फ्री-वाईफाई जोन भी बनाया जा रहा है।

श्री अग्रहरि ने बताया कि इस अवसर पर क्वीज प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। जिसमें भारत सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं की पात्रता एवं अन्य संबंध में उपस्थित जनों से कार्यक्रम स्थल पर ही प्रश्न पूछे जाएंगे एवं प्रतिभागियों द्वारा सही जवाब देने पर उन्हें पुरस्कार से सम्मानित भी किया जाएगा। इसके अलावा एकल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी तीन वर्गों में शाला स्तर पर हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी के छात्र-छात्राओं के लिए, महाविद्यालय एवं आईटीआई के लिए तथा ओपन समूह पर यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी है। इन प्रतियोगिताओ में भाग लेने वाले प्रतिभागी को प्रथम पुरस्कार 2 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 1 हजार रूपये तथा तृतीय पुरस्कार 500 रूपये तथा सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। इन प्रतिभागियों का चयन निर्णायक मण्डलों द्वारा स्थल पर ही किया जाकर समारोह स्थल पर ही पुरूस्कार राशि व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जावेगा। कार्यक्रम में स्केनर, बारकोड भी लगाये गये है, जिसमें सेल्फी लेकर अपलोड करने पर भारत सरकार के पोर्टल पर प्रविष्ट किया जायेगा। इसके लिए उक्त दिवस को कार्यक्रम स्थल फ्री-वाईफाई जोन भी बनाया जा रहा है।

डड़सेना कलार समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

कवर्धा/नवप्रदेश। डड़सेना कलार समाज द्वारा रविवार को कवर्धा नगर के सरदार पटेल मैदान में वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम में युवक-युवती परिचय सम्मेलन, डड़सेना गौरव सम्मान, प्रतिभा सम्मान का आयोजन जिला स्तर पर किया जाएगा। समाज के आराध्य देव भागवन श्री सशस्त्रबाहु अर्जुन के नाम से रायपुर रोड तिराहा महिन्द्रा शोरूम के सामने चौक का भूमिपूजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे। यह जानकारी डड़सेना कलार समाज के जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि डड़सेना कलार समाज का अधिवेशन सरदार पटेल मैदान में होगा। इसमें जिले के 116 गांव के सामाजिक सवजाति जन एवं आस पास के जिलों से हजारों की संख्या में सवजाति एकत्र होंगे। इसमें समाज के 10वीं एंव 12वीं के 50 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान, समाज को गौरवान्वित करने वाले 26 सामाजिक व्यक्तियों को डड़सेना गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

गायत्री यज्ञ में शामिल हुईं सीएम की पत्नी कौशल्या

सूरजपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पत्नी कौशल्या देवी सूरजपुर पहुंचीं। मुख्यमंत्री की पत्नी सूरजपुर में चल रहे अखिल भारतीय गायत्री परिवार के 108 कुंडली महायज्ञ में शामिल हुईं। सूरजपुर में गायत्री परिवार की ओर से महायज्ञ का आयोजन किया गया है। गायत्री परिवार के महायज्ञ में बड़ी संख्या में आस पास के जिलों से लोग शामिल होने आ रहे हैं। सीएम की पत्नी कौशल्या देवी से जब मीडिया ने पूछा कि उन्होंने मां गायत्री से क्या मांगा. कौशल्या देवी ने पत्रकारों के सवाल का बड़े ही सधे अंदाज में जवाब देते हुए कहा कि जो देना था सो मां ने बिना मांगे ही दे दिया। कौशल्या देवी ने कहा कि जब बिना मांगे ही मां ने मुझे सब दे

दिया फिर बस मां का आशीर्वाद ही लेना थो जिसके लिए हम यहां आए. शुक्रवार के दिन मुख्यमंत्री ने अपने कुलदेवता की भी पूजा विधि विधान से की थी।

गायत्री परिवार का आयोजनः सूरजपुर में इन दिनों बड़ा ही भव्य और धार्मिक माहौल बना हुआ है। सर्दी के बावजूद लोग खासकर महिलाएं गायत्री समाज के 108 कुंडली महायज्ञ में शामिल होने के लिए पहुंची। 108 कुंडली यज्ञ में आहुती देने के लिए हजारों हजार की संख्या में गांव से महिलाएं यहां पहुंची। सरगुजा संभाग में इन दिनों कड़ाके की सर्दी पड़ रही है. कड़ाके की सर्दी के बावजूद लोग यज्ञ में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने करने के लिए आए ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया।

सूरजपुर का माहौल हुआ भक्तिमयः 108 कुंडली गायत्री महायज्ञ में इस बार जो रौनक देखने को मिली वो इसके पहले नहीं मिली थी. बड़े लंबे वक्त के बाद सरगुजा संभाग में गायत्री महायज्ञ का आयोजन गायत्री परिवार की ओर से किया गया था. मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर जहां प्रशासन की तैयारी भी चाक चौबंद नजर आई।

परसाही रावत बाजार आज से

सीपत। समीप के ग्राम पंचायत परसाही में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 दिसंबर व 1 जनवरी को दो दिवसीय भव्य राउत बाजार का आयोजन किया गया है। आयोजन के संयोजक ओमगिरी गोस्वामी ने बताया कि व्यापारियों को व्यापार में राहत दिलाने के उद्देश्य पूर्व दो की भांति इस वर्ष भी बाजार का आयोजन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। व्यापारियों से किसी भी प्रकार की कोई बाजार शुल्क नही लिया जाएगा। यह आयोजन का गत तीसरा वर्ष होगा। जिसमें खाने पीने, मनोरंजन व श्रृंगार से लेकर हर प्रकार की व्यापारिक प्रतिष्ठाने शामिल होंगी। यदुवंशी नर्तक दल आकर्षक वेशभूषा में सज संवरकर दोहे के साथ गड़वा बाजा धुन व मुरली की पर अपने शौर्य का प्रदर्शन करेंगे। बाजार में अधिक से अधिक संख्या में व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है।